जबलपुर

शुक्रवार 15 मई 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -13

वर्ष : 21, अंक : 15

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 36

न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com











पाठक सूचना

हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

का सामान्य कूपन कल के अंक में देखें।










## खबर संक्षेप

### वीडी सतीशन होंगे केरलम के नए सीएम




**नई दिल्ली।** केरलम में वीडी सतीशन राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे। गुरुवार को प्रेस वार्ता के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने उनके नाम की घोषणा की है। सतीशन सोमवार को शपथ ग्रहण करेंगे। केरलम विधानसभा चुनाव के नतीजे 10 दिन पहले 4 मई को घोषित हुए थे। तब से कांग्रेस पार्टी में सीएम के नाम को लेकर कई अटकलें चल रही थीं। नए सीएम की घोषणा के बाद एआईसीसी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि मैं इस फैसले का पूरे दिल से स्वागत करता हूं। मैं वीडी सतीशन को इस पद के लिए बधाई देता हूं।

### स्वर्ण कांता शुरू करेंगी अवमानना की कार्यवाही



**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल सहित दो अन्य की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के खिलाफ मानहानिकारक आरोपों लगाने वाले प्रतिवादियों के खिलाफ अदालत ने अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का फैसला किया है। जस्टिस ने कहा कि इस पर चुप नहीं बैठ सकते। उन्होंने कहा कि अदालत ने कुछ प्रतिवादियों और अन्य अवमानना करने वालों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का फैसला किया है।

### शिवराज ने पीएम मोदी पर लिखी किताब 'अपनापन'




**भोपाल।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ अपने 35 वर्षों के अनुभवों पर आधारित पुस्तक 'अपनापन' की घोषणा की है। इस किताब में उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व, कार्यशैली, संगठन क्षमता और राष्ट्रसेवा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए हैं। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी।

---

अनुशासनहीनता पर भाजपा की सख्त कार्रवाई: पीएम मोदी की 'ईंधन बचत' अपील की अनदेखी पड़ी भारी

# भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने 100 से अधिक गाड़ियों की निकाली थी रैली, संगठन ने पद से 'हटाया'

पीएम और सीएम की पेट्रोल बचाओ अपील के बाद देश में पहली कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डीजल-पेट्रोल की खपत कम करने की अपील के बावजूद निकाली गई वाहन रैली को संगठन ने अनुशासनहीनता माना। मामले की जानकारी सामने आने के बाद प्रदेश भाजपा संगठन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जिलाध्यक्ष पद से हटाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।



सज्जन सिंह यादव काफिले के साथ

### पार्टी ने किया था जवाब तलब

मामला सामने आने के बाद भाजपा संगठन ने सज्जन सिंह यादव से चर्चा की। उनसे जवाब तलब किया तो सज्जन सिंह यादव ने पार्टी नेतृत्व को सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने किसी भी कार्यकर्ता या समर्थक को वाहन लेकर आने के लिए नहीं कहा था। लोग स्वेच्छा से काफिले में शामिल हुए थे और यह पार्टी के प्रति उनका उत्साह व प्रेम था।

पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष को भी नोटिस

### कार्यालय में प्रवेश सहित कई प्रतिबंध लगाए



सौभाग्य सिंह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पाठ्य पुस्तक निगम के नव नियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह को वाहन रैली निकालने पर सात एक्शन लिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

---

ओमान के तट पर भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुआ हमला

# होर्मुज के पास हुए हमले में भारतीय जहाज समंदर में डूबा, सभी 14 क्रू मेंबर सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी तनातनी के बीच होर्मुज स्ट्रेट से सटे ओमान तट पर गुजरात का एक और मालवाहक जहाज डूब गया। हाजी अली नाम का जहाज 13 मई की सुबह ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था, इसी दौरान उसपर ड्रोन या मिसाइल जैसा हथियार से हमला किया गया, हमले के बाद जहाज में आग लग गई। हालांकि, ओमान कोस्टगार्ड ने सभी 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया। भारत ने बुधवार को ओमान के तट पर भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि ऐसे हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक बयान अनुसार, बुधवार को ओमान के तट पर भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुआ हमला किसी भी हालत में मंजूर नहीं है।

एलपीजी लेकर आ रहे हाजी अली नाम के जहाज को निशाना बनाने पर भारत ने साफ कहा- इस तरह के हमले बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेंगे

भारत ने ओमान के उन अधिकारियों की सराहना की जिन्होंने सुरक्षा प्रदान कर लोगों की जान बचाई




» हमला किसने और क्यों किया, ड्रोन से हुआ या मिसाइल से फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया

» जैसे ही जहाज में आग लगी सभी भारतीय क्रू मेंबर सर्तकता दिखाते हुए लाइफ वोट का उपयोग कर बाहर आ गए

### कुछ टकराने की आवाज आई और धमाका हुआ

यह जहाज बेरबेरा पोर्ट से शारजाह जा रहा था। सुबह करीब 3:30 बजे ओमान के समुद्री तट के पास जहाज हादसे का शिकार हुआ। जहाज में सवार क्रू मेंबर्स ने बताया कि जहाज से किसी विस्फोटक जैसी चीज के टकराने की आवाज सुनाई दी थी।

### पहले भी भारतीय जहाज पर हुई थी फायरिंग

गौरतलब है कि इससे पहले 7 मई को होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा गुजरात के द्वारका का एक और मालवाहक जहाज एमएसवी एएल फैज नूरे सुलेमानी-1भी अमेरिका और ईरान नेवी के बीच फायररिंग का शिकार हुआ था।

### एक अन्य भारतीय जहाज पर कर लिया कब्जा

ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी (यूकेएमटीओ) ने होर्मुज स्ट्रेट के पास एक जहाज को कब्जाए जाने की सूचना दी है। जहाज लंगर डाले खड़ा था जिसे कब्जा लिया गया है। यूकेएमटीओ ने गुरुवार को बताया कि उसे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह बंदरगाह से 38 नॉटिकल मील (करीब 70 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में एक घटना की सूचना मिली है। खबरों के मुताबिक, लंगर डाले खड़े एक जहाज पर अनधिकृत लोगों ने कब्जा कर लिया और अब उसे ईरानी समंदर की ओर ले जाया गया। जहाज के नाम को लेकर फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

---

देवास की पटाखा फैक्ट्री में धमाका

# हादसे में 3 लोगों की मौत 25 अन्य घायल, शवों के टुकड़े 25 फीट दूर गिरे



घायलों को अस्पताल ले जाते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर से 20 किमी दूर एबी रोड स्थित टोंककलां ग्रामीण क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ, धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दीं। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गईं। गुरुवार सुबह 11 बजे लगभग हुए हादसे में 25 लोग घायल हुए। जिन्हें जिला नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। गंभीर घायलों को इंदौर के चोईथराम अस्पताल में रेफर किया गया। वहीं सामान्य घायलों को जिला अस्पताल देवास और अमलतास अस्पताल में भर्ती किया गया। मृतकों में धीरज पिता बग्गी राम पासवान (40) निवासी भवानीपुर थाना पुल्खा जिला अररिया (बिहार), सनी निवासी लखनऊ और सुमित निवासी गोखलपुर जिला अररिया बिहार शामिल है।

फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय हिरासत में, रासुका की कार्रवाई की गई

### सीएम ने जताया दुख, आर्थिक मदद का किया ऐलान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस हादसे में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। घायलों का निःशुल्क इलाज करने के लिए निर्देश दिए हैं। सीएम ने एक्स पर कहा कि मैंने जिले के प्रभारी एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, गृह सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों को घटना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

---

अमूल और मदर डेयरी ने बढ़ाए थे दाम

## आज से मप्र में सांची दूध भी दो रुपए तक महंगा




■ शहर में रोजाना करीब साढ़े 7.5 लाख लीटर सांची दूध की खपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमूल और मदर डेयरी के बाद अब सांची दुग्ध संघ ने भी दूध के दाम 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए हैं। नई दरें शुक्रवार 15 मई से लागू होंगी। फुल क्रीम गोल्ड दूध पहले 67 रुपए लीटर थे। अब वह 70 रुपए लीटर हो गया।

मंडप की रस्म के दिन दुल्हन की मौत

## मिलावटी हल्दी लगाने से सूजा चेहरा, उठी 'अर्थी'



■ परिजनों ने हल्दी का 10 रुपए का पैकेट खरीदा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के कसरावद क्षेत्र में हल्दी की रस्म के बाद गंभीर एलर्जी होने से 22 वर्षीय दुल्हन राखी की मौत हो गई। बाजार से खरीदी गई खुली हल्दी लगाने से युवती का चेहरा सूज गया और गले में तेज जलन शुरू हो गई।

खंडवा, खरगौन, रतलाम व नौगांव में लू चली

## प्रदेश के 9 जिलों में 44 से 45 डिग्री पर पारा



■ भोपाल में पारा बढ़कर 43.4 डिग्री दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी गर्मी का पारा बढ़ रहा है। गुरुवार को खंडवा, खरगौन, रतलाम और नौगांव में लू का असर रहा। कुल 9 जिलों में पारा 44 से 45 डिग्री तक रहने से प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है।

## मप्र में मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज



### केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मिले मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिल्ली दौरे ने प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से महत्वपूर्ण मुलाकात की, जिसे राज्य में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले अपने दिल्ली प्रवास के दौरान सीएम डॉ. यादव ने भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भी भेंट की थी।

---

नीट पेपर लीक केस: महाराष्ट्र और राजस्थान में बड़ी कार्रवाई

## पुणे का डॉक्टर हिरासत में राजस्थान में 15 गिरफ्तार

पेपर सबसे पहले नासिक निवासी और आयुर्वेद के छात्र शुभम खैरनार को बेचा गया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली नीट-यूजी 2026 की परीक्षा को पेपर लीक के गंभीर आरोपों के बाद मंगलवार को रद्द कर दिया गया। इस पेपर लीक का केंद्र महाराष्ट्र का पुणे बताया जा रहा है, जहां से इसके तार कई अन्य राज्यों तक फैले होने की आशंका है। जांच के अनुसार, पेपर सबसे पहले नासिक निवासी और आयुर्वेद के छात्र शुभम खैरनार को बेचा गया था।



जयपुर में आरोपी

---

भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष पर दागे कई सवाल, पूछा-फंडिंग कौन कर रहा है?

कई बार राहुल गांधी ने सुरक्षा व्यवस्था से बचकर भी यात्रा की

# 54 विदेशी दौरों पर 60 करोड़ खर्च किए इतनी भारी-भरकम रकम कहां से आई

कुछ विदेश यात्रा पर जाने से पहले सरकार से अनुमति भी नहीं लेते थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के सांसद संबित पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर कई दावे किए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पिछले 22 सालों से निर्वाचित पद पर हैं और इस दौरान उन्होंने कई विदेश यात्राएं की हैं।

संबित पात्रा के अनुसार, राहुल गांधी अब तक लगभग 54 विदेश यात्राएं कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन यात्राओं में इटली, ब्रिटेन, अमेरिका, मालदीव, कतर, मस्कट और ओमान जैसे देशों के दौरे शामिल हैं। उन्होंने दावा किया कि इनमें से ज्यादातर यात्राओं का रिकॉर्ड सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है और उनसे जुड़ी जानकारी, फोटो और यात्रा से जुड़ी डिटेल भी सामने हैं। संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी की विदेश यात्राओं की फंडिंग को लेकर पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं है। उन्होंने दावा किया कि एक अनुमान के मुताबिक 2004 से 2026 के बीच राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर करीब 60 करोड़ रुपये खर्च हुए होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हर विदेश यात्रा में राहुल गांधी के साथ 3 से 4 लोग भी जाते थे।



संबित पात्रा



राहुल गांधी

### राहुल की ज्यादातर विदेश यात्राएं ऑन रिकॉर्ड

भाजपा सांसद ने कहा कि राहुल गांधी की ज्यादातर विदेश यात्राएं ऑन रिकॉर्ड हैं। इनमें प्रेस ट्रिप, संसद से जुड़े रिकॉर्ड और फोटो भी मौजूद हैं। लेकिन इन यात्राओं की फंडिंग को लेकर कोई सार्वजनिक जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने सवाल पूछा कि इन यात्राओं का खर्च किसने उठाया और क्या इसकी पूरी जानकारी देश के सामने रखी गई है। संबित पात्रा ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी कई बार विदेश यात्रा पर जाने से पहले सरकार से अनुमति नहीं लेते थे।

सीएम सुवेंदु ने किए 5 बड़े फैसले

# स्कूलों में वंदे मातरम किया अनिवार्य, पशु वध पर लगाई रोक, बांग्लादेश सीमा पर होगी फेंसिंग, आयुष्मान योजना और बीएनएस को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी लगातार बड़े और निर्णायक फैसले लेते नजर आ रहे हैं। स्कूलों में 'वंदे मातरम' को अनिवार्य करने से लेकर सार्वजनिक जगहों पर पशु वध पर सख्ती, बांग्लादेश सीमा पर फेंसिंग, आयुष्मान भारत योजना लागू करने और भारतीय न्याय संहिता (बीएमएस) लागू करने जैसे कदम उठाए हैं।

लगातार और निर्णायक फैसले कर रहे मुख्यमंत्री

### स्कूलों में वंदे मातरम अनिवार्य


सीएम सुवेंदु अधिकारी

सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार राज्य के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में सुबह की सभा के दौरान राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का गायन अनिवार्य होगा। स्कूल शुरू होने पर होने वाली सभा में प्रत्येक छात्र को राष्ट्रगीत के गायन में भाग लेना होगा। संस्थानों के प्रमुखों को सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया गया है। अगले सोमवार से प्रार्थना गीत के रूप में 'वंदे मातरम' होगा।

### बूचड़खानों पर सख्ती, खुले में पशु वध नहीं होगा

सरकार ने पशु वध को लेकर सख्त नियम लागू करते हुए नया संशोधित नोटिस जारी किया है। सरकार ने 1950 के पश्चिम बंगाल एनिमल स्लॉटर कंट्रोल एक्ट और 2018 के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी गाय या भैंस का वध बिना आधिकारिक फिटनेस सर्टिफिकेट के नहीं किया जा सकेगा।

### बांग्लादेश सीमा जमीन सुरक्षित होगी

कैबिनेट ने बीएसएफ को बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने का फैसला लिया है। सुवेंदु ने कहा कि बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन देना उनके प्रमुख प्रस्तावों में से एक था।

### केंद्र सरकार की सभी योजनाएं लागू होंगी

केंद्र की आयुष्मान योजना को बंगाल में लागू कर दिया गया है। पहली कैबिनेट बैठक में इस योजना को लागू करने का वादा किया था। 'जन आरोग्य योजना' और प्रधानमंत्री की अन्य योजनाएं भी यहां लागू की जाएंगी।

### भारतीय दंड संहिता के सभी कानून लागू होंगे

बंगाल सरकार ने सोमवार से पुरानी भारतीय दंड संहिता को त्याग कर बीएमएस को लागू करने का फैसला लिया है। केंद्र के 16 जून 2025 के जनगणना निर्देश को बंगाल में तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्णय लिया गया।

### भाजपा के रथींद्र बोस बनेंगे विधानसभा अध्यक्ष

भाजपाके नवनिर्वाचित विधायक रथींद्र बोस को पश्चिम बंगाल की



18वीं विधानसभा के अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया गया है। बोस कूच बिहार दक्षिण विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। सुवेंदु ने कहा किउम्मीद है कि रथींद्र बोस की उम्मीदवारी को सभी दलों का समर्थन मिलेगा।

सत्ता संभालते ही सीएम विजय का ऐलान

### 16 लाख कर्मचारियों और पेंशनर्स का 2% बढ़ाया महंगाई भत्ता

**चेन्नई।** सीएम विजय ने तमिलनाडु के सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों, पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स के




लिए महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत बढ़ोतरी का ऐलान किया। अब डीए 60 प्रतिशत हो गया है। 1 जनवरी 2026 से प्रभावी माना है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि इससे करीब 16 लाख सरकारी कर्मचारी, शिक्षक, पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स लाभान्वित होंगे।

## खबर संक्षेप

### ट्रक में घुसी स्कार्पियो परिवार के 4 की मौत


**बांदा।** जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर स्कॉर्पियो गैस सिलेंडर लदे ट्रक से जा भिड़ी।



हादसे में स्कॉर्पियो के चालक सहित 4लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 20 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा सभी मृतक और घायल आजमगढ़ के रामगढ़ के रहने वाले एक ही परिवार के सदस्य हैं, जो कबरई जा रहे थे।

### गृह मंत्री शाह से मिले सीएम योगी, चर्चा की

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार के बाद राजनीतिक सरगर्मी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने



गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। करीब एक घंटे चली इस बैठक में नए मंत्रियों को विभाग आवंटन और 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। विभागों के बंटवारे पर फैसला हो गया है।

### अनिल के 7 ठिकानों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने कहा कि उसने रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों में से एक रिलायंस



कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ दर्ज मामले के संबंध में 7परिसरों पर तलाशी ली है। ब्यूरो ने कहा कि ये परिसर मुंबई, गुरुग्राम और बेंगलूरू में फैले हुए थे। यह तलाशी अभियान कंपनी के तत्कालीन सीईओ, सीएफओ और निदेशकों के आवासीय परिसरों पर चला।

### मणिपुर के 3 जिलों में बंद से जनजीवन प्रभावित


**इंफाल।** मणिपुर में चर्च के 3 पदाधिकारियों और एक नागरिक की हत्या के विरोध में कुकी-जो



और नागा समुदायों द्वारा बुलाए गए बंद का असर 3 जिलों में देखा गया। कांगपोकपी, चुराचांदपुर और चंदेल जिलों में बंद का असर सबसे ज़्यादा देखा गया। सरकारी दफ़्तरों में कर्मचारियों की हाज़िरी बहुत कम रही, जबकि शिक्षण संस्थान बंद रहे।

### यूसीसी: रुड़की में दर्ज पहली एफआईआर

**हरिद्वार।** जिले के रुड़की में देश पहला हलाला का मामला सामने आया है जिसमें पुलिस ने यूसीसी



के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही चार्जशीट भी फाइल कर दी है। भगवानपुर से बड़ा मामला सामने आया है। बुग्गावाला थाना क्षेत्र के मुजाहिदपुर बंदरजूड गांव में दर्ज दहेज उत्पीड़न और 3 तलाक मामले की जांच के दौरान पुलिस ने चार्जशीट में शामिल किया है।

ईसीआई ने की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषणा

# देश के 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू होगा एसआईआर का अगला चरण

## मतदाता सूचियों की सटीकता और पारदर्शिता को मजबूत किया जाएगा


सीआईसी ज्ञानेश कुमार

**36.73** करोड़ मतदाता और 3.42 लाख बीएलए होंगे

इससे मतदाता सूची साफ- सुथरी बनेगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत करने की घोषणा की। आयोग ने कहा कि यह एक बड़ा देशव्यापी अभियान होगा, जिसका उद्देश्य मतदाता सूचियों की सटीकता और पारदर्शिता को मजबूत करना है।आयोग के अनुसार, एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम वर्तमान में जनगणना के तहत चल रहे मकानों की सूचीकरण प्रक्रिया में लगी साझा फील्ड मशीनरी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है। तीसरे चरण की शुरुआत के साथ एसआईआर प्रक्रिया पूरे देश में प्रभावी रूप से लागू हो जाएगी, हालांकि इसमें हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख शामिल नहीं होंगे।

### सहभागी और पारदर्शी प्रक्रिया बताया

ईसीआई ने एसआईआर को एक 'सहभागी और पारदर्शी प्रक्रिया' बताया है, जिसमें कई स्तरों पर मतदाता, राजनीतिक दल और चुनाव अधिकारी शामिल होते हैं। आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे संशोधन प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता, समावेशिता और प्रभावी जांच सुनिश्चित करने के लिए हर मतदान केंद्र पर बूथ स्तर के एजेंट नियुक्त करें।

### सूची को त्रुटिमुक्त बनाया जाएगा

इस गहन संशोधन अभियान का उद्देश्य डुप्लीकेट, स्थानांतरित, मृत या अयोग्य नामों की पहचान करके मतदाता सूची को सही और त्रुटि-मुक्त बनाना है।सभी पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने की प्रक्रिया को आसान बनाना है।

### अपील...नागरिक प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लें

ज्ञानेश ने 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर के तीसरे चरण की शुरुआत के अवसर पर कहा कि मैं सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे एसआईआर के तीसरे चरण में पूरे उत्साह के साथ भाग लें और अपने गणना फॉर्म भरें। एसआईआर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची में केवल पात्र मतदाता ही शामिल हों और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम न रहे। पहले दो चरणों में आदेश जारी होने की तारीख तक लगभग 59 करोड़ मतदाता शामिल थे।

### मौसम के कारण 3 क्षेत्रों का कार्यक्रम बाद में तय होगा

आयोग ने कहा कि तीन क्षेत्रों का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। यह निर्णय जनगणना के दूसरे चरण के पूरा होने और ऊंचाई वाले तथा बर्फ से ढंके क्षेत्रों में मौसम संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे इस संशोधन अभियान के तहत 3.94 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) गणना चरण में लगभग 36.73 करोड़ मतदाताओं का घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। इन बीएलओ की मदद विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नामित लगभग 3.42 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) करेंगे।

### हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में तारीख तय नहीं

चुनाव आयोग ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में फिलहाल यह कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। आयोग के अनुसार इन क्षेत्रों में जनगणना के दूसरे चरण और मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए बाद में कार्यक्रम जारी होगा।

### मतदाता सूची का विस्तृत कार्यक्रम

- उड़ीसा, मिज़ोरम, सिक्किम और मणिपुर की अंतिम मतदाता सूची 6 सितंबर को जारी की जाएगी।
- दादरा नगर हवेली और दमन दीव की अंतिम मतदाता सूची 11 सितंबर को प्रकाशित होगी।
- उत्तराखंड की 15 सितंबर को पब्लिश होगी।
- आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़ का फाइनल रोल 22 सितंबर को आएगा।
- तेलंगाना और पंजाब की अंतिम मतदाता सूची 1 अक्टूबर को आएगी।
- कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली की अंतिम मतदाता सूची 7 अक्टूबर को जारी होगी।
- नगालैंड की अंतिम मतदाता सूची 22 नवंबर को तो त्रिपुरा की अंतिम मतदाता सूची 23 दिसंबर को आएगी।

चुनाव के बाद हिंसा की सुनवाई

# हाईकोर्ट में बतौर वकील पेश हुईं ममता,बाहर लगे चोर-चोर के नारे



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में एक वकील के तौर पर पेश हुईं। वे विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद हुई हिंसा से जुड़ी एक जनहित याचिका पर बहस करने के लिए पहुंची थीं। इसके बाद जब ममता जब अदालत से बाहर आईं तो उनके खिलाफ 'चोर-चोर' के नारे लगाए गए। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को तुरंत संभाल लिया।टीएमसी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा -हमारी अध्यक्ष ममता स्वयं कलकत्ता उच्च न्यायालय पहुंचीं।

### देश में उनके जैसा नेता नहीं: टीएमसी

उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया है कि कौन सी बात उन्हें दूसरों से अलग बनाती है।वे बंगाल की जनता को उनकी जरूरत के समय कभी नहीं छोड़तीं। वे सत्य, न्याय और संवैधानिक मूल्यों के लिए लड़ना कभी नहीं छोड़तीं। और बार-बार, वे अतुलनीय करुणा, साहस और दृढ़ विश्वास के साथ नफरत की राजनीति से ऊपर उठ खड़ी होती हैं। चाहे एसआईआर के अन्याय का सामना करना हो या भाजपा के अनियंत्रित आचरण के खिलाफ मजबूती से खड़े रहना हो, वे लगातार यह साबित करती हैं कि आज देश में उनके जैसा कोई नेता नहीं है।

### बीसीआई ने 48 घंटे में मांगी रिपोर्ट



बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने बंगाल बार काउंसिल से राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की वकालत और पेशेवर स्थिति को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। बीसीआई ने यह रिपोर्ट 48 घंटे के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई तब सामने आई जब ममता बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील की वेशभूषा में एक मामले की सुनवाई के दौरान पेश हुईं। यह मामला कथित चुनाव बाद हिंसा और पार्टी कार्यालयों पर हमलों से जुड़ा हुआ था।

### रिकॉर्ड दें, एनरोलमेंट की जांच शुरू की

बीसीआई ने बंगाल बार काउंसिल को भेजे पत्र में कहा है कि ममता के नामांकन, वकालत की स्थिति और कार्यकाल के दौरान किसी भी प्रकार के निलंबन या पुनः बहाली से जुड़े सभी रिकॉर्ड उपलब्ध कराए जाएं। कार्यकाल के दौरान पेशेवर स्थिति को समझने के लिए आवश्यक है।

दिल्ली हाईकोर्ट में ईडी का दावा

# रॉबर्ट वाड्रा ने हलफनामा में झूठे व गलत तर्क पेश किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट से गुरुवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका



गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को बड़ा झटका लगा। प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने गुरुवार को हाई कोर्ट को बताया कि वाड्रा ने अपने खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले का संज्ञान लेने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अपनी याचिका में झूठे और गलत बयान दिए हैं।

### वाड्रा की दलील तथ्यात्मक रूप से भ्रामक

ईडी की ओर से अधिवक्ता जोहेब हुसैन अदालत में पेश हुए और वाड्रा की उस दलील का विरोध किया, जिसमें कहा गया था कि जिन अपराधों का उन पर मूल मामले में आरोप लगाया गया है, उन्हें 2008 और 2012 के बीच कथित अपराध के घटित होने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम की अनुसूची में जोड़ा गया था। वाड्रा की यह दलील तथ्यात्मक रूप से गलत है।

कर्नाटक में यूनिफॉर्म में हिजाब की मंजूरी

# भाजपा ने उठाए सवाल, कांग्रेस धार्मिक विभाजन को बढ़ा रही

बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार की ओर से 2022 के यूनिफॉर्म आदेश को वापस लेने



और स्कूलों-कॉलेजों में हिजाब समेत सीमित धार्मिक प्रतीकों की अनुमति देने के फैसले पर सियासत तेज हो गई है। भाजपा के नेताओं ने इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए वोट बैंक की राजनीति, धार्मिक आधार पर विभाजन करने का आरोप लगाया।

### बिना मांग गंभीर गलती की: विधायक तेंगिंकाई

भाजपा विधायक महेश तेंगिंकाई ने कहा कि यह फैसला गंभीर गलती है और इसकी कोई मांग नहीं थी। कांग्रेस सरकार स्कूलों और कॉलेजों में अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक समुदायों के बीच अनावश्यक विवाद पैदा करने की कोशिश कर रही है। तेंगिंकाई ने कहा कि 2022 में जब भाजपा सरकार सत्ता में थी, तब अदालतों ने भी ड्रेस कोड को सख्ती से लागू करने के पक्ष को सही ठहराया था।

शराब घोटाले में भड़कीं दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता

नहीं रोके तो अराजकता फैल जाएगी

# केजरीवाल, मनीष के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कांता ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और विनय मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है। केजरीवाल ने अदालत का मजाक उड़ाया, डराने की कोशिश की।

### आदेश में यह कहा

### कार्यवाही को पूर्वाग्रह से संबंधित बताया था

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि किसी न्यायालय में रिक्यूजल याचिका पर फैसले के समय विवाद की आशंका रहती है और इस



न्यायालय में आवेदन की सुनवाई करते समय इस समझ के साथ कार्यवाही की गई कि मुद्दा पूर्वाग्रह से संबंधित है। अदालत ने पाया कि सोशल मीडिया पर एक अभियान चलाया जा रहा था। सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही सामग्री भी कोर्ट के संज्ञान में आई। रिक्यूजल याचिका पर सुनवाई के दौरान भी कुछ प्रतिवादी इन कॉंटेंट को शेयर कर रहे थे।

तेलंगाना में आदर्श को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक में गोल्ड की धोखाधड़ी

# 16 फर्जी खातों से 1.80 करोड़ का गोल्ड लोन का गबन

## प्रबंधक फरार, पत्नी और दोस्त गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेलंगाना में आदर्श को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक की मेडक ब्रांच में धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां के बैंक मैनेजर पर आरोप है कि उसने नकली गोल्ड लोन देकर और जमा किए गए कैश को दूसरी जगह भेजकर बैंक के साथ धोखाधड़ी की। पुलिस ने बताया कि आरोपी मैनेजर, जिसकी पहचान अनिल के रूप में हुई है। वह फिलहाल फरार है। पुलिस ने इस घोटाले में शामिल होने के लिए अनिल की पत्नी और उसके दोस्त सुब्रमण्यम को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अनिल का पता लगाने विशेष टीमें बनाई गई हैं। पुलिस ने कहा है कि उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



### मैनेजर को सट्टेबाजी में हुआ था नुकसान

अनिल को ऑनलाइन सट्टेबाजी की लत थी और उसे इसमें भारी आर्थिक नुकसान हुआ था। पैसे की भरपाई करने के लिए उसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एक बड़ी धोखाधड़ी की योजना बनाई। पुलिस ने बताया कि अनिल ने अपनी पत्नी, करीबी दोस्तों और जान-पहचान के लोगों के आधार और पैन कार्ड की जानकारी का इस्तेमाल करके 16 बैंक खाते खोले।

### पुलिस ने धर-पकड़ की कार्रवाई तेज की

अनिल इससे पहले आंध्र प्रदेश में भी धोखाधड़ी में शामिल था। तेलंगाना के मेडक में शिकायतें मिलने के बाद बैंक अधिकारियों ने एक विस्तृत आंतरिक जांच की, जिसके बाद इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस प्रबंधक की धर-पकड़ के लिए कार्रवाई कर रही है।

### 31.35 लाख रुपए का दुरुपयोग भी किया

उसने एक-एक ग्राम के छोटे-छोटे नकली सोने के गहनों को कीमती और असली सोने के गहने बताकर बैंक से गोल्ड लोन दिलाया। इस तरीके से, उसने लगभग 1.49 करोड़ रुपये के लोन दिलाए। इसके अलावा अनिल पर एटीएम के जरिए जमा किए गए कैश को दूसरी जगह भेजने का भी आरोप है। जांच के दौरान, पुलिस ने पाया कि ग्राहकों द्वारा जमा किए गए लगभग 31.35 लाख रुपए का गलत इस्तेमाल किया गया।

सबरीमाला रेफरेंस मामला

# सुप्रीम कोर्ट में पूरी हुई सुनवाई कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सबरीमाला रेफरेंस केस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली है। कोर्ट की 9




जजों वाली संविधान पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस केस में 16 दिन की मैराथन सुनवाई हुई थी। यह मामला केवल सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि देश में धार्मिक स्वतंत्रता, समानता और संवैधानिक अधिकारों की सीमा तय करने वाला बड़ा संवैधानिक विवाद बन चुका है।

### सीजेआई की बेंच ने की सुनवाई

सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की बेंच ने की। 2018 में सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की बेंच ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक को असंवैधानिक बताया था। इसके खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं दायर हुईं, बाद में मामला बड़ी संविधान बेंच को भेजा गया।

उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव

# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड





प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हमें स्वदेशी को अपना स्वाभिमान बनाना है। इसे अपनाना केवल सामान खरीदने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक स्वदेशी सामान खरीदें। यह छोटा कदम देश की बड़ी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

HOUSE OF HIMALAYAS

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद अब दुनिया की पहली पसंद

## हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरुप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरू की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरूआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

**बेहतर गुणवत्ता :** हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



ODTP
ONE DISTRICT TWO PRODUCTS UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रुद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।




## देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआई) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी




बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रूपांकन बनाते हैं।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रूपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प




रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण




ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच हुई बैठक अभियान के समय तालमेल, एक-दूसरे की प्रणाली के साथ मिलकर काम करने की क्षमता प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग पर केंद्रित थी

## भारत-ऑस्ट्रेलिया की वायु सेनाओं की अहम बैठक

# दोनों देशों के बीच एयरोस्पेस और रक्षा सहयोग मजबूत करने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स ने 'भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग' पर चर्चा की है। यह चर्चा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रक्षा संबंधों के बीच हुई है। दोनों वायु सेनाओं के बीच हाल ही में 12वीं एयर स्टाफ वार्ता कैनबरा में हुई। यह वार्ता दोनों देशों के बीच अभियान के समय तालमेल, एक-दूसरे की प्रणाली के साथ मिलकर काम करने की क्षमता (इंटरऑपरेबिलिटी), प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग पर केंद्रित थी।

### दोनों देशों के बीच 12वीं एयर स्टाफ वार्ता ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में हुई


12वीं एयर स्टाफ वार्ता के दौरान दोनों देशों के एयर वाइस मार्शल

### हिंद-प्रशांत महासागर में साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध

आईएएफ ने बयान में कहा है कि 12वीं एयर स्टाफ वार्ता में दोनों वायु सेनाओं ने ऑपरेशनल तालमेल बढ़ाने, संयुक्त अभ्यास, एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग समझौते, प्रशिक्षण और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करने और भविष्य के लिए तैयार हिंद-प्रशांत साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

### वायु शक्ति संवाद को आगे बढ़ाएंगे

ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायु सेना के उप प्रमुख एयर वाइस मार्शल स्टीवन पेस ने कैनबरा और ब्रिस्बेन में भारतीय वायु सेना के एयर वाइस मार्शल संजीव तालियान की मेजबानी की। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और पेशेवर वायु शक्ति संवाद को आगे बढ़ाया गया।


एयर वाइस मार्शल संजीव तालियान और एयर वाइस मार्शल स्टीवन पेस

### एमक्यू-28 घोस्ट बैट क्यों खास है?

एमक्यू-28 घोस्ट बैट एक 'फोर्स मल्टीप्लायर' है, यानी यह आधुनिक वायु शक्ति प्रणाली को और ज्यादा मजबूत बनाता है। इसकी खुली प्रणाली (ओपन सिस्टम) डिजाइन से मिशन में लचीलापन आता है।


### 40 फीट की ऊंचाई पर काम करने में सक्षम

एमक्यू-28 की एक खासियत इसका टुकड़ों में बनने वाला (मॉड्यूलर) डिजाइन है, जिससे मिशन वाला आगे का हिस्सा (नोज सेक्शन) बदलकर उसमें अलग-अलग उपकरण तेजी से लगाए जा सकते हैं। बोइंग के अनुसार यह 2,000 नॉटिकल मील से ज्यादा दूरी तक उड़ान भर सकता है, मैक 0.9 तक की गति से उड़ सकता है और 40 हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर काम कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया में पिछले आठ वर्षों में विकसित इस प्रणाली को बोइंग ने 'दुनिया का सबसे परिपक्व सहयोगी लड़ाकू विमान' बताया है।

## खबर संक्षेप

### बलूचिस्तान में पाक मेजर समेत 5 सैनिकों की मौत

**कराची।** बलूचिस्तान में पाकिस्तान सेना ने एक बड़े संयुक्त अभियान में सात लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया है।



इस कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के एक मेजर समेत पांच सैनिकों की भी मौत हो गई। पाकिस्तान सेना की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार अभियान के तहत सुरक्षा बलों और लड़ाकों के बीच बरखान जिले में मुठभेड़ हुई थी।

### कुलगाम में महिला समेत 3 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम जिले में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक इंटरस्टेट



नारकोटिक्स नेटवर्क का भंडाफोड़ कर इलाके में लगातार एंटी-ड्रग आपरेशन के दौरान एक महिला मादक पदार्थ तस्कर को उसके दो साथियों समेत गिरफ्तार किया। महिला व अन्य के पास कुल 15.3 ग्राम हेरोइन मिली।

### प्रतिभा पारकर पनामा में भारतीय राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** आईएफएस बैच 2000 की अधिकारी प्रतिभा पारकर को पनामा रिपब्लिक में भारत की



अगली राजदूत नियुक्त किया गया है। फिलहाल वह विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी संभाल रही हैं और जल्द ही नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। प्रतिभा ने शुरुआत रूस में भारतीय दूतावास में विदेश सेवा से की थी।

### अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नए अध्यक्ष बने केविन वॉर्श

**वॉशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी के अनुभवी आर्थिक सलाहकार और पूर्व इन्वेस्टमेंट बैंकर केविन वॉर्श



को अमेरिकी की फेडरल रिजर्व का नया अध्यक्ष चुन लिया गया है। सीनेट में हुए एक कड़े मुकाबले वाले मतदान में केविन वॉर्श को 54-45 के बहुमत से मंजूरी मिली। केविन वार्श एक पूर्व इन्वेस्टमेंट बैंकर, आर्थिक सलाहकार हैं।

## लाल किला मेट्रो स्टेशन कार धमाका

# एनआईए ने कोर्ट में दाखिल की 7500 पन्नों में चार्जशीट


लाल किला दिल्ली बम धमाका फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को नई दिल्ली की एक विशेष अदालत में दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास 10 नवंबर 2025 की शाम को हुए कार बम धमाके के मामले में 7,500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। एजेंसी ने 1इस हमले में कथित संलिप्तता के लिए 10 लोगों को नामजद किया है। इस हमले में 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे।

एनआईए के अनुसार, सहित सभी 10 आरोपी संगठन 'अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीयूएच)' से जुड़े थे, जिसे अल-कायदा से प्रेरित संगठन बताया गया है। मुख्य आरोपी उमर उन नबी की इस धमाके में मौत हो गई थी। उसके अलावा नौ अन्य आरोपियों के नाम भी चार्जशीट में शामिल किए गए हैं जिनमें आमिर मीर, जसीर वानी, डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. अदील राथर, डॉ. शाहीन सईद आदि शामिल हैं।

### विस्फोटक आरोपियों ने तैयार किया था

एनआई की जांच में सामने आया कि कुछ आरोपी कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित मेडिकल प्रोफेशनल थे। 2022 में श्रीनगर में हुई एक गुप्त बैठक में उन्होंने एजीयूएच अंतरिम नाम से संगठन को फिर सक्रिय किया और 'ऑपरेशन हेवनली हिंद' कोडनेम' शुरू किया था। इस कोडनेम के तहत, आरोपियों ने नए सदस्यों की भर्ती की। एजीयूएच की हिंसक जिहादी विचारधारा का सक्रिय रूप से प्रचार किया, हथियार और गोला-बारूद जमा किया, और बाजार में आसानी से मिलने वाले रसायनों का उपयोग करके बड़े पैमाने पर विस्फोटक बनाए। धमाके में इस्तेमाल टीएटीपी विस्फोटक आरोपियों ने खुद तैयार किया था।

### केरल में मिले विस्फोटक की एनआईए जांच करेगा

एनआईए ने 7 फरवरी 2026 को केरल के मलप्पुरम जिले के तिरुरंगडी के पास चेम्माड इलाके में प्याज से लदे एक ट्रक से 89,600 जिलेटिन छड़ें और 10,500 नॉन-इलेक्ट्रिक शॉक ट्यूब डेटोनेटर बरामद होने के मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। एनआई ने पिछले महीने इस मामले की जांच शुरू की थी और हाल ही में परप्पनंगडी की न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अदालत से केस रिकॉर्ड को कोच्चि स्थित विशेष एनआईए अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की है। तिरुरंगडी पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि मामला अब केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंप दिया गया है।

## ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# चुनौतीपूर्ण वैश्विक हालातों के बीच ब्रिक्स पर टिकी दुनिया की नजर, वैश्विक स्थिरता के लिए 'अहम'

दुनिया में बहुपक्षीय सहयोग और कूटनीतिक संवाद जरूरी

उभरते बाजारों और विकासशील देशों को ब्रिक्स से उम्मीद

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि उभरते बाजारों और विकासशील देशों की उम्मीदें ब्रिक्स से बढ़ी हैं और संगठन से वैश्विक स्थिरता में रचनात्मक और संतुलनकारी भूमिका निभाने की अपेक्षा की जा रही है


बैठक को संबोधित करते जयशंकर


पीएम मोदी के साथ ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वैश्विक हालात, आर्थिक चुनौतियों और बदलती अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के बीच ब्रिक्स की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया। बैठक में अपने संबोधन में जयशंकर ने कहा कि दुनिया इस समय काफी अनिश्चित और जटिल दौर से गुजर रही है, जहां लगातार संघर्ष, आर्थिक अस्थिरता, व्यापार और तकनीक से जुड़ी चुनौतियां वैश्विक परिदृश्य को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में उभरते बाजारों और विकासशील देशों की उम्मीदें ब्रिक्स से बढ़ी हैं और संगठन से वैश्विक स्थिरता में रचनात्मक और संतुलनकारी भूमिका निभाने की अपेक्षा की जा रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि ब्रिक्स देशों के बीच यह बैठक सिर्फ औपचारिक संवाद नहीं, बल्कि वैश्विक और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचार साझा करने और साझा रणनीति विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

### एक मंच पर ब्रिक्स विदेश मंत्री



बैठक में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री

### भारत की अध्यक्षता में 80 से अधिक ब्रिक्स बैठक

जयशंकर ने बताया कि भारत की अध्यक्षता में अब तक 80 से अधिक ब्रिक्स बैठकों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें सभी सदस्य देशों ने सक्रिय भागीदारी की है। इन बैठकों के जरिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने और संवाद को आगे बढ़ाने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत ब्रिक्स को अधिक समावेशी और सहयोगात्मक मंच बनाने के लिए साझेदार देशों के साथ लगातार संपर्क और संवाद बनाए हुए है।

### विकास से जुड़े मुद्दे अब भी चिंता का विषय

विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर विकास से जुड़े मुद्दे अब भी बड़ी चिंता बने हुए हैं। कई देश ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य संकट, उर्वरक उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं और वित्तीय संसाधनों तक पहुंच जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स इन देशों को प्रभावी समाधान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने आर्थिक मजबूती और सप्लाई चेन की विश्वसनीयता पर भी जोर दिया।

### नए सदस्य देशों का आना अहम

जयशंकर ने ब्रिक्स के संस्थागत विकास और नए सदस्य देशों के एकीकरण को भी अहम बताया। जयशंकर ने कहा कि संगठन के विस्तार के साथ उसके मौजूदा ढांचे और तंत्र को अपडेट करने पर चर्चा आगे बढ़ाई गई है।

### जलवायु परिवर्तन गंभीर चुनौती

जयशंकर ने जलवायु परिवर्तन को एक गंभीर वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि सतत विकास को आगे बढ़ाने के साथ समानता और साझी लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों के सिद्धांतों का पालन जरूरी है। उन्होंने तेजी से बदलती तकनीकों का जिक्र करते हुए कहा कि तकनीकी बदलाव वैश्विक शासन और आर्थिक ढांचे को प्रभावित कर रहे हैं।

## भविष्य की सैन्य तैयारियों के लिए उठाया अहम कदम

# संयुक्त सैन्य क्षमता मजबूत करने के लिए थल सेना और नौसेना के बीच समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में भारतीय सेना और भारतीय नौसेना ने 'मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन ऑन अफिलिएशन' को मंजूरी दी है। गुरुवार को दोनों सेनाओं के बीच 'संबद्धता समझौता ज्ञापन' पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य थलसेना और नौसेना के बीच बेहतर तालमेल, आपसी समझ और संयुक्त कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है। बदलते युद्ध स्वरूप को देखते हुए इसे भविष्य की सैन्य तैयारियों के लिए अहम कदम माना जा रहा है।


भारतीय सेना और नौसेना के बीच एमओयू

### आधुनिक सैन्य क्षमता पर जोर

सैन्य बलों के अनुसार यह समझौता भारतीय सशस्त्र बलों के बीच संयुक्तता, एकीकरण और बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसका उद्देश्य भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप आधुनिक, एकीकृत और बहु-आयामी सैन्य क्षमता विकसित करना है।

## ईडी की गेम्सक्राफ्ट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# पीएमएलए मामले में 526 करोड़ रु. की जमा राशि पर लगा दी रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्सक्राफ्ट के खिलाफ धन शोधन मामले में तलाशी अभियान पूरा करने के बाद 526 करोड़ रुपए की बैंक जमा राशि पर रोक लगा दी है और 3.5 करोड़ रुपए के सोने के आभूषणों के साथ 11 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बेंगलुरु स्थित कंपनी के खिलाफ सात मई को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और कर्नाटक की राजधानी में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। छापेमारी 13 मई को समाप्त हुई। छापेमारी के बाद, ईडी ने कंपनी के तीन संस्थापकों दीपक सिंह, पृथ्वी राज सिंह और विकास तनेजा को गिरफ्तार किया था। यह ऑनलाइन रियल-मनी गेम्स जैसे 'रमीकल्चर', रमीटाइम ऐप का मालिक है। वहीं अन्य मामले में ईडी ने जिगार्ड टेक्नोलॉजीज़ प्रा. लि. के खिलाफ चल रही जांच के सिलसिले में दिल्ली, गुजरात, मप्र. के इंदौर और जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में रेड की है।

## बीएसएफ मुख्यालय बम धमाका मामला

# आरोपी ने पाक खुफिया एजेंसी के इशारे पर किया था ब्लास्ट, अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ जालंधर

जालंधर स्थित बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर मुख्यालय के बाहर 5 मई की रात हुए आईईडी ब्लास्ट मामले में पुलिस और खुफिया एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। इस आतंकी साजिश के मुख्य संदिग्ध को दिल्ली से हिरासत में लिया गया है। यह कार्रवाई पंजाब पुलिस के इनपुट पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियों के संयुक्त ऑपरेशन के तहत की गई। जांच एजेंसियों को इस मामले के तार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी और उसके खालिस्तानी नेटवर्क से जुड़े मिले हैं। ब्लास्ट करवाने का मास्टरमाइंड पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी को बताया जा रहा है, जिसने सोशल मीडिया के जरिए पंजाब के युवकों से संपर्क साध रखा था।


बीएसएफ मुख्यालय के बाहर विस्फोट

## एनडीआरएफ जवानों को संबोधित करते बोले गृह मंत्री अमित शाह

वैश्विक स्तर पर भी आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत ग्लोबल लीडर

# आपदा बचाव के क्षेत्र में भारत को वैश्विक नक्शे पर स्थापित किया

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

एनडीआरएफ के जवान दुनिया में जहां कहीं भी गए, वहां प्यार और भरोसा अर्जित किया : अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एनडीआरएफ को प्रेसिडेंट्स कलर अवार्ड मिलना एनडीआरएफ के समस्त बल के सेवा, साहस, शौर्य और समर्पण के संचित गुणों का सम्मान है। 20 वर्षों के कार्यकाल में आपदा बचाव के क्षेत्र में भारत को वैश्विक नक्शे पर स्थापित करने का काम एनडीएमए और एनडीआरएफ ने किया है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है, लेकिन मेरे लिए देश के गृह मंत्री के नाते यह विशेष गौरव का विषय है। देश में कहीं भी आपदा आई हो या आपदा आने वाली हो, जब एनडीआरएफ के जवान वहां पहुंचते हैं, तो देश की जनता राहत की सांस लेती है कि अब उनका बचाव हो जाएगा।


एनडीआरएफ जवानों को सम्मानित करते गृह मंत्री शाह

### सीडीआरआई के आज 48 देश सदस्य

अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा से 'डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर' के क्षेत्र में भारत ने वैश्विक स्तर पर नेतृत्व किया है। सीडीआरआई के आज 48 देश सदस्य बन चुके हैं और भारत के साथ मिलकर इस दिशा में कार्य कर रहे हैं।

### देश जीरो कैजुअल्टी की दिशा में आगे बढ़ रहा

अमित शाह ने कहा कि एनडीआरएफ के जवान देश-दुनिया में जहां कहीं भी गए, वहां प्यार और भरोसा अर्जित किया है। आज हम ऐसी स्थिति में आए हैं कि अब हम जीरो कैजुअल्टी की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। जिस आपदा का पूर्वानुमान और मौसम विज्ञान विभाग से अंदेशा मिल जाता है, वहां पर जन, धन की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य होता है। एनडीआरएफ ने 8,500 से अधिक अपने जवानों, 10,000 से ज्यादा सिविल डिफेंस से जुड़े कर्मियों और 220,000 से अधिक वॉलंटियर्स को प्रशिक्षित करने का भागीरथ कार्य किया है। दो वर्षों में 10,500 से अधिक नाविकों को भी प्रशिक्षित किया गया है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत 10-सूत्रीय एजेंडा ने देश में डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट को एक नई दिशा प्रदान की है।

चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले ट्रंप, बोले

# यूएस-चीन संबंध साझेदारी नहीं वैश्विक शक्ति के संतुलन की रीढ़

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन दौरे के दौरान अमेरिका और चीन के रिश्तों को विश्व इतिहास के सबसे


डोनाल्ड ट्रंप, शी जिनपिंग

महत्वपूर्ण संबंधों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच सम्मान और सहयोग की भावना अमेरिका की स्थापना के समय से ही मौजूद रही है। बीजिंग में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन के नागरिकों के बीच शुरू से ही आपसी सम्मान का गहरा संबंध रहा है। उन्होंने अमेरिकी संस्थापक नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि बेंजामिन फ्रैंकलिन ने अपने औपनिवेशिक समाचार पत्र में चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस के विचार प्रकाशित किए थे।

### होर्मुज खोलने पर दोनों राजी

दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि दुनिया की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना जरूरी है। शी जिनपिंग ने इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों पर किसी भी तरह का टैक्स या टोल लगाने का विरोध किया है। चीन ने अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने की रुचि दिखाई है। चीन चाहता है कि भविष्य में खाड़ी देशों के तेल पर उसकी निर्भरता कम हो जाए। ट्रंप ने घोषणा की कि उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग आगामी 24 सितंबर को व्हाइट हाउस का दौरा करेंगे। ट्रंप ने कहा कि यह एक पारस्परिक आधिकारिक यात्रा होगी। अपने संबोधन में उन्होंने शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन को अमेरिका आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि वे इस वर्ष सितंबर में व्हाइट हाउस में उनके स्वागत की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### हाइकोर्ट ने अगली सुनवाई में भी हाजिर रहने के दिए निर्देश

# वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हाजिर हुए मुख्य सचिव, जवाब के लिए मांगी मोहलत



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में कई वर्षों से लंबित न्यायिक कर्मचारियों के वेतनमान से जुड़े मामले में गुरूवार को सुनवाई हुई। कोर्ट के आदेश पर प्रदेश के मुख्य सचिव वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हाजिर हुए। शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पूरे मामले की पुनः जांच करने और उचित प्रस्ताव रखने के लिए कुछ मोहलत मांगी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने अगली सुनवाई 24 जून को निर्धारित की है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में भी मुख्य सचिव को हाजिर रहने के निर्देश दिए हैं।

जबलपुर निवासी हाई कोर्ट कर्मचारी किशन पिल्लई और 108 अन्य ने वर्ष 2016 में यह याचिका दायर की थी। याचिका में उच्च वेतनमान का लाभ नहीं दिए जाने को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने बताया कि हाई कोर्ट ने 28 अप्रैल, 2017 को आदेश पारित करते हुए कहा था यह मामला 27 जून, 2015 से सरकार के समक्ष विचाराधीन है। चार सप्ताह के भीतर मामले का निपटारा किया जाए। आदेश का पालन नहीं होने पर 2018 में अवमानना याचिका दायर की गई। गत 26 मार्च को हाई कोर्ट ने आदेश के पालन में लगातार हो रही देरी पर नाराजगी जताई थी। मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए थे।

### हाईकोर्ट में एसडीओपी और एसआई के विरोधाभासी बयान : निर्णय सुरक्षित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विशाल मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट की पूर्व महिला रजिस्ट्रार नीरजा नामदेव को हिरासत में लिए जाने के मामले में सुनवाई के दौरान अब पुलिस अधिकारियों के बीच जिम्मेदारी को लेकर विरोधाभासी बयान सामने आए हैं। इस पर एकलपीठ पूरे घटनाक्रम को गंभीर मानते हुए सुनवाई के बाद बुधवार को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया।गौरतलब हो कि एक मामले में उच्च न्यायालय के जमानती वारंट की आड़ में पूर्व रजिस्ट्रार को कथित तौर पर अपराधी की तरह हिरासत में लेकर अदालत में पेश किया गया। इस मामले में 6 मई को प्रकरण पर सुनवाई के दौरान सब-इंस्पेक्टर नेहा सिंह ठाकुर ने न्यायालय में कहा था कि उन्होंने यह कार्रवाई एसडीओपी चित्रकूट के निर्देश पर की थी।
इस कथन के बाद एकलपीठ ने एसडीओपी राजेश सिंह बंजारे को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। बाद में हुई सुनवाई में एसडीओपी राजेश सिंह बंजारे एकलपीठ के समक्ष में उपस्थित हुए और अपनी सफाई पेश की। न्यायालय ने उनसे शपथपत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने को कहा था। कल बुधवार को आगे हुई सुनवाई में एसडीओपी ने शपथपत्र प्रस्तुत करते हुए कहा कि सब-इंस्पेक्टर ने उनके निर्देशों को गलत तरीके से समझ लिया था। उन्होंने अपने जवाब में माफी भी मांगी। सुनवाई के दौरान पूर्व रजिस्ट्रार की ओर से अधिवक्ता पारितोष गुप्ता उपस्थित हुए। न्यायालय ने एसडीओपी का शपथपत्र रिकॉर्ड पर लेते हुए मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया।



# जेडीए के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन व उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी ने संभाला पदभार

**“हमारा प्रयास, नगर विकास” के संकल्प के साथ शहर के सुनियोजित विकास का लिया संकल्प**

**जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी ने वंदे मातरम् चौक, सिविक सेंटर में आयोजित गरिमामय समारोह में पदभार ग्रहण किया। समारोह में पूज्य संतों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि अब जेडीए अपने नाम के अनुरूप जबलपुर के विकास में कदमताल करेगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद जेडीए में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की नियुक्ति हुई है और श्री संदीप जैन व श्री प्रशांत केसरवानी जैसे कर्मठ कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि कंधे से कंधा मिलाकर शहर विकास के लिए कार्य करेंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि जेडीए का मुख्य उद्देश्य जबलपुर का सुनियोजित एवं समन्वित विकास तथा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने “हमारा प्रयास, नगर विकास” को जेडीए का ध्येय बताते हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शहर के विकास को गति दी जाएगी। वहीं उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी ने भी शहर विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह में सांसद आशीष दुबे, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने संबोधित कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

# 9 किमी दूर स्कूल मर्ज किए जाने को चुनौती

## जनहित याचिका : राज्य सरकार से जवाब-तलब

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायाधीश विनय सराफ की संयुक्तपीठ ने हरदा जिले के एक सरकारी स्कूल को 9 किलोमीटर दूर मर्ज किए जाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार सहित सभी अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निदेश दिए हैं। इसके साथ ही संयुक्तपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 23 जून को नियत कर दी।

हरदा के स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद भोरगा, समाजसेवी मुकेश चौहान और ग्राम पंचायत मोहल कलां की सरपंच मनीषा आमे की ओर से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि हरदा के जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के तहत कई गांवों के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों को 9 किलोमीटर दूर स्थित संदीपनि स्कूल, खिरकिया में विलय कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इस फैसले से ग्रामीण और गरीब परिवारों के सैकड़ों बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी। छोटे बच्चों के लिए रोजाना 9 किलोमीटर दूर स्कूल जाना व्यावहारिक नहीं है।

सुनवाई के दौरान जनहित याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार प्राथमिक स्कूल एक किलोमीटर के भीतर होना चाहिए। साथ ही माध्यमिक स्कूल 3 किलोमीटर के दायरे में होना चाहिए लेकिन मोहाल कलां से खिरकिया स्थित स्कूल की दूरी करीब 9 किलोमीटर है, जो नियमों के खिलाफ बताई गई है। याचिकाकर्ताओं ने डीईओ के आदेश को “तुगलकी फरमान” बताते हुए कहा कि यह बच्चों के मौलिक अधिकारों और शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है।

मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अशोक कुमार चौरसिया ने पक्ष रखा। संयुक्तपीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश दलीलें सुनने के बाद राज्य सरकार सहित सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# लगातार क़िस्त जमा करने के बाद लोन एनपीए करना सेवा में कमी

**जबलपुर।** राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने लगातार ऋण की किस्त जमा करने के बाद भी एनपीए किए जाने की कार्रवाई को सेवा में कमी मानते हुए याचिकाकर्ता अधिवक्ता राजेंद्र गुप्ता को ऋण खाता एनपीए किए जाने की दिनांक से ब्याज माफ करने, जो राशि बचत खाते से आहरित की गई थी और जो शास्ति अधिरोपित की गई थी वह ,तथा मानसिक व शारीरिक पीड़ा के लिए रुपये 10 हजार व वाद व्यय के लिए रुपये 5 हजार की राशि दो माह में अदा करने के आदेश पारित किये थे। केनरा बैंक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के आदेश को राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के समक्ष चुनौती दी थी, जहां परिवादी राजेन्द्र गुप्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा और राज्य आयोग ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के मैसेज भेजने के आदेश को स्वीकार नहीं किया बाकी जो अनुतोष जिला आयोग ने दिये थे उन्हें बरकरार रखा है और बैंक द्वारा सेवा में कमी किया जाना पाये जाने के जिला आयोग के निष्कर्ष को स्थिर रखा है।

**घटना सीसीटीव्ही कैमरे में कैद**

# रादुविवि की कंप्यूटर लैब से सीपीयू चोरी



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के एमसीए विभाग की कंप्यूटर लैब से सीपीयू चोरी होने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि चोरी की वारदात विश्वविद्यालय के ही एक कर्मचारी ने साथियों की मदद से अंजाम दी।

जानकारी के अनुसार, लैब से सामान गायब होने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। मामले की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज देखे गए, जिसमें विश्वविद्यालय प्रेस में कार्यरत कर्मचारी संतोष यादव सफाई कर्मी प्रमोद बर्मन की मदद से लैब से सीपीयू निकालते दिखाई दिया। फुटेज में संतोष यादव के साथ उसका बेटा और बेटी भी नजर आए। सभी लोग सीपीयू को बाइक पर रखकर कैंपस से बाहर ले जाते दिखे।घटना की जानकारी मिलने पर कुलसचिव रविशंकर सोनवाल को अवगत कराया गया। इसके बाद प्रशासन ने संबंधित कर्मचारियों को तलब किया और पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी। प्रशासन के सख्त रुख के बाद चोरी किया गया सीपीयू वापस विभाग में जमा करा दिया गया।बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी संतोष यादव का नाम पहले भी विवादों में आ चुका है। वहीं, घटना के तीन दिन बाद भी दोषियों पर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं होने से छात्रों और कर्मचारियों में नाराजगी है। चर्चा है कि कर्मचारी संघ से जुड़े लोगों के दबाव के चलते मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।विश्वविद्यालय में पहले से संसाधनों की कमी बनी हुई है। ऐसे में कैंपस के भीतर से उपकरण चोरी होने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। अब छात्रों और कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**भेड़ाघाट प्रज्ञा कालोनी में दिन दहाड़े वारदात**

# अधिवक्ता के घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट



**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के सहजपुर स्थित प्रज्ञा कॉलोनी में एक अधिवक्ता के घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 10 मई की दोपहर करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित अधिवक्ता राजेश कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह घर पर मौजूद नहीं थे। इसी दौरान रविन्द्र पटेल, अंशुल पटेल और अंकित पटेल जबरन घर में घुस गए और घर का सामान बाहर फेंकना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद सुखचैन पटेल और विनोद पटेल भी वहां पहुंच गए और तोड़फोड़ में शामिल हो गए।राजेश कुशवाहा के अनुसार उन्होंने 27 दिसंबर 2024 को मौजा सहजपुर स्थित खसरा नंबर 231/42 में गोपाल उर्फ रामगोपाल कुशवाहा से मकान खरीदा था और उसका नामांतरण भी कराया जा चुका है।घटना के दौरान जब उनके छोटे भाई कृष्ण कुमार कुशवाहा ने आरोपियों को रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने घर में रखा फ्रिज, कूलर, टेबल, गैस सिलेंडर, बर्तन और साइकिल सहित अन्य सामान बाहर फेंक दिया। बाद में जब राजेश कुशवाहा मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

घटना की जानकारी मिलते ही अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया। जिला बार के उपाध्यक्ष मनोज तिवारी के नेतृत्व में कई अधिवक्ता मौके पर पहुंचे और बाद में थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। पुलिस को वीडियो फुटेज भी सौंप दिए गए हैं। कमलेश चौरिया ने बताया कि शिकायत और वीडियो साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## अवैध नल कनेक्शन पर नगर निगम की कार्रवाई

**जबलपुर।** नगर निगम के जल विभाग ने अवैध नल कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। घमापुर क्षेत्र में रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान नर्मदा टी-स्टॉल के पास राइजिंग मेन पाइप लाइन से अवैध कनेक्शन पाए गए।जल विभाग के उपयंत्री ने मामले में बेलबाग थाना प्रभारी को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पत्र लिखा है। निगम प्रशासन ने कहा कि सरकारी जल संसाधनों की चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**वारदात : गोहलपुर समता कालोनी में अपराध**

# पुरानी रंजिश पर युवक की निर्मम हत्या

**जबलपुर।** शहर में इन दिनों संगीन वारदातों का सिलसिला लगातार जारी है। बेखौफ बदमाश सरेराह चाकूबाजी की, और लूट की वारदामों को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं। इसी क्रम में बीती रात गोहलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत समता कॉलोनी में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते युवक को उसके घर के समीप ही घेर कर गर्दन व चेहरे पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि जबलपुर में पिछले 3 दिन के भीतर यह हत्या की दूसरी वारदात है। मृतक की पहचान 20 वर्षीय भावेश वीरानी के रूप में हुई है, जो समता कॉलोनी का निवासी था। बुधवार रात वह अपने घर के पास ही टहल रहा था। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन युवक वहां पहुंचे। आरोपियों ने पहले भावेश को रोका और उसके साथ बहस शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि बाइक सवार युवकों ने अपने पास रखे धारदार चाकू निकालकर भावेश पर हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके गले और चेहरे को निशाना बनाया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी होकर जमीन पर गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही गोहलपुर थाना प्रभारी रीतेश पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने खून से लथपथ भावेश को एंबुलेंस 108 की सहायता से तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।पुलिस की प्रारंभिक जांच और परिजनों के बयानों से यह बात सामने आई है कि इस वारदात के पीछे पुरानी रंजिश मुख्य वजह है। मृतक के भाई धनंजय वीरानी ने पुलिस को जानकारी दी कि करीब 6 महीने पहले भावेश का अरुण नाम के युवक और उसके साथियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उस समय दोनों पक्षों के बीच मारपीट भी हुई थी। इसी रंजिश का बदला लेने के इरादे से अरुण अपने साथियों आयुष और शिव के साथ बुधवार रात मौके पर पहुंचा और भावेश की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के तुरंत बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। इस मामले में अरुण, आयुष और शिव के खिलाफ नामजद हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। चश्मदीदों ने भी आरोपियों की पहचान की पुष्टि कर ली है। पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## कुएं में लगा सबमर्शियल पंप सैट ले भागे चोर

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत केशव कुटी कालोनी निभौरा में एक कुएं में लगी समर्शियल पंप सेट अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम छत्तरपुर निवासी 30 वर्षीय रविशंकर कुशवाहा गत रात केशव सिटी कालोनी निभौरा में चौकीदारी कर रहा था। रात लगभग 12 बजे कालोनी के चारों तरफ भ्रमण करके देखा तो कुएं में उन्नत कंपनी की घरेलू समर्शियल पंप सेट लगे हुए थे। रात लगभग 1 बजे उसे नींद लग गई थी, दूसरे दिन सुबह लगभग 4 बजे उठकर देखा तो कुंए में लगी समर्शियल पम्प सेट अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# इस सीजन में पहली बार पारा 43 डिग्री के पार, लू चली

## पंखों ने दम तोड़ी, कूलर भी नहीं आ रहे काम




**जबलपुर।** तापमान लगातार परवान चढ़ रहा है। गुरुवार को तापमान ने मई के महीने में अब तक की सबसे ऊंचाई छूने का रिकार्ड कायम कर लिया। गुरुवार को तापमान 43.3 डिग्री के करीब पहुंच गया। दिन तो दिन रात का तापमान भी २९.5 डिग्री पर पहुंच गया। पारे ने लोगों की हालत खराब करके रखी है, पंखों ने काम करना बंद कर दिया है। कूलर भी अब रास नहीं आ रहे हैं। आलम यह है कि कूलरों में भरा पानी दो घंटे में ही सूख जाता है। दीवारें गर्म हवाओं की लपटें छोड़ रही हैं। धरती धधक रही है। लोगों को न दिन में चैन है न रात में सुकून। गर्मी से बचाव करने के सारे जतन फेल हो गये हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अभी एक पखवाड़े तक तापमान के तेवर ऐसे ही तीखे रहेंगे। लू-लपट के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। रात में उमस बेचैनी और घबराहट पैदा कर रही है।पिछले एक हफ्ते से गर्मी जनजीवन को बेहाल कर रखी है। तापमान लगातार बढ़ रहा है। पिछले तीन दिनों से तापमान ने फिर उछाल मारना शुरू कर दिया। पिछले दो दिनों से रात का तापमान भी तेजी से बढ़ रहा है। भीषण गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित है, लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। पंखे तो गर्म हवा फेंक रहे हैं और उमस के आगे कूलर भी फेल हो गये। एसी वालों को जरूर थोड़ी राहत महसूस हो रही है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता के अनुसार वातावरण में तेज उमस के कारण रात को भी गर्मी से निजात नहीं मिलती। दिन भर की तपी धरती रात में भाप उगलती है।मौसम कार्यालय के अनुसार पिछले २४ घंटों के दौरान शहर का अधिकतम तापमान ४*.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान २९.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से २ डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 47 प्रतिशत और सायंकाल 30 प्रतिशत आंकी गई। दक्षिणी-पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। मौसम कार्यालय के अनुसार अगले एक पखवाड़े तक गर्मी से कोई निजात मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 39.1 और न्यूनतम तापमान 27.01 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले २४ घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं प्रदेश के सर्वाधिक ४५.04 डिग्री तापमान खजराहो और होशंगाबाद जिलों में दर्ज किया गया।

## मारपीट में 2 युवक व 1 वृद्ध घायल

### रांझी और खमरिया थाना क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर।** रांझी और खमरिया थाना क्षेत्र में मारपीट की तीन वारदाते सामने आई हैं। मारपीट की इस वारदात में दो युवक व एक वृद्ध घायल हो गए। रांझी जानकारी के अनुसार चौधरी मोहल्ला गोकलपुर निवासी 27 वर्षीय सब्जी विक्रेता किशन यादव गत रात लगभग 10 बजे दुकान बंद कर घर पहुंचकर अपने ठेले से सब्जी भाजी घर के अंदर रख रहा था इसी दौरान मोहल्ले का सुनील रैकवार आया और शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगा, मना करने पर सुनील रैकवार के साथ गाली गलोज कर चाकू से उस पर हमला कर घायल कर दिया। इसी प्रकार रांझी में सामुदायिक भवन के सामने मेन रोड गोकलपुर में रोहित वाल्मीक और उसका चाचा ने कटरा अधारताल निवासी 30 वर्षीय आटो चालक समय पटेल को रोका और बिना किसी कारण के गालीगलौज व मारपीट कर रोहित ने कडे से सिर पर हमला कर घायल कर दिया। इसी प्रकार खमरिया में ग्राम रिठौरी निवासी 75 वर्षीय रतिराम चौधरी गत रात लगभग 9 बजे अपने समधी रामफल चौधरी के साथ घर के बाहर बैठा था तभी वहां पर रवि चौधरी आकर मोहल्ले वालों को गाली गलौज करने लगा, उसने रवि चौधरी को गाली गलोज करने से मना किया तो इसी बात पर रवि चौधरी ने ईंट के अद्धे से उसके सिर पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 115(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सावधानः ‘RTO Challan’ नाम से व्हाट्सएप पर फैल रहा खतरनाक मालवेयर

## जिला प्रशासन ने जारी की चेतावनी

**जबलपुर।** जिला प्रशासन ने नागरिकों को एक गंभीर साइबर खतरे को लेकर सतर्क रहने की अपील की है। वर्तमान में व्हाट्सएप ग्रुपों और व्यक्तिगत संदेशों के माध्यम से “RTO Challan(v2).apk” नाम की संदिग्ध फाइल तेजी से प्रसारित हो रही है, जो एक खतरनाक मालवेयर अटैक बताया जा रहा है।प्रशासन के अनुसार यह फाइल किसी सरकारी चालान या आरटीओ नोटिस के रूप में भ्रमित कर लोगों को डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करती है, जबकि वास्तव में यह एक “मालवेयर डिलीवरी अटैक” है, जिसके जरिए साइबर अपराधी मोबाइल डिवाइस का अनधिकृत एक्सेस प्राप्त करने का प्रयास कर सकते हैं। यह फाइल बिना किसी ओटीपी या लॉगिन के उपयोगकर्ता के डेटा और डिवाइस को जोखिम में डाल सकती है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नागरिक किसी भी अनजान नंबर से आई ऐसी फाइलों को डाउनलोड न करें और किसी भी प्रकार के संदिग्ध संदेश पर भरोसा न करें। यदि किसी उपयोगकर्ता को “आपका चालान कट गया है” या “क्या आप इस व्यक्ति को जानते हैं?” जैसे संदेशों के साथ कोई .apk फाइल प्राप्त होती है, तो उसे तुरंत डिलीट कर दें। सावधानी के तौर पर प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे व्हाट्सएप की सेटिंग में जाकर ‘मीडिया ऑटो-डाउनलोड’ विकल्प बंद रखें, मोबाइल को नियमित रूप से अपडेट करते रहें और टू-स्टेप वेरिफिकेशन को सक्रिय रखें।किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने की सलाह भी दी गई है।

## खबर संक्षेप



### डॉ. दीपक राठी बने आईएबीएम के डायरेक्टर

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर डॉ. दीपक राठी को आईएबीएम का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। डॉ. राठी वर्तमान में प्रभारी डायरेक्टर एग्रो इकोनॉमिक्स रिसर्च सेंटर तथा कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र प्रबंधन विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। डॉ. राठी ने 6 राष्ट्रीय एवं 3 अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं पर सफलतापूर्वक कार्य किया है। उनके 130 शोध पत्र, 2 पुस्तकें, 10 पुस्तक अध्याय एवं 7 विस्तार साहित्य प्रकाशित हो चुके हैं। अब तक वे 24 स्नातकोत्तर एवं पीएचडी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर चुके हैं। उन्हें वर्ष 2005 में प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है तथा अनुसंधान एवं वैज्ञानिक चिंतन के लिए उन्होंने जापान में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व भी किया है।

### डॉ. अनुभा उपाध्याय बनी फूड साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर प्रोफेसर डॉ. अनुभा उपाध्याय को खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का विभागाध्यक्ष एवं आचार्य नियुक्त किया गया है। डॉ. उपाध्याय ने 7 परियोजनाओं का सफलता पूर्वक संभाला है। उन्होंने औषधीय पौधों की गुणवत्ता विश्लेषण पर 22 वर्ष और पीड़कनाशी अवशेष विश्लेषण में 6 वर्ष तक महत्वपूर्ण कार्य किया है। इसके अलावा, उन्होंने पौध कार्यिकी विभाग में 15 वर्षों तक एकेडमिक इंचार्ज और 22 वर्षों तक छात्रावास अधीक्षिका का दायित्व बखूबी निभाया। डॉ. उपाध्याय ने 20 स्नातकोत्तर एवं 5 पीएचडी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया है। उनके 70 शोध पत्र, 2 पुस्तकें और 45 प्रचलित लेख प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

### श्रीजा जैन का सुयश



**बरेला।** कु. श्रीजा जैन गिन्नी ने सीबीएस ई परीक्षा 12वीं मे 84.6% अंक पाकर सेंट जोसेफ स्कूल टीएफ आर आई स्कूलका नाम रोशन किया है । श्रीजा बरेला निवासी आशीष जैन भारती जैन की पुत्री हैं।

**अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठन सहित 25 संगठनों ने सौंपा ज्ञापन**

# अब मेडीकल यूनिवर्सिटी के विखंडन को बर्दाश्त नहीं करेंगे



**जबलपुर।** पूर्व में भी जबलपुर के संस्थानों, विद्युत मंडल, हाईकोर्ट, रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी, एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी का विखंडन किया गया और वेटरनरी यूनिवर्सिटी से डेयरी साइंस कॉलेज छीनकर उसे विक्रम यूनिवर्सिटी को दिया गया। इस तरह जबलपुर का कद घटाया गया, उसकी अस्मिता पर चोट पहुंचाई गई और अब जबलपुर मेडीकल यूनिवर्सिटी का विखंडन कर उसे तीन अलग-अलग हिस्सों में बांटना प्रस्तावित किया गया, यह बर्दाश्त से बाहर हो गया है, इसलिए जबलपुर के नागरिक अब कोई भी संस्थानों का विखंडन देख नहीं सकते। यह बताते हुए अधिवक्ताओं के तथा सामाजिक संगठनों सहित कुल 25 संगठनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री तथा जबलपुर जिला प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा तथा कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह के नाम 14 मई को जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर प्रस्ताव का विरोध जताया तथा प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने का निवेदन किया।

**राज्यसभा सदस्य एड. विवेक तन्खा का समर्थन**

**25 संगठनों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को राज्यसभा सदस्य एड. विवेक तन्खा ने अपना समर्थन दूरभाष के माध्यम से सूचित कर दिया है। ज्ञापन के दौरान डॉ. पीजी नाजपांडे, एड. रविन्द्र गुप्ता, एड. वेदप्रकाश अधोलिया, एड. ज्योति राय, एड. बृजेश साहू, एड. आदित्य सक्सेना, एड. अतिकर्ष सिंह, एड. रामजी तंतुवाय, एड. प्रिमेश खातरकर, एड. अहफास, एड. कैलाश खरे, एड. देवकरण चंदेल, एड. रवि झारिया, बलदीप मैनी, एड. अमित जैन, एड. आशीष आदर्श मुनि त्रिवेदी, एड. ओपी यादव, शैलेन्द्र सिंह तथा राममिलन शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।**




## मेडीकल साइंस विवि विखंडन का महाकोशल विचार मंच ने जताया विरोध

**प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, संभागायुक्त, कलेक्टर को लिखा पत्र**

**जबलपुर।** महाकोशल जनप्रतिनिधि विचार मंच ने जबलपुर मेडीकल विश्वविद्यालय के विखंडन का विरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मप्र मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, संभागायुक्त, कलेक्टर जबलपुर को पत्र लिखकर इस विखंडन को रोकने की अपील जनहित में की है। इस संबंध में महाकोशल जनप्रतिनिधि विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष विजय कांडा की अध्यक्षता में गोरखपुर स्थित मुख्यालय में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जबलपुर मेडीकल साइंस विश्वविद्यालय के विखंडन का विरोध किया गया। विजय कांडा ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि जबलपुर मेडीकल विश्वविद्यालय का विखंडन नहीं रोका गया तो वह अपने समस्त राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों के साथ जबलपुर हित में आंदोलन करने बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जवाबदारी शासन, प्रशासन की होगी। बैठक में विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, रूपलाल यादव, ठा. दीपक सिंह राजपूत, पिंकी ठाकुर, दलवीर सिंह जस्सल, सरोज कांडा, सुरेश हिरस्कर, अनुज सिंह ठाकुर, कृष्णा गुप्ता, बीना परिहार, संजय वर्मा, बीके तिवारी, राजेश पटेल सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# जनगणना 2027 में नगर परिषद भेड़ाघाट जिले में अव्वल: सीएमओ



**भेड़ाघाट।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य में नगर परिषद भेड़ाघाट ने जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निर्धारित समय-सीमा से पूर्व 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर उपलब्धि हासिल की। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए माननीय कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज जनगणना अधिकारी श्री विक्रम झारिया तथा उनकी टीम को सम्मानित किया गया। नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा कुल 15 एचएलबी का कार्य समय से पहले पूर्ण किया गया। इस सफलता में जनगणना लिपिक ओभी मुखर्जी, पर्यवेक्षक विनय कुमार गर्ग तथा प्रगणक शिवकुमार प्रधान, फिलिप टोप्पो, महेन्द्र पाण्डेय, अभिषेक मिश्रा, रविनंदन मेहरा, अंजना सिंह राजपूत, श्रुति जैन एवं संदीप कुमार का विशेष योगदान रहा। वहीं कंप्यूटर ऑपरेटर ब्रजेश पांडेय, तकनीकी सहायक तथा निकाय सहायक विजय तिवारी, पवन दाहिया, अंजनी तिवारी, ओमप्रकाश, अंशुल सेन, प्रताप पटेल एवं नेमचंद यादव ने भी कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कलेक्टर महोदय ने सीएमओ श्री विक्रम झारिया एवं उनकी पूरी टीम को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## सांसद दुबे ने किया घुटना में ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण



**सिहोरा।** सिहोरा विधानसभा में सांसद आशीष दुबे ने गत दिवस अपने ग्राम पंचायत प्रवास के दौरान जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत घुटना में पहुंचकर 37.49 लाख की लागत से बने भव्य और सुव्यवस्थित नव निर्मित ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण कर ग्रामीण जनों को सौगात दी तथा सम्बोधित किया। ग्राम पंचायत के सरपंच के के दुबे सहित अनेक लोगों ने सांसद दुबे के साथ विधायक संतोष बरकडे,पूर्व विधायक दिलीप दुबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री सहित अन्य अतिथियों का का पुष्पहार भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राजेश दाहिया,जिला उपाध्यक्ष अनुपम सराफ,पुष्पराज बघेल,अलका गर्ग,आशीष पटेल,नीलू बाजपेयी,किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री राजमणि सिंह बघेल,जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल, संदीप शुक्ला,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनंत नौगरहिया,जनपद सदस्य चतुर बाई,सरपंच शिवकुमार रामखिरिया,दशरथ सिंह बंधा,सरपंच रामराज बेला,राम किशोर दुबे,प्रकाश दुबे,बद्री प्रसाद दुबे,उपसरपंच जागेश्वर साहू,संदीप दुबे,संजय दुबे,मनोज साहू,अजय किशोर बर्मन,सचिव चंद्रभान,बसंत कोल,संदीप कोल,मदन साहू,शरण साहू,अभिषेक पटेल सहित अनेक विभागों के अधिकारी एंव भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नीट 2026 पेपर लीक: आप ने किया विरोध केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग



**जबलपुर।** नीट 2026 परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर आम आदमी पार्टी, जबलपुर ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर गहरा आक्रोश जताते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। जिला अध्यक्ष रितेश सिंह ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का पेपर लीक होना देश की शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। लाखों विद्यार्थी दिन-रात मेहनत कर तैयारी कर रहे थे, लेकिन भ्रष्ट व्यवस्था और लापरवाही के कारण उनका भविष्य संकट में पड़ गया। परीक्षा रद्द होना विद्यार्थियों और उनके परिवारों के साथ अन्याय है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुरक्षित रखने में पूरी तरह विफल रही है। आम आदमी पार्टी ने निष्पक्ष जांच और दोषियों को कठोर सजा देने की मांग की। प्रदर्शन में प्रदेश संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष धर्मदास आचार्य, सोनू भट्टाचार्य, चंद्रभान विश्वकर्मा, सचिव प्रफुल्ल सक्सेना, आदेश दुबे, अमरेश पटेल, टीएन त्रिपाठी, प्रवीण परसाई, राजेश अहिरवार, रत्नेश करसा, हरप्रीत सिंह, नवल सोनकर, विनय जैन, राकेश खताबिया, मदन शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि छात्रों को न्याय नहीं मिला और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वह आंदोलन जारी रखेगी।

## सांदीपनि में समय कैंप 19 तक



**सिहोरा।** सांदीपनि पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में शासन के निर्देशानुसार समर कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें कक्षा 4 थी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को सहभागिता कर रहे है। यह कैंप 19 मई तक सुबह 7 बजे से 9 बजे तक संचालित किया जा रहा है। जिसमें लगभग 80 बच्चे विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं।

कैंप में खेलकूद,योग प्राणायाम ,एआई और वर्ली आर्ट विशेष रूप से बच्चों को सिखाया जा रहा है।खेल गतिविधियों को अशोक राय,आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि वर्षा साहू और योगा गतिविधि में सुधा उपाध्याय के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि समर कैम्प आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों में सृजन कला,समय का सदुपयोग,शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य में सुधार,नई प्रतिभाओं की पहचान,टीम वर्क, सहयोग की भावना विकसित है।

## अन्मता अंसारी ने मारथोमा स्कूल में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**सिहोरा।** केन्द्रीय शिक्षा बोर्ड दिल्ली सीबीएससी के गत दिवस घोषित हुए 12 वीं के परीक्षा परिणाम में मारथोमा ग्राम ज्योति स्कुल खितौला की छात्रा अन्मता अंसारी पिता फिरोज अंसारी मां शहीना परवीन अंसारी ने। बायलाजी विषय से 93 प्रतिशत अंक विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया कर नगर उपनगर के साथ परिवार को भी गौरवान्वित किया है। अन्मता ने जहां इंग्लिश में 100 में से 99 अंक हासिल किए हैं वहीं अन्य विषयों में भी उन्हें विशेष योग्यता मिली है तथा वे भविष्य में डाक्टर बनना चाहती है। तथा सफलता का श्रेय माता पिता के साथ विद्यालय परिवार को देना चाहती है।

## माता महाकाली स्थापना दिवस पर वृद्धजनों का स्वागत कर जन्मदिवस मनाया



**जबलपुर।** माता महाकाली मंदिर त्रिमूर्ति नगर रामपुर छापर का प्रथम स्थापना बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। दोपहर 03 बजे त्रिमूर्ति मंदिर में क्षेत्रीयजनों द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ किया गया, इसके बाद महाआरती के पश्चात माता महाकाली का पूजन अर्चन किया गया। महाआरती समापन के बात भक्ति गीतों के साथ गणेश जी वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जगत गुरु पूज्य डॉ. बाल गोविन्दाचार्य और रामजी शरण महाराज, शिवकुमार पाठक एवं अन्य विख्यात एवं सामाजिक संगठनों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सामाजिक जनों का स्वागत सत्कार भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोगों में श्रीनिवास समदड़िया, शेषमणि पटेल, डी.डी. श्रीवास्तव, गया गौतम, ई. पी. मिश्रा, भीम सेन मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, कामेश्वर रैकवार, कोमल सिंग लोधी, दयाराम, दयाराम वर्मा, रामा प्रसाद कनोजिया, मथुरा प्रसाद कुशवाहा, पदमधर सिंह चौहान, संतोष तिवारी, सुरेश पाठक, दयाशंकर, राजेन्द्र तिवारी, राजेश चौबे, राजेंद्र कुमार दुबे, पी.एस. राव सहित अन्य लोगों का सम्मान कर ठाड़ेश्वर महावर ने जन्मदिन के अवसर पर प्रेमलाल कुशवाहा, महेन्द्र रघुवंशी आदि सैकड़ा से अधिक लोगों का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर सांसद दुबे ने उद्गार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी मात्रा में मातृशक्ति की भी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विमला, पुष्पा चौधरी, शिवसेना के अमित दुबे, मुरत सिंह काकुर, राकेश थापा, शनी वर्मा, विमला वर्मा, नेहा बर्मन, बच्चन कोल, विरेन्द्र रैकवार, संतोष सोनी, अमरू बर्मन, आनंद पटेल, दिनेश वर्मा और कार्यक्रम के संयोजक नमामि शंकर महावर, राकेश महावर उपस्थित थे।

## निगमायुक्त ने किया शहर का औचक निरीक्षण सफाई, जल और प्रकाश व्यवस्था मिली चाक-चौबंद



**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार शहर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह सक्रिय नजर आए। आज उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा कर सफाई, जल आपूर्ति और प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों की सराहना की। निगमायुक्त ने रामपुर शंकरशाह नगर से भ्रमण की शुरुआत की, उसके बाद मांडवा बस्ती और सिविल लाइन क्षेत्र का दौरा किया। गलियों और मुख्य मार्गों पर सफाई का स्तर उच्च पाया गया। सफाई मित्र मुस्तैदी से अपने कार्य में लगे हुए थे। प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से कार्यरत थी, जिससे सुरक्षा और सुगमता बनी रही। पेयजल वितरण की स्थिति भी संतोषजनक रही और नागरिकों को निर्धारित समय पर पर्याप्त दबाव के साथ पानी मिल रहा था।

निगमायुक्त ने कहा कि शहर की सुंदरता और नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, संभावित जलभराव वाले स्थानों पर पूर्व-तैयारी रखें और प्रकाश व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इस अवसर पर अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, संभागीय अधिकारी पंकज अवस्थी, संतोष पांडे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, पोला राव, संभागीय यंत्री अभिषेक तिवारी और अरुण पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## आदिवासी उत्थान महासंघ ने की निगरानी विभाग की मांग

**जबलपुर।** आज अल्प प्रवास पर जबलपुर आए मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल से सौजन्य भेंट कर मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में आदिवासी समाज द्वारा दिए गए आवेदनों पर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निगरानी विभाग स्थापित किए जाने संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश कोल, जिला महामंत्री संतोष बर्मन, निज सहायक दुर्गेश कोल एवं अभिषेक कोरी उपस्थित रहे।




**श्री अजय नंदा-** शारदा टाकीज के पीछे गोरखपुर निवासी श्री अजय नंदा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रम्मी बाई काछी-** साईं नगर रामपुर निवासी श्री इंद्रपाल काछी की धर्मपत्नी श्रीमती रम्मी बाई काछी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुभाष चंद्र हांडा-** नेपियर टाउन पूर्व ज्योति टाकीज के सामने निवासी श्री सुभाष चंद्र हांडा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री पारसनाथ मिश्रा-** ब्यौहारबाग निवासी श्री पारसनाथ मिश्रा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री दिनेश कुमार साहू- मिलौनीगंज पूर्व पंचशील टाकीज के पास निवासी श्री दिनेश कुमार साहू (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गुलाब बाई चौधरी-** पोलीपाथर बिग बाजार के सामने निवासी श्री अंजनी कुमार चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गुलाब बाई चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश कुमार राजपूत-** बनवारी लाल का बाड़ा नया मोहल्ला निवासी श्री रमेश कुमार राजपूत (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती भागवती बाई सिंगरहा-** सिंगरहाना मोहल्ला गढ़ा बीटी तिराहे के पास निवासी श्री विष्णु प्रसाद सिंगरहा की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती बाई सिंगरहा (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुर्गा प्रसाद प्रजापति-** भानतलैया पावर हाउस के पास निवासी श्री दुर्गा प्रसाद प्रजापति (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पार्वती मेहतो-** पासी मोहल्ला सदर केंट क्वाटर्स निवासी श्री संपूरण मेहतो की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती मेहतो (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुमित्रा बाई-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री रामदास डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा बाई (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अनीता मेहरा-** मानेगांव रांझी निवासी श्री शानू मेहरा की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता मेहरा (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधिका विश्वकर्मा-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री जगदीश विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती राधिका विश्वकर्मा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक शाक्य-** पंसारी मोहल्ला गढ़ा निवासी श्री कढ़ोरी लाल शाक्य के पुत्र श्री अशोक शाक्य (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती वती बाई काछी-** नर्मदा नगर अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री रामलाल काछी की धर्मपत्नी श्रीमती वती बाई काछी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष कुमार गुप्ता-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री संतोष कुमार गुप्ता (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेश कुमार-** एमईएस कॉलोनी गोराबाजार कैंट निवासी श्री राजेश कुमार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति वर्गसे.मी.
फिक्स साइज:- ... सें.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- ... सें.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज ... सें.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308291, 9407362160

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. 15426423L, RANK HAV(ORA), NAME ROHIT SINGH S/O LOKNATH SINGH, UNIT-MH JABALPUR M.P., ADDRESS TELAICHUVA, MAHATAIN PO MAHTAIN, DIST-SATNA, MADHYA PRADESH 485331 solemnly declare and affirm on oath under :-I state that the above mentioned address is my permanent address. I state that in my father Aadhar card's, my father Name LOKNATH SINGH which is true and correct but in my Army service Record my father Name is recorded LOKANATH SINGH Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my father is LOKNATH SINGH and same Name shall be corrected in my Army service Record. I state that for the above variation Name of my father this affidavit is being furnished.
CORRECT NAME - LOKNATH SINGH
INCORRECT NAME- LOKANATH SINGH

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS SHAMIM BANO I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I,SHALL BE KNOWN AS SHAMIMA ANSARI W/O ABDUL MALIK ANSARI RESIDENT OF 444/1, PARWEEN PARSHAD KI GALI-BENI SINGH KI TALAIYA, ASHFAQULLA KHAN WARD, JABALPUR (M. P.) 482001.

**नाम सुधार सूचना**

मैं SUKMAL JAIN उम्र 47 वर्ष S/O DIGAMBER KUMAR JAIN मेरे passport no. K9461083 में मेरा नाम SUKMAL DIGAMBER JAIN S/O DIGAMDER HARISHCHAND JAIN लिखा हुआ है जो की गलत है मेरा सही नाम (SUKMAL JAIN) है जो कि मेरे आधार, पेन, अंकसूची और सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है। अत: मुझे मेरे सही नाम (SUKMAL JAIN) से जाना पहचाना जाए।
नया नाम :- SUKMAL JAIN
पुराना नाम :- SUKMAL DIGAMBER JAIN
पता -: 704 सराफा वार्ड कमानिया गेट जबलपुर

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, SAWANT KALPANA SHANKAR is legally MOTHER of ARMY NO-15730479N Rank- HAV. Name SAWANT NITEEN SHANKAR presently residing at Vill - AMBEWADI, POST- GHOT, Teh - PATAN, Distt - SATARA State-MAHARASHTRA, PIN - 415014. शपथपूर्वक नि.लि. कथन करती हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एवं जन्म तिथि SAWANT KALPANA S /01/07/1970 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्म तिथि SAWANT KALPANA SHANKAR /01/09/1969 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र BY 690561 दिनांक 14-05-26 नोटरी जबलपुर म.प्र.।
गलत नाम एंव जन्म तिथि
SAWANT KALPANA S / 01/07/1970
सही नाम एवं जन्मतिथि
SAWANT KALPANA SHANKAR / 01/09/1969

**नाम सुधार सूचना**

मैं फखरूद्दीन फखर Fakhruddin Fakhar आयु 58 वर्ष पिता स्व. श्री कमरूद्दीन निवासी- 495, बोहरा गली, जवाहरगंज वार्ड 22 जबलपुर (म.प्र.) में शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि :-यह कि, मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवासरत हूँ । यह कि, मेरा पासपोर्ट क्र. AN276757 वैधता दिनांक 19.02.2026 है अपने पासपोर्ट को बेरीफिकेशन के लिए दिया गया था। जिसमें मेरी पत्नी का नाम फातेमा फखरूद्दीन Fatema Fakhruddin दर्ज हो गया है जो अधूरा नाम है। जबकि मेरी पत्नी का वास्तविक नाम फातेमा फखर Fatema Fakhar सही नाम है। यह कि, मेरा आधार कार्ड, पेनकार्ड, वोटर आई डी नं. में नाम फातेमा फखर Fatema Fakhar दर्ज है। जो सही है। यह कि मेरी पत्नी फातेमा फखरूद्दीन Fatema Fakhruddin के स्थान पर फातेमा फखर Fatema Fakhar के नाम से जाना एवं पहचाना जाये। जिस वास्ते शपथ पत्र मेरे द्वारा प्रस्तुत है।

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम हितेश कुमार रिझवानी (HITESH KUMAR RIJHWANI) पिता लक्षमन दास रिझवानी पता K-14 पंचशील नगर नर्मदा रोड, आदर्श नगर, ग्वारीघाट विद्युत नगर, जबलपुर ( म.प्र. ), निवेदन है कि मेरा पुराना नाम हितेश रिझवानी (HITESH RIJHWANI) पिता लक्षमन दास रिझवानी जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। मेरा नया नाम हितेश कुमार रिझवानी पिता लक्षमन दास रिझवानी जो कि मेरे आधार कार्ड और पेनकार्ड में दर्ज है।कृपया अब से मुझे मेरे नये नाम से जाना एवं पहचाना जाये।
**नया नाम-**
**हितेश कुमार रिझवानी**
(HITESH KUMAR RIJHWANI)
**पुराना नाम- हितेश रिझवानी**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

क्रमांक-का. से. 2026-27/67 दिनांक 13/05/2026

**- सार्वजनिक सूचना -**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि संभाग क्रमांक-11 वार्ड क्रमांक-66 (रानी लक्ष्मी बाई वार्ड) एवं 67 (वीरांगना रानी अवंती बाई वार्ड) के अंतर्गत मौजा/ग्राम कठियाघाट न.ब. 506 प.ह.न. 27 (नया 24) खसरा नं. 33/2, 34 कुल रकबा 1.3230 हेक्टेयर (13230 वर्गमीटर) भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास अनुमति (Krishna Avenue) की अनुमति हेतु विकासकर्ता/कालोनाईजर मेसर्स कृष्णा इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा पार्टनर श्री सार्थक सेठी पिता श्री अनिल सेठी पता- शॉप नं. 01, कृष्णा हाईट्स, ग्वारीघाट रोड, जबलपुर, द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है- बंधक सम्पति का विवरण- भूखंड क्रमांक - 62 से 67 कुल 06 कुल क्षेत्रफल 623.1 वर्गमीटर अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति/भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं बंधक मुक्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

प्रभारी कालोनी सेल
नगर निगम, जबलपुर

**खबर संक्षेप**

### जेएसडब्ल्यू स्टील का लाभ 19,243 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** इस्पात कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 19,243 करोड़ रहा है जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 1,501 करोड़ था। कंपनी के मुनाफे में यह बढ़ोतरी 17,888 करोड़ रुपये के असाधारण लाभ का नतीजा है। कंपनी ने विजयनगर संयंत्र के क्षमता विस्तार पर 26,000 करोड़ निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### अपोलो टायर्स का मुनाफा तीन गुना होकर 631 करोड़

**नई दिल्ली।** अपोलो टायर्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना से अधिक होकर 630.97 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष-2024-25 की समान तिमाही में 184.62 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया था। अपोलो टायर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय बढ़कर 7,335.67 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 6,423.59 करोड़ थी।

### रुपया सात पैसे टूटकर 95.73 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले और कमजोर होकर रिकॉर्ड निचले स्तर 95.73 (अस्थायी) पर रहा। मजबूत अमेरिकी डॉलर और ऊंची ऊर्जा कीमतों के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई। मुद्रास्फीति की चिंताओं और वैश्विक बाजार में डॉलर की मजबूती के कारण रुपये में कमजोर रुख बना रह सकता है।

### आईआरएफसी का लाभ लगभग स्थिर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 1,684 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रहा। रेल मंत्रालय के तहत आने वाली इस सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,682 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आईआरएफसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2025-26 की चौथी तिमाही में उसकी कुल आय नौ प्रतिशत बढ़कर 7,329 करोड़ रुपये हो गई,

### टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का मुनाफा 31 प्रतिशत घटा



**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 31.29 प्रतिशत घटकर 5,878 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान (जनवरी-मार्च) तिमाही में 8,556 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय सात प्रतिशत बढ़कर 1.05 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की इसी तिमाही में 98,377 करोड़ रुपये थी।

### एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस का मुनाफा 9 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 1,497 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,368 करोड़ रुपये था। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय हालांकि घटकर 7,195 करोड़ रुपये रह गई जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 7,283 करोड़ रुपये थी। वहीं ब्याज आय भी 7,117 करोड़ रुपये से घटकर 7,009 करोड़ रुपये रह गई।

# मित्तल एयरटेल की बागडोर नई पीढ़ी को सौंपने की तैयारी में

**नई दिल्ली।** दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज सुनील भारती मित्तल ने कहा है कि वह अगले दशक में भारती एयरटेल लिमिटेड की कमान नई पीढ़ी को सौंपने की योजना बना रहे हैं। साथ ही उनकी इच्छा प्रवर्तक कंपनी भारती टेलीकॉम में फिर से 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी हासिल करने की भी है। मित्तल और सिंगटेल समूह के स्वामित्व वाली भारती टेलीकॉम के पास वर्तमान में एयरटेल में 40.47 प्रतिशत हिस्सेदारी है। प्रवर्तक कंपनियां भारती टेलीकॉम, मित्तल परिवार की होल्डिंग कंपनी इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट, सिंगटेल ग्रुप की कंपनी पास्टेल और अन्य मिलकर एयरटेल में 48.87 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती हैं।

## मित्तल की इच्छा भारती टेलीकॉम में 50 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने की

### भारती एयरटेल को नियंत्रक शेयरधारिता हासिल करनी चाहिए

भारती एयरटेल की जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजों की घोषणा के दौरान मित्तल ने कहा, '' मुझे पता है कि एकदम सटीक भविष्यवाणी करना मुश्किल है लेकिन मेरी इच्छा है कि अगले दशक में जब मैं शेयरधारकों के रूप में अगली पीढ़ी को बागडोर सौंपने के मुकाम तक जाऊं तब तक भारती टेलीकॉम को 51 प्रतिशत या 50 प्रतिशत से थोड़ा अधिक की नियंत्रक शेयरधारिता हासिल कर लेनी चाहिए।''




### एयरटेल में हिस्सेदारी बढ़ाने बड़ी पूंजी की जरूरत

मित्तल ने कहा कि एयरटेल में भारती टेलीकॉम की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत बढ़ाने के लिए बड़ी पूंजी की आवश्यकता होगी, जो मौजूदा शेयर मूल्य एवं बाजार पूंजीकरण के आधार पर लगभग एक लाख करोड़ रुपये के निवेश के बराबर है। मित्तल ने कहा कि मूल विचार यह है कि नियंत्रण एवं प्रवर्तक शेयरधारिता एक ही कंपनी के माध्यम से होनी चाहिए।

### सिंगटेल की हिस्सेदारी घटाने की प्रक्रिया जारी

मित्तल ने कहा कि सिंगटेल की हिस्सेदारी घटाने की प्रक्रिया जारी है और नई संरचना के बाद हिस्सेदारी अंतर कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले तीन से चार वर्ष में 3.6 प्रतिशत की शेष हिस्सेदारी हासिल करने की योजना एयरटेल के प्रदर्शन, शेयर की पुनर्खरीद और लाभांश जैसे कारकों पर निर्भर करेगी।

### मित्तल का कार्यकाल पांच साल के लिए और बढ़ा

मित्तल का वर्तमान कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त होना था लेकिन इसे 30 सितंबर, 2031 तक पांच वर्ष के लिए फिर से बढ़ा गया है। एयरटेल ने जनवरी-मार्च तिमाही में 33.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,325 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि वार्षिक राजस्व पहली बार दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया।

## ईंधन, बिजली एवं कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि

# थोक मुद्रास्फीति में जबर्दस्त उछाल, अप्रैल में 42 माह के उच्चस्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंची

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट से ईंधन, बिजली एवं कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 42 महीने के उच्चतम स्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 3.88 प्रतिशत थी।

**थोक मूल्य सूचकांक मार्च में 3.88 प्रतिशत थी**

वैश्विक ब्रोकरेज फर्म बार्कलेज के अनुसार, थोक मुद्रास्फीति में क्रमिक वृद्धि इस श्रृंखला में अब तक की सबसे अधिक रही है। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि ने मुख्य मुद्रास्फीति दर में उछाल आया। धातुओं, रसायनों और वस्त्रों की विनिर्माण लागत में वृद्धि के कारण मुख्य थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत तक बढ़ गई।

## क्रमिक वृद्धि इस श्रृंखला में अब तक की सबसे अधिक रही

### कच्चे तेल की कीमतों ने ईंधन आयात को महंगा बना दिया

पश्चिम एशिया युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में अवरोध ने भारत में कच्चे पेट्रोलियम के आयात को बाधित कर दिया है। साथ ही, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि ने ईंधन आयात को महंगा बना दिया है। मंत्रालय ने बयान में कहा, '' अप्रैल, 2026 में मुद्रास्फीति खनिज तेल, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातु, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण अधिक रही।''



### खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति दर 1.98 प्रतिशत रही

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 1.98 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 1.90 प्रतिशत थी। गैर-खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर 12.18 प्रतिशत हो गई जो पिछले महीने 11.5 प्रतिशत थी।

**पेट्रोल में महंगाई पर 32.40 प्रतिशत रही**

ईंधन और बिजली श्रेणी में, एलपीजी में मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 10.92 प्रतिशत रही। पेट्रोल में महंगाई दर 32.40 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने 2.50 प्रतिशत थी। डीजल में महंगाई दर अप्रैल में 25.19 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 3.26 प्रतिशत थी। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद सरकार ने अब तक पेट्रोल और घरेलू एलपीजी की कीमतों को स्थिर रखा है ताकि उपभोक्ताओं को कीमतों में बढ़ोतरी के असर से बचाया जा सके।

### लॉजिस्टिक लागत का असर अब महंगाई में दिखने लगा

बजाज ब्रोकिंग के बुनियादी विश्लेषक शाश्वत सिंह ने कहा कि बढ़ती लॉजिस्टिक लागत, माल ढुलाई और जिंस कीमतों का असर अब धीरे-धीरे थोक महंगाई में दिखाई देने लगा है। इसका असर आगे उपभोक्ता मुद्रास्फीति पर भी पड़ सकता है।

### पेट्रोल, डीजल दोनों हो सकते हैं पांच रुपए लीटर महंगे

बार्कलेज के अनुसार, मई में पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में जल्द पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की जा सकती है, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें अब भी ऊंची बनी हुई हैं। साथ ही ऐसा लगता है कि मौद्रिक नीति समिति आपूर्ति झटके से बढ़ी महंगाई को नजरअंदाज करेगी और 2026 के बाकी समय में नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं करेगी।

# सोना 650 रुपए मजबूत और चांदी में गिरावट

**सोना बढ़कर 1.66 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 900 रुपए टूटकर 2,96,600 रुपए प्रति किलोग्राम**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 650 रुपये बढ़कर 1.66 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। यह बढ़ोतरी लगातार जारी भू-राजनीतिक तनाव के बीच डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आने के बाद हुई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 650 रुपये बढ़कर 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो बुधवार को 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। कीमती धातु की कीमतों में यह लगातार तीसरे दिन की गिरावट है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''घरेलू बाजार में सोने में मामूली बढ़त देखी गई, जिसे अंतरराष्ट्रीय बाजार से मिले सकारात्मक संकेतों और भारतीय रुपये में लगातार कमजोरी का समर्थन मिला। हालांकि, बढ़त सीमित रही क्योंकि ऊंची कीमतों के कारण भौतिक मांग पर दबाव पड़ा और कुल मिलाकर खरीदारी में दिलचस्पी कम रही।'' बृहस्पतिवार को, रुपया और कमजोर हुआ और डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 95.73 (अस्थायी) पर गिर गया। यह गिरावट मजबूत डॉलर और ऊर्जा की ऊंची कीमतों के बीच मुद्रास्फीति की चिंताओं के कारण हुई।

### चांदी में तीन दिनों की जारी बढ़त थमी

सराफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी की कीमतों में गिरावट आई। इसमें लगातार तीन दिन से जारी बढ़त का सिलसिला थम गया। चांदी 900 रुपये टूटकर 2,96,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## दूरसंचार, दवा और निजी बैंकिंग शेयरों में रही खरीदारी

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही तेजी, सेंसेक्स 790 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸ मुंबई




स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और सेंसेक्स करीब 790 अंक चढ़कर बंद हुआ। दूरसंचार, दवा और निजी बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को मजबूती मिली।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 789.74 अंक की बढ़त के साथ 75,398.72 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, दूरसंचार और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी लौटने से यह एक समय 1,000 अंक से अधिक चढ़कर 75,681.88 अंक के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी भी 277 अंक यानी 1.18 प्रतिशत चढ़कर 23,689.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल में सर्वाधिक पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। कंपनी का वार्षिक राजस्व पहली बार दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने के बाद निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी। इसके साथ इटर्नल में 3.32 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक में 2.67 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, आईटीसी और एसबीआई में भी बढ़त रही। दूसरी तरफ इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी के शेयरों में गिरावट रही। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बावजूद बाजार ने दिन के निचले स्तर से मजबूत वापसी की।''

### कच्चा तेल बढ़कर 106.48 डॉलर प्रति बैरल

एशिया के अन्य बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। चीन का शंघाई कम्पोजिट और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए जबकि हांगकांग का हैंगसेंग स्थिर रहा। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त में रहा। अमेरिकी बाजार भी बुधवार को अधिकतर बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब एक प्रतिशत बढ़कर 106.48 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## बागमाने रीट का शेयर 3.5% बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** ब्लैकस्टोन समर्थित बागमाने प्राइम ऑफिस रीट का शेयर अपने निर्गम मूल्य 100 रुपये के मुकाबले 3.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर 103.50 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य 100 रुपये से 3.5 प्रतिशत अधिक है। बाद में इसमें कुछ गिरावट आई और यह 103.10 रुपये पर कारोबार करने लगा। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 3.4 प्रतिशत अधिक 103.40 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर कंपनी का बाजार मूल्यांकन 35,071 करोड़ रुपये था।

# होंडा 2028 से भारतीय बाजार के अनुरूप मॉडल पेश करेगी: सीईओ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




जापान की वाहन विनिर्माता होंडा मोटर कंपनी 2028 से भारतीय बाजार के अनुरूप नए मॉडल पेश करना शुरू करेगी। कंपनी दोपहिया कारोबार के मजबूत आधार का उपयोग कर ग्राहकों को यात्री वाहन खंड की ओर आकर्षित करने की रणनीति पर काम करेगी। होंडा मोटर कंपनी के निदेशक, अध्यक्ष एवं वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तोशिहिरो मिबे ने टोक्यो में कहा कि कंपनी ने भारत को उत्तरी अमेरिका और जापान के साथ अपनी भविष्य की वृद्धि रणनीति के लिए प्राथमिक बाजारों में शामिल किया है और इन बाजारों में रणनीतिक रूप से संसाधन आवंटित किए जाएंगे। सीईओ ने कहा कि होंडा भारत में अपनी दोपहिया उत्पादन क्षमता भी बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी 2028 तक वार्षिक उत्पादन क्षमता मौजूदा 62.5 लाख इकाइयों से बढ़ाकर लगभग 80 लाख इकाइयों तक ले जाएगी। भारत होंडा के मोटरसाइकिल कारोबार का सबसे बड़ा बाजार है। मिबे ने कहा कि वाहन कारोबार को फिर से मजबूत करने और मध्यम तथा दीर्घकालिक वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए होंडा जापान, भारत और चीन में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने पर ध्यान देगी। भारत के संदर्भ में उन्होंने कहा कि होंडा भारतीय ग्राहकों की जरूरतों और पसंद के मुताबिक अपने वाहनों की खूबियां और डिजाइन तैयार करेगी।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 25.4 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 25.4 प्रतिशत बढ़कर 4,37,312 इकाई हो गई। इससे पिछले साल की तेजी को बरकरार रखते हुए नए वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत हुई है। उद्योग निकाय सियाम ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अप्रैल 2025 में थोक बिक्री 3,48,847 इकाई रही थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वस्तुओं की ऊंची कीमतों की चिंताओं के बावजूद मोटर वाहन उद्योग में अच्छी मांग देखी जा रही है।

# देश में ईवी बैटरी की मांग 10 गुना होने का अनुमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए बैटरी की मांग वर्ष 2032 तक करीब 10 गुना बढ़कर 200 गीगावाट-घंटा हो जाने का अनुमान है जबकि 2025 में यह 20 गीगावाट-घंटा थी। उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

आईईएसए ने एक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि भारत में ईवी के लिए अवसर अब केवल वाहन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि असली बढ़त कलपुर्जों के स्थानीय उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला के विकास में है। इससे भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित होने में मदद मिल सकती है।

**■ आईईएसए का अनुमान 2032 में 200 गीगावाट-घंटा होगा**

आईईएसए भारतीय ईवी परिदृश्य पर कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशंस (सीईएस) के सहयोग से तैयार एक अध्ययन रिपोर्ट 8-10 जुलाई को नयी दिल्ली में होने वाले 12वें भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के दौरान जारी करेगा।

रिपोर्ट के अनुसार, देश का ईवी उद्योग अब बड़े बदलाव के दौर में है और यह नीति-प्रेरित शुरुआत से आगे बढ़कर एक व्यापक औद्योगिक पारिस्थितिकी बन चुका है, जिसमें बैटरी, मोटर, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और आपूर्ति श्रृंखला शामिल हैं। आईईएसए के अध्यक्ष देबमाल्य सेन ने कहा कि ईवी बाजार तेजी से बढ़ रहा है और 2032 तक बैटरी मांग में 10 गुना उछाल आने की संभावना है।

सेन ने कहा कि आगे की वृद्धि स्थानीय निर्माण, नई बैटरी प्रौद्योगिकी और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भर करेगी।

### फिलहाल दोपहिया ईवी की हिस्सेदारी सबसे अधिक

अध्ययन रिपोर्ट कहती है कि फिलहाल दोपहिया ईवी की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है, लेकिन आने वाले समय में यात्री वाहन और हल्के वाणिज्यिक वाहनों से वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

## घरेलू उपलब्धता बढ़ाने व कीमतें नियंत्रित करने उठाया गया कदम

# भारत ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक लगाई रोक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी है। इससे पहले चीनी निर्यात प्रतिबंधित श्रेणी में आता था जिसका निर्यात करने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को जारी अधिसूचना में कहा, ''चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी एवं परिष्कृत चीनी) की निर्यात नीति को तत्काल प्रभाव से 30 सितंबर, 2026 तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) ''प्रतिबंधित'' से ''निषिद्ध'' कर दिया गया है।''

### 16 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति

विदेश व्यापार महानिदेशालय का यह आदेश अग्रिम प्राधिकरण योजना, सरकार-से-सरकार निर्यात और उन खेपों पर लागू नहीं होगा जो पहले से भौतिक निर्यात प्रक्रिया में हैं। चीनी विपणन वर्ष 2025-26 (अक्टूबर से सितंबर) के लिए खाद्य मंत्रालय ने शुरुआत में 15 लाख टन निर्यात की अनुमति दी थी। फिर 5,00,000 टन का अतिरिक्त कोटा खोला गया जिसमें से केवल 87,587 टन को मंजूरी दी गई। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 16 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी गई।



### अक्टूबर 2022 में भी चीनी निर्यात पर लगा था प्रतिबंध

भारत ने अक्टूबर 2022 में चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था और बाद में इसे समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश सरकार द्वारा मिलों को आनुपातिक रूप से कोटा वितरित करके निर्यात को नियंत्रण में रखता है।

यह आदेश हालांकि, क्रमशः सीएक्सएल और शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) व्यवस्था के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को निर्यात की जाने वाली चीनी पर लागू नहीं होगा। इन व्यवस्थाओं के तहत निर्यातकों को निर्धारित मात्रा में चीनी को इन गंतव्यों पर काफी कम या शून्य सीमा शुल्क पर भेजने की अनुमति मिलती है।


खाद्य मंत्रालय और चीनी मिलों को उम्मीद थी कि समूचे 2025-26 विपणन वर्ष में 7.5-8 लाख टन का निर्यात होगा। भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ' (इस्मा) के अनुसार, भारत का चीनी उत्पादन 2025-26 विपणन सत्र में अप्रैल तक 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2.752 करोड़ टन हो गया। इसकी मुख्य वजह महाराष्ट्र और कर्नाटक में अधिक उत्पादन रहा।

## चिंतन

# मतदाता सूची शुद्ध है ये दिखना भी जरूरी

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत निष्पक्ष और भरोसेमंद चुनाव होते हैं। चुनाव तभी विश्वसनीय माने जाते हैं, जब मतदाता सूची पूरी तरह पारदर्शी, सटीक और संदेह से परे हो। यही वजह है कि चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूत करने का अभियान है। अब जब आयोग ने 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में तीसरे चरण की घोषणा कर दी है, तो यह जरूरी हो जाता है कि मतदाता सूची न केवल शुद्ध हो, बल्कि जनता को यह स्पष्ट रूप से दिखे भी कि प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी है। एसआईआर का तीसरा चरण 1 जुलाई से शुरू होगा। पिछले एसआईआर में मतदाता सूची को लेकर कई विवाद सामने आए। कर्नाटक में हजारों वोटर आईडी में मकान नंबर "0", "00", "77777" या "9999" दर्ज पाए गए। बिहार में भी करीब 2.92 लाख मतदाताओं के पते इसी तरह दर्ज होने का मामला सामने आया। विपक्ष ने इसे फर्जी मतदाताओं और चुनावी धांधली से जोड़कर सवाल उठाए। चुनाव आयोग ने सफाई दी कि बेघर, अनधिकृत कॉलोनियों या बिना नंबर वाले मकानों में रहने वाले लोगों को मतदाता सूची से बाहर न करने के लिए ऐसे "नोशनल नंबर" दिए जाते हैं। यह तर्क मानवीय और समावेशी जरूर है, लेकिन सवाल यह है कि यदि सत्यापन की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से नहीं होगी तो संदेह की गुंजाइश बनी रहेगी। यदि मतदाता सूची में एक ही पते पर दर्जनों नाम दिखाई दें या हजारों घरों का नंबर "0" हो, तो आम मतदाता के मन में शंका पैदा होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि चुनाव आयोग को अब तकनीकी और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर सुधार की जरूरत है। आयोग द्वारा मकान नंबर की अनिवार्यता खत्म करने या नए फॉर्मेट पर विचार करना एक सकारात्मक कदम हो सकता है, लेकिन इसके साथ मजबूत ग्राउंड वेरिफिकेशन और जवाबदेही भी जरूरी होगी। तीसरे चरण में 3.94 लाख बीएलओ और 3.42 लाख बीएलए को लगाया गया है, जो घर-घर जाकर लगभग 36.73 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। बीएलओ द्वारा की गई एंट्री का डिजिटल ऑडिट, जीपीएस आधारित सत्यापन और राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। एसआईआर में पिछली जो गलतियां सामने आई, उन्हें भी इस बार ठीक करना होगा। वहीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा उठाए गए सवालों को भी प्रक्रिया में शामिल किया जाए। बीएलओ और अन्य कर्मचारियों को भी सुरक्षा देना प्राथमिकता होना चाहिए ताकि वे निष्पक्षता से काम कर सकें। इसके अलावा गर्मी का मौसम भी चुनौती बढ़ा सकता है। विपक्ष के आरोपों, सुप्रीम कोर्ट के सवालों और चुनाव आयोग के जवाबों के बीच राजनीतिक टकराव भी तेज हुआ है। इस मुद्दे को केवल राजनीतिक लाभ-हानि के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। मतदाता सूची किसी एक दल की नहीं, पूरे लोकतंत्र की नींव है। हालांकि पिछली बार पश्चिम बंगाल को छोड़ दें तो बाकी राज्यों में कोई ज्यादा दिक्कत नहीं है। अगले साल मणिपुर, उत्तराखंड, पंजाब, यूपी और गुजरात में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। अंततः, एसआईआर केवल मतदाता सूची सुधारने की कवायद नहीं, बल्कि लोकतंत्र में जनता के विश्वास की परीक्षा भी है। चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रहे और कोई भी फर्जी नाम सूची में न बचे। मतदाता सूची शुद्ध होना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी यह दिखना भी है कि प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद है। यही लोकतंत्र की असली मजबूती होगी।

## सारा संसार



जम्मू कश्मीर राज्य में त्रिकुटा पहाड़ियों में समुद्रतल से 15 किमी की ऊंचाई पर स्थित माता वैष्णोदेवी मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है, जो हिंदू धर्म के लोगों के लिए आध्यात्मिकता और श्रद्धा से भरपूर है। इतनी कठिनाई पर स्थित होने के बावजूद भी यहां हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और फरियादें लेकर आते है। वैष्णो देवी एक धार्मिक ट्रेकिंग डेस्टिनेशन है।

## संदेश

डॉ. कविता सिंधु खरीटा



# पीएम का आह्वान आत्मनिर्भर भारत की ओर जागरूक कदम

आज का समय केवल विकास की दौड़ का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रहित को समझने का समय है। वैश्विक परिस्थितियों, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया "राष्ट्रहित का आह्वान" केवल एक राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए जिम्मेदारी का संदेश है। यह आह्वान हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों से नहीं होता, बल्कि आम नागरिकों की छोटी-छोटी आदतों और निर्णयों से भी होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार "वोकल फॉर लोकल", "मेक इन इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" जैसे अभियानों के माध्यम से देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और विदेशी निर्भरता कम करने का संदेश दिया है। उनका मानना है कि जब भारत का नागरिक अपने ही देश में बने उत्पादों पर विश्वास करेगा, तभी भारत आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेगा। यह केवल व्यापार का विषय नहीं, बल्कि देश के करोड़ों किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ प्रश्न है। भारत जैसे विशाल देश में यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में थोड़ी जागरूकता दिखाए, तो इसका प्रभाव पूरे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, यदि हम स्थानीय उत्पाद खरीदते हैं, तो उससे छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और देश का पैसा देश में ही रहता है। इसके विपरीत विदेशी वस्तुओं पर अत्यधिक निर्भरता देश की आर्थिक शक्ति को कमजोर करती है। प्रधानमंत्री का यह आह्वान केवल आर्थिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है। भारतीय संस्कृति सदैव आत्मसम्मान, श्रम और स्वदेशी भावना को महत्व देती रही है। महात्मा गांधी ने भी स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से यही संदेश दिया था कि आत्मनिर्भरता ही सच्ची स्वतंत्रता का आधार है। आज वही भावना आधुनिक रूप में फिर से देश के सामने प्रस्तुत की जा रही है। हालांकि केवल सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं होते। नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हमें यह विचार करना होगा कि क्या हम अपने निर्णयों से देशहित को प्राथमिकता दे रहे हैं? क्या हम पर्यावरण, स्थानीय रोजगार और भारतीय उद्योगों के प्रति संवेदनशील हैं? यदि प्रत्येक नागरिक इन प्रश्नों पर गंभीरता से विचार करे, तो भारत को विश्व शक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता। आज आवश्यकता केवल नारों की नहीं, बल्कि व्यवहारिक परिवर्तन की है। राष्ट्रहित का अर्थ केवल सीमा पर देश की रक्षा करना नहीं, बल्कि अपने दैनिक जीवन में ऐसे निर्णय लेना भी है जो देश को मजबूत बनाएं। स्वदेशी अपनाना, स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देना, संसाधनों का संयमित उपयोग करना और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना ,यही सच्चा राष्ट्रधर्म है। अंततः प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रहित आह्वान हमें यह सिखाता है कि देश का भविष्य केवल नीतियों से नहीं, बल्कि नागरिकों की सोच और सहभागिता से तय होता है। यदि भारत का हर नागरिक राष्ट्रहित को अपने व्यक्तिगत हित से ऊपर रखना सीख जाए, तो आत्मनिर्भर, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का सपना अवश्य साकार होगा।

( लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

# ईरान-अमेरिका युद्ध में तेल की बर्बादी

**अमेरिका-ईरान के बीच जंग के मैदान बने समुद्र में तेल खेल का औजार बन गया है। अमेरिकी नाकाबंदी के चलते एक महीने के भीतर ईरान के 58 तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार नहीं कर पाए। इस कारण प्रतिदिन 30 लाख बैरल से ज्यादा कच्चा तेल समुद्र में बहा रहा है। हर दिन नष्ट किए जा रहे इस तेल की कीमत 2800 करोड़ रुपये है। ईरान को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसकी तीन करोड़ बैरल तेल भंडारण की क्षमता पूरी हो चुकी है। मध्य एशिया में जल रहा यह तेल हिंद महासागर के तापमान को अप्रत्याशित रूप में बढ़ाएगा। इसका सीधा प्रभाव मौसम चक्र पर पड़ेगा। परिणाम स्वरूप अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, धूल भरे अंधड़ की घटनाएं कालांतर में देखने को मिल सकती हैं।**

अमेरिका-ईरान के बीच जंग के मैदान बने समुद्र में तेल खेल का औजार बन गया है। अमेरिकी नाकाबंदी के चलते एक महीने के भीतर ईरान के 58 तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार नहीं कर पाए। इस कारण प्रतिदिन 30 लाख बैरल से ज्यादा कच्चा तेल समुद्र में बहा रहा है। हर दिन नष्ट किए जा रहे इस तेल की कीमत 2800 करोड़ रुपये है। ईरान को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसकी तीन करोड़ बैरल तेल भंडारण की क्षमता पूरी हो चुकी है। ईरान के पास 3500 ऐसे तेल के कुएं हैं, जिनसे निरंतर तेल का उत्पादन जरूरी है। यदि तेल निकालना बंद कर दिया गया तो इन कुओं से तेल का उत्पादन हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए हो जाता है, क्योंकि ड्रिलिंग बंद कर देने से कुएं के भीतर डाली गई पाइपलाइनों में पानी-गैस भर जाती है।

इन्हीं पाइपों से कच्चा तेल रिस-रिसकर आता है। तेल की चट्टानों के छेदों में वैक्स की परत जम जाने से तेल रिसना बंद हो जाता है। यह मोम जैसा प्राकृतिक या रासायनिक ठोस पदार्थ होता है। ईरान कच्चे तेल का 90 प्रतिशत निर्यात खार्ग द्वीप से करता है। यहीं ईरान के तेलों के भंडार गृह हैं। तेल की यह बर्बादी पश्चिम एशिया के देशों के लिए ऊर्जा का संकट तो बन ही रही है, समुद्री पर्यावरण भी तेजी से बिगड़ रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता से अपील करनी पड़ी है कि इस संकट के दौरान पेट्रोल, डीजल, गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग कम से कम करें। यूरोपियन स्पेस एजेंसी के सेंटीनल सैटेलाइट डेटा और अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार खरास की खाड़ी एवं होर्मुज स्ट्रेट के आसपास समुद्री पानी की सतह पर तेल की परतें देखी गई हैं। ये परतें कुवैत के लावन द्वीप, केशम द्वीप और खार्ग द्वीप के समुद्र में बड़े-बड़े धब्बों के आकार में देखी गई हैं। इनमें से एक धब्बा करीब 120 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। विशेषज्ञों ने रडार डेटा की मदद से इसका विश्लेषण करते हुए कहा है कि सतह पर तैरता तेल लहरों को शांत कर देता है, जिससे रडार से ली गई तस्वीरों में काले और चिकने धब्बे दिखाई देते हैं। इस कारण यह आशंका बनी है कि ईरान समुद्र में तेल बर्बाद कर रहा है। यदि यह तेल लगातार छोड़ा जाता रहा तो इससे समुद्री जीवन और पर्यावरण को भारी नुकसान हो सकता है। फारस की खाड़ी के समुद्री क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मछुआरे, कोरल रीफ और अन्य समुद्री जीव रहते हैं, जिन पर लाखों लोगों की आजीविका निर्भर है। यह तेल मछलियों के लिए जहर का काम कर सकता है। समुद्री पक्षियों को नुकसान पहुंचाता है और संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को तबाह कर देता है। ऐसे में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और अनेक समुद्री जीव बेमौत मर जाते हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग समुद्री पर्यावरण के लिए भारी संकट के रूप में पेश आ रही है। यह संकट धरती से लेकर आसमान तक कहर ढा रहा है। होर्मुज के संकरे मार्ग पर तेल की इस बर्बादी से पहले पेट्रोलियम पदार्थों से भरे करीब 20 जहाज नष्ट कर दिए गए गए थे। एक अनुमान के अनुसार इन टैंकरों में तीन लाख मीट्रिक टन तरल एलपीजी भरी हुई थी। एक बड़े गैस टैंकर में लगभग 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी होती है और एक बड़े गैस टैंकर से करीब 31 से 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडर भरे




जा सकते हैं। पेट्रोलियम पदार्थ एक साथ मिट्टी, पानी और हवा को दूषित करते हुए मानव जीवन के लिए वरदान की बजाय अभिशाप साबित होने लग जाते हैं। तेल के रिसाव, तेल टैंकों के टूटने व धोने से भी समुद्र का पर्यावरणीय पारिस्थितिकी-तंत्र (इकोसिस्टम) प्रभावित हो रहा है। कुछ साल पहले जापान में टोकियों के तट पर 317 किमी की पट्टी पर तेल के फैलाव से जापान के तटवर्ती शहरों में हाहाकार मच गया था। रूस में बेलाय नदी के किनारे बिछी तेल पाइप लाइन से 150 मीट्रिक टन के रिसाव ने यूराल पर्वत पर बसे ग्रामवासियों को पेय जल का संकट खड़ा कर दिया था। सैनजुआन जहाज के कोरल चट्टानों से टकरा जाने के कारण अटलांटिक तट पर करीब तीस लाख लीटर तेल का रिसाव होने से समुद्री जीव प्रभावित हुए थे। मुंबई हाई से लगभग 1600 मीट्रिक टन तेल का रिसाव हुआ। इसी तरह बंगाल की खाड़ी में क्षतिग्रस्त तेल से फैले टैंकर ने निकोबार द्वीप समूह में तबाही मचा दी थी। जिससे यहां रहने वाली जनजातियों और समुद्री जीवों को भारी हानि हुई थी। लाइबेरिया के एक टैंकर से 85000 मीट्रिक टन रिसे तेल ने स्कॉटलैण्ड में पक्षी-समूहों को बड़ी तादात में हानि पहुंचाई दी थी।

सबसे भयंकर तेल का फैलाव यूएसए के अलास्का में हुआ था। यह रिसाव प्रिंस विलियम साउण्ड टैंकर से हुआ था। इस तेल के फैलाव का असर छह माह तक रहा। इस अवधि के दौरान इस क्षेत्र में 35000 पक्षी, 10000 ओस्टर शेलफिस और 15 व्हेल मछली मर गईं थीं। बावजूद इस घटना का असर इराक युद्ध में सद्दाम हुसैन द्वारा समुद्र में छोड़े तेल से कम था। यह तेल इसलिए छोड़ा गया था कि कहीं यह अमेरिका के हाथ न लग जाए। अमेरिका द्वारा इराक के तेल टैंकरों पर की गई बमबारी से भी लाखों टन तेल समुद्री सतह पर फैला था। एक अनुमान के मुताबिक इस कच्चे तेल की मात्रा 110 लाख बैरल थी। इस तेल के बहाव ने फारस की खाड़ी में घुसकर जीव जगत के लिए भारी हानि पहुंचाई थी। इस प्रदूषण का असर मिट्टी, पानी और हवा तीनों पर पड़ा था। जानकारों का मानना है कि इराक युद्ध का पर्यावरण पर पड़ा दुष्प्रभाव हिरोशिमा-नागासाकी पर हुए परमाणु हमले, भोपाल गैस त्रासदी और चेरनोबिल दुर्घटना से भी ज्यादा था। इस कारण इराक का एक क्षेत्र जहरीले रेगिस्तान में तब्दील हो गया और वहां महामारी का प्रकोप भी अर्से तक रहा। समुद्री सतह पर ये तरल द्रव्य बड़ी मात्रा में फैलते हैं तो इससे जल की सतह पर एक मोटी परत बन जाती है,सूर्य की रोशनी और ऑक्सीजन को नीचे जाने में बाधा बन जाती है। इससे जल के भीतर स्वाभाविक रूप में जीवन व्यतीत कर रहे जीव दम घुटने से मर जाते हैं। जो जीव किसी कारण से बचे भी रहते हैं,उनकी प्रजनन क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। तेल के कुओं और भंडार गृहों में आग लगने से तीव्र एवं जहरीली रोशनी निकलती है। यह रोशनी मधुमक्खियों जैसे परा-गणकों को प्रभावित कर उनके जीवन चक्र को बाधित कर देती है। समुद्र में जल रहा तेल पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन तेजी से बिगाड़ने का काम कर रहा है। इससे भविष्य में वैश्विक जलवायु आपातकाल की स्थिति निर्मित हो रही है। ऊर्जा असंतुलन बढ़ता रहा तो वायुमंडल का तापमान गरम होगा, जो एक साथ पृथ्वी,वायु और पानी की नमी को सोखने का काम करेगा। यह हिमनदों के बड़ी मात्रा में पिघलने का कारण बनने के साथ भारी बारिश का सबब बनेगा। जंगलों में आग लगने की घटनाएं बड़ी संख्या में देखने में आएंगी। मध्य एशिया में जल रहा यह तेल हिंद महासागर के तापमान को अप्रत्याशित रूप में बढ़ाएगा। इसका सीधा प्रभाव मौसम चक्र पर पड़ेगा। परिणाम स्वरूप अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, धूल भरे अंधड़ की घटनाएं कालांतर में देखने को मिल सकती हैं।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## ज्ञान का अभिषेक



संकलित
दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं।

## आइसक्रीम की एक डिश



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चला गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न कि अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए। हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की ओर नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## बेहाल



वनराज इस वक्त गर्मी से बेहाल है। कानपुर के जियोलॉजिकल पार्क में प्यास बुझाता शेर।

## आज की पाती


### बच्चों की पहली शिक्षक होती है मां

मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि जीवन की सबसे गहरी अनुभूति है। संसार में बच्चे की पहली पहचान, पहला स्पर्श, पहला भरोसा और पहली शिक्षा मां से ही शुरू होती है। किसी भी समाज की सभ्यता और संवेदनशीलता इस बात से आंकी जा सकती है कि वहां मातृत्व को कितना सम्मान और महत्व दिया जाता है। आधुनिक समय में भले ही शिक्षा के बड़े-बड़े संस्थान, डिजिटल तकनीक और करियर की दौड़ ने जीवन की दिशा बदल दी हो, लेकिन आज भी यह सत्य उतना ही मजबूत है कि बच्चे की पहली शिक्षक उसकी मां ही होती है। बच्चा जब जन्म लेता है, तब वह इस दुनिया की भाषा नहीं जानता।

- राधिका शुक्ला, अंबाला

## करंट अफेयर


# भारत ने आतंकी शेरा के प्रत्यर्पण पर पुर्तगाल का जताया आभार



**लिस्बन।** भारत ने मादक पदार्थ से संबद्ध वांछित आतंकवादी इकबाल सिंह उर्फ शेरा के पुर्तगाल से प्रत्यर्पण में समर्थन और सहयोग के लिए वहां की सरकार और उसकी एजेंसियों का आभार व्यक्त किया है। बुधवार को, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पुर्तगाल से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण के बाद सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुर्तगाल से दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचते ही एनआईए के एक दल ने उसे हिरासत में ले लिया। वह 2020 में फरार हो गया था और पुर्तगाल चला गया था। लिस्बन स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, /"लिस्बन में भारत का दूतावास इकबाल सिंह के भारत प्रत्यर्पण में समर्थन और सहयोग के लिए पुर्तगाली अधिकारियों को धन्यवाद देता है।/" दूतावास द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पुर्तगाल से इकबाल सिंह उर्फ शेरा को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण के बाद भारत लाया गया है। सिंह पर मादक पदार्थ तस्करी और आतंकवाद के लिए वित्तपोषण करने सहित कई गंभीर अपराधों के आरोप हैं। अब भारत में उस पर मुकदमा चलाया जाएगा। बयान में कहा गया, /"भारत सरकार इकबाल सिंह के सफल प्रत्यर्पण में सहयोग और समर्थन के लिए पुर्तगाल सरकार और उसकी एजेंसियों को धन्यवाद देती है।

## ऑफ बीट

# क्या कॉफी वाकई कैफीन मुक्त होती है



डिकैफ़िनेटेड या 'कैफीन मुक्त' कॉफ़ी व्यापक रूप से उपलब्ध है, और इसकी खपत में वृद्धि होने की सूचना है। यहां आपको कैफीन मुक्त कॉफ़ी के बारे में जानने की आवश्यकता है: यह कैसे बनाई जाती है, स्वाद, लाभ – और क्या यह वास्तव में कैफीन मुक्त है। डिकैफ़ कैसे बनता है? कॉफ़ी बीन की सुगंध और स्वाद को बरकरार रखते हुए कैफीन को हटाना कोई आसान काम नहीं है। डिकैफ़ कॉफ़ी हरे, बिना भुने कॉफ़ी बीन्स से उनकी कैफीन सामग्री को हटाकर बनाई जाती है और इस तथ्य पर निर्भर करती है कि कैफीन पानी में घुल जाता है। कैफीन को हटाने के लिए तीन मुख्य तरीकों का उपयोग किया जाता है: रासायनिक सॉल्वेंट्स, तरल कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2), या विशेष फिल्टर वाला सादा पानी। इन सभी प्रसंस्करण विधियों में आवश्यक अतिरिक्त कदमों के कारण डिकैफ़ कॉफ़ी अक्सर अधिक महंगी होती है। अधिकांश डिकैफ़ कॉफी विलायक-आधारित तरीकों का उपयोग करके बनाई जाती है क्योंकि यह सबसे सस्ती प्रक्रिया है। यह विधि दो और प्रकारों में विभाजित है: प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष। प्रत्यक्ष विधि में कॉफी बीन्स को भाप में पकाना और फिर उन्हें बार-बार एक रासायनिक विलायक (आमतौर पर मेथिलीन क्लोराइड या एथिल एसीटेट) में भिगोना शामिल है जो कैफीन से बंध जाता है और इसे बीन्स से निकालता है।


## ट्रेंड

### राहुल की विदेश यात्रा



2004 से 2026 के बीच राहुल गांधी की 54 विदेश यात्राओं पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि घोषित आय 11 करोड़ रुपये है। यदि यह खर्च विदेशी स्रोतों से हुआ है, तो एफसीआरए की अनुमति कहां है? यदि यह निजी स्रोतों से हुआ है, तो इसका उल्लेख कर रिटर्न में क्यों नहीं है?
**-अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### आरक्षित वन घोषित




दिल्ली के सेंट्रल रिज के 673.32 हेक्टेयर क्षेत्र को आरक्षित वन घोषित कर दिया है। यह निर्णय जैव विविधता के संरक्षण, पर्यावरणीय लचीलेपन में सुधार और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने में सहायक होगा।
**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### अनावश्यक खर्चों से परहेज



मैं पिछले तीन वर्षों से इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर रहा हूं, जिसमें डीजल या पेट्रोल का उपयोग नहीं होता है। हमने हमेशा अनावश्यक खर्चों से परहेज किया है, और यही कारण है कि हमारा राज्य आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।
**-सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिमाचल प्रदेश**

### जनता के पास अवसर



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने तीन साल पहले जनता को झूठे वादे देकर सरकार बनाई थी, लेकिन आज तक वे वादे पूरे नहीं हुए हैं। इन चुनावों में जनता के पास सबक सिखाने का सुनहरा अवसर है।
**-अनुराग ठाकुर,** सांसद, भाजपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# पैरा क्रिकेटर आमिर पर बनेगी बायोपिक, निशिल करेंगे निर्देशन

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर पैरा क्रिकेट टीम के कप्तान आमिर हुसैन लोन अपनी जबरदस्त काबिलियत के लिए जाने जाते हैं। वह उन युवाओं के लिए प्रेरणा हैं जो छोटी-छोटी बातों पर मायूस हो जाते हैं।

आमिर के दोनों हाथ नहीं हैं। वह गर्दन और कंधे में बैट फंसा कर बैटिंग करते हैं। वह पैरों से गेंदबाजी करते हैं। उनकी जिंदगी पर एक फीचर फिल्म बनने वाली है। कान फिल्म फेस्टिवल में इसका ऐलान हुआ है। इस अपकमिंग फिल्म का निर्देशन निशिल शेठ करेंगे। वह भारतीय लेखक और निर्देशक हैं। उनकी पहली फीचर फिल्म 'भस्मासुर' का प्रीमियर अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल सर्किट में हुआ था। इस फिल्म को कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार मिले थे।

## लाइफ Style

# तारा
## काले चश्मे ने जड़ दिए चार चांद



कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में तारा सुतारिया ने पहले लुक से सबका ध्यान खींचा था। अब उन्होंने एक और खूबसूरत लुक के साथ वापसी की है। इस बार उन्होंने भारी-भरकम गाउन की जगह सरल और एलिगेंट स्टाइल चुना, जिसमें वह बेहद हसीन दिख रही हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तारा ने यह ब्लैक ड्रेस लुक 'रेड सी वुमन इन सिनेमा' के कार्यक्रम के लिए लिया है। रोमानियाई डिजाइनर रिया कोस्टा की इस ड्रेस को तान्या घावरी ने स्टाइल किया है। तारा ने ब्लैक ड्रेस में डलीला नाम का ऑफ-शोल्डर कॉर्सेट टॉप पहना है, जो शरीर पर अच्छे से फिट बैठता है। इसके साथ मैचिंग काली मिडी स्कर्ट है, जिसमें हल्की प्लेट्स और पीछे छोटी सी स्लिट बनी है। तारा का यह पूरा लुक क्लासिक काले रंग का है, जो न ज्यादा भड़कीला है और न ही पुराना लगता है। जो बहुत महंगा और स्टाइलिश दिखता है। कान जैसे बड़े फेस्टिवल में जहां भारी गाउंस हर तरफ दिखते हैं, तारा का यह एलिगेंट और ताजा लुक अलग और खास है। एक्सेसरीज की बात करें तो तारा ने विंटेज शनेल इयररिंग्स के साथ सेंट लॉरेंट के काले सनग्लासेस पहने हैं। इसके साथ तारा ने जिमी चू हील्स से अपने लुक को और भी इनहैंस किया है। तारा सुतारिया ने ज्यादा गहने नहीं पहने। हल्का मेकअप, तरोताजा चेहरा और सुंदर बालों के साथ उन्होंने अपने पूरे लुक को परफेक्ट बनाया है। तारा ने इस लुक से साबित कर दिया कि रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरने के लिए भारी गाउन की जरूरत नहीं है।

## हॉलीवुड मसाला

# विन का मस्ती भरा अंदाज



**पेरिस।** द फास्ट एंड द फ्यूरियस की स्टार कास्ट कान फेस्टिवल में अपनी फिल्म का प्रमोशन करने पहुंची थी। फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले रेड कारपेट पर स्टार कास्ट का मस्ती भरा अंदाज भी दिखा। विन डीजल ने तो महफिल ही लूट ली। फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले इनका मस्ती भरा अंदाज भी देखने को मिला। विन डीजल फिल्म 'द फास्ट एंड द फ्यूरियस' के लीड एक्टर हैं। इस फ्रैंचाइज फिल्म का वह अहम हिस्सा हैं। कान फिल्म फेस्टिवल में वह सबसे ज्यादा मस्ती करते दिखे।



# फीफा विश्व कप में शकीरा-मैडोना और बीटीएस करेंगे परफॉर्म

**लॉस एंजिल्स।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में दर्शकों को खेल के साथ-साथ फुल एंटरटेनमेंट भी मिलने वाला है। क्योंकि, फाइनल में एक नहीं बल्कि कई इंटरनेशनल स्टार्स की परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी। टूर्नामेंट के पहले हाफटाइम शो में मैडोना, शकीरा और बीटीएस के कलाकार परफॉर्म करते नजर आएंगे। इन कलाकारों के नाम आज घोषित कर दिए गए हैं। ग्लोबल सिटिजन ने इस बारे में घोषणा करते हुए बताया कि मैडोना, शकीरा और बीटीएस के आर्टिस्ट 19 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होने वाले विश्व कप फाइनल में परफॉर्म करेंगे। बिलबोर्ड के अनुसार, हाफटाइम शो लगभग 11 मिनट का होगा। यह घोषणा एक मजेदार सोशल मीडिया वीडियो के जरिए की गई, जिसमें कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन के साथ एल्मो, कुकी मॉन्स्टर, करमिट और मिस पिग्गी जैसे पॉपुलर किरदार नजर आए।



# राकेश ने कहा, अब मेरा चालान मत काटना

**मुंबई।** धुरंधर और धुरंधर 2 के बाद से ही राकेश बेदी इंटरनेट पर सबके फेवरेट बने घूम रहे हैं। हालांकि, इस वक्त वो सिर्फ अपनी एक्टिंग के लिए नहीं बल्कि एक वीडियो को लेकर चर्चा में हैं। दिग्गज एक्टर का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर छाया है, जिसमें उन्हें ट्रैफिक पुलिस के कुछ अधिकारियों ने पहचान लिया है और वे फिल्म 'धुरंधर' में उनके किरदार से याद कर रहे थे। हमेशा की तरह अपने जाने-पहचाने अंदाज में बेदी ने जरा भी हिचकिचाए बिना तुरंत अपने स्वाभाविक मजाकिया अंदाज में कहा, 'अब चालान मत काट देना।' यूट्यूब शो 'द बॉम्बे जर्नी' के नए एपिसोड के एक क्लिप में राकेश बेदी नज़र आ रहे हैं। कैप्शन में लिखा था, 'ऐसा रोज-रोज नहीं होता कि आप ट्रैफिक पुलिस को फैनबॉय बनते हुए देखें!'



# किंग से लीक हुआ अभिषेक का धांसू लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म किंग अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। फिल्म से शाहरुख खान का लुक पिछले साल मेकर्स ने जारी किया था। इसके बाद बीते दिनों शूटिंग के दौरान के फोटो-वीडियो सामने आए थे, जहां शाहरुख के साथ दीपिका नजर आई थीं। अब फिल्म से अभिषेक बच्चन का लुक ऑनलाइन लीक हो गया है। अब ये लुक सोशल मीडिया पर वायरल है। फिल्म को लेकर सामने आई रहीं चर्चाओं के मुताबिक, अभिषेक किंग में विलेन के रूप में नजर आएंगे। ऑनलाइन लीक हुए लुक में भी उनका खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। वायरल हो रही फोटो में अभिषेक बच्चन एक गाड़ी के ऊपर खड़े नजर आ रहे हैं। उनके हाथों में शॉटगन है।

## टीवी मसाला




# छोटे पर्दे पर काम नहीं करना चाहते थे सचिन, 'तू तू, मैं मैं' सीरियल ने बदली सोच

**नई दिल्ली।** हिंदी और मराठी फिल्मों में पिछले कई दशक से सक्रिय अभिनेता सचिन पिलगांवकर ने यूं तो टीवी में प्रतिशोध, तू तोता मैं मैना समेत कई धारावाहिकों में काम किया है। साथ ही कई धारावाहिकों का निर्देशन भी किया है। हालांकि, एक समय था, जब वह टीवी को निचले स्तर का काम समझते थे। उनका सोच बदला धारावाहिक तू तू,मैं मैं की सफलता के बाद। इस बारे में सचिन कहते हैं- मेरे एक दोस्त हैं, श्रेय गुलेरी। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम हमारे लिए धारावाहिक बनाओ। उस समय मैं टीवी माध्यम को थोड़ा निचले स्तर का देखता था, जो कि गलत था। मैंने उनसे कहा कि नहीं यार, टीवी में काम नहीं करना है। मैं फिल्मों में काम करने वाला आदमी हूं, वहीं रहने दो। उन्होंने छह महीने मेरा पीछा नहीं छोड़ा। उनके बार-बार कहने पर मैंने उनके साथ मीटिंग की। तब उन्होंने बताया कि वह बड़े स्तर पर फतांसी धारावाहिक बनाना चाहते हैं। उनके प्रोडक्शन में बना धारावाहिक चंद्रकांता इससे पहले दूरदर्शन पर सुपरहिट हो चुका था। लेखक संजीव कपूर ने कुछ दिनों पहले मुझे सास बहू की एक कहानी सुनाई थी, उसका नाम भी उन्होंने सास बहू ही रखा था।

## आप स्टार कहां हैं..डैडी हैं : कश्मीरा

**मुंबई।** सब कुछ बच्चों के हिसाब से होता है। मां बनने के बाद अभिनेत्री कश्मीरा शाह के लिए जिंदगी कैमरे तक सीमित नहीं रही। उनका हर फैसला बच्चों के आसपास घूमता है। मां बनने के बाद कश्मीरा ने छह साल तक काम से दूरी बनाई थी, लेकिन फिर उन्हें समझ आया कि कामकाजी मां होना जरूरी है। वह कहती हैं कि भले ही कामकाजी महिला को मॉम गिल्ट होता है, मुझे भी है, लेकिन यह अपनी पहचान खोने से बेहतर है। मैंने और कृष्णा (अभिषेक) ने तय किया था कि जब वह काम करेंगे तो मैं नहीं करूंगी, जब मैं करूंगी तो वो घर पर रहेंगे। कृष्णा को मुझसे ज्यादा काम मिल रहा था, मैं बच्चों की परवरिश के लिए कई कामों को मना कर रही थी, लेकिन फिर एक दिन वास्तविकता से सामना हुआ। मैं स्क्वाश खेलकर आई थी, स्पोर्ट्स के कपड़ों में थी। मेरी बिल्डिंग की पार्किंग में कई बार कारपेंटर अपना सामान रख देते हैं। कुछ वर्कर्स मुझे घूर रहे थे। मेरे छोटे बेटे को गुस्सा आया। मैं उससे यह नहीं कह सकती थी कि मैंने शॉर्ट ड्रेस पहनी है, इसलिए शायद वे मुझे देख रहे होंगे। मैंने कहा कि आपकी मां स्टार हैं, इसलिए देख रहे हैं। बेटे ने कहा कि आप स्टार कहां हैं वो तो डैडी हैं।

# कैलोरी के लिए अनुपम को मिला बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड



**मुंबई।** अनुपम खेर ने कनाडाई-भारतीय फिल्म 'कैलोरी' में बेहतरीन अभिनय किया है। फिल्म में शानदार काम के लिए अनुपम को यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2026 की ओर से बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का फ्लेम अवॉर्ड मिला है। इस फिल्म की डायरेक्टर ईशा मरजारा हैं। फिल्म को फेस्टिवल में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड भी मिला है। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर करते हुए लिखा कि 'कैलोरी' में उनका यह रोल उनके करियर की सबसे ज्यादा इमोशनल और मुश्किल परफॉर्मेंस में से एक था। उन्होंने बताया कि यह किरदार असल जिंदगी की कहानियों से प्रेरित था, इसलिए यह उनके लिए बहुत चुनौती भरा और थकाने वाला अनुभव रहा।

अनुपम खेर ने आगे लिखा, 'दशकों तक इंडस्ट्री में काम करने के बाद विदेशी फिल्म के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर तारीफ मिलना बहुत अच्छा लगता है।' इसके साथ ही उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी, खासकर डायरेक्टर ईशा मरजारा और प्रोड्यूसर जो ब्लास को। साथ ही फेस्टिवल की जूरी को भी धन्यवाद कहा। अनुपम को यह सम्मान मिसने की खुशी में कई फिल्मी हस्तियों ने उन्हें बधाई दी है। नीना गुप्ता ने कमेंट में लिखा, 'बधाई हो', अशोक पंडित ने लिखा, 'तहे दिल से बधाई हो खेर साहब।' अनुपम खेर 15 और 16 मई को मुंबई के टाटा थिएटर में अपने नाटक 'जाने पहचाने अनजाने' के साथ स्टेज पर वापसी करने वाले हैं।


# रामायण की रिलीज से पहले रणबीर ने अयोध्या में खरीदी जमीन

**मुंबई।** रणबीर कपूर अब फिल्म रामायण में नजर आने वाले हैं। फिल्म में रणबीर, भगवान राम का किरदार निभाने वाले हैं। अब इस फिल्म की रिलीज के बीच एक्टर को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है जो काफी चर्चा में है। रणबीर ने अयोध्या में द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के एक प्रीमियम रियल एस्टेट प्रोजेक्ट 'द सरयू' में जमीन खरीदी है। इस डील की कीमत लगभग 3.31 करोड़ है। डेवलपर ने बताया कि यह जमीन 2,134 वर्ग फीट की है और यह शहर लग्जरी ब्रांडेड प्लॉटेड डेवलपमेंट की बढ़ती मांग को दिखाता है। यह पूरा प्रोजेक्ट सरयू नदी के किनारे स्थित 75 एकड़ का प्रोजेक्ट है। इसे The Sarayu by HoABL नाम दिया गया है। इसमें एक क्लबहाउस, 35 से ज्यादा लाइफस्टाइल सुविधाएं और पांच एकड़ में फैला शाकाहारी लग्जरी होटल होगा। इसको द लीला चलाएगा। रणबीर कपूर ने कहा, 'मेरा मानना है कि अयोध्या ने मुझे चुना है और मैंने बस इसका जवाब दिया है। अयोध्या हमारे इतिहास में गहराई से बसा हुआ है और हमारी सांस्कृतिक ताने-बाने का एक अहम हिस्सा है।



# 56 सालों से रूठे सजन को मना रहा लता का गाना, आज भी कल्ट है आशा का सॉन्ग

**नई दिल्ली।** आशा पारेख हिंदी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक मानी जाती हैं। अपने सुनहरे एक्टिंग कॅरियर में उन्होंने कई शानदार मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। उनकी इन फिल्मों के कई गाने ऐसे हैं, जो आज के दौर में भी चर्चित रहते हैं। ऐसे ही एक गीत के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, जिसे 56 साल पहले लता मंगेशकर ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। अभिनेत्री आशा पारेख के जिस गाने के बारे में इस लेख में जिक्र किया जा रहा है, वह 1970 में आई फिल्म आन मिलो सजना से नाता रखता है। इस मूवी में राजेश खन्ना और विनोद खन्ना जैसे कलाकारों ने भी अहम भूमिका को निभाया था। आन मिलो सजना उस दौर की सबसे सफल मूवीज में शुमार हुई थी। जिसका एक बड़ा कारण मूवी का तेरे कारण मेरे साजन रोमांटिक गाना बना था। तेरे कारण मेरे साजन... गीत को सुरों की कोकिला लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी और आज रिलीज के 56 साल बाद भी उनका ये सॉन्ग कल्ट माना जाता है। श्रोता इसे सुनना पसंद करते हैं और इस वजह ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है।



## आज फिल्मों और सीरीज का लगेगा मेला, मनोरंजन का मिलेगा डोज

# सिनेमाहॉल में 2 और ओटीटी पर 7 धांसू सीरीज-फिल्मों का होगा कब्जा

*हर शुक्रवार को फिल्ममेकर्स की धड़कने बढ़ी रहती हैं। सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक पर हर फ्राइडे को कोई न कोई ऐसी फिल्म या सीरीज रिलीज होती है, जो दर्शकों को वीकेंड पर बोर होने का मौका नहीं देती। हम अब मई के महीने के तीसरे शुक्रवार में कदम रख रहे हैं और इस वीक न सिर्फ सिनेमाघरों में बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं, बल्कि ओटीटी पर भी सस्पेंस से भरपूर फिल्में और सीरीज मिलने वाली हैं...*



### इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2

जियो हॉटस्टार एक बार फिर से फीयरलेस पुलिस ऑफिसर की दमदार कहानी के सीजन 2 क साथ लौट रहा है। इंस्पेक्टर अविनाश का दूसरा सीजन रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है, जिसमें रणदीप हुड्डा एक बार फिर से अविनाश मिश्रा का दमदार किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे। इस बार अविनाश एक राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार होगा। रिलीज डेट- 15 मई, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार ,जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

### बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन

स्पेनिश क्राइम थ्रिलर बर्लिन के दूसरे सीजन में एक बार फिर से पेड्रो अलोंसो अपने करिश्माई मास्टरमाइंड अवतार में दिखाई देंगी। यह मनी हाइस्ट का प्रीक्वल है। इस बार, बर्लिन लियोनार्डो दा विंची की प्रसिद्ध कृति 'द लेडी विद एन एरमाइन' को चुराने की तैयारी में है। हालांकि, यह चोरी उसे उसके असली मिशन से भटकाने वाली है। रिलीज डेट- 15 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

### पति-पत्नी और वो दो

एक नहीं दो नहीं, इस बार पति प्रजापति की मुसीबत तीन गुना ज्यादा बढ़ने वाली है, क्योंकि इस बार अपनी पत्नी के अलावा दो और खूबसूरत लड़कियों के चक्कर में फंसने वाला है। आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।

### एग्जाम

एग्जाम एक इंटेंस क्राइम ड्रामा सीरीज है, जिसकी कहानी एक यंग लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक बड़े रीजनल पब्लिक सर्विस एग्जाम स्कैम का भांडा फोड़ने के लिए पुलिस ऑफिसर होने का नाटक करती है।

### कर्तव्य

सैफ अली खान नेटफ्लिक्स पर एक नई दिलचस्प क्राइम थ्रिलर फिल्म के साथ लौट रहे हैं। कहानी एक ऐसे पुलिस ऑफिसर की है, जिसकी ड्यूटी में एक बड़े हाई-प्रोफाइल जर्नलिस्ट की मौत हो जाती है। जब पवन मलिक का किरदार निभाने वाले सैफ अली खान इस केस की जड़ तक जाते हैं, तो उसके सामने यह खुलासा होता है कि इस बड़े षड्यंत्र से कोई शक्तिशाली धर्म गुरु जुड़ी हुई हैं।

### इट्स नॉट लाइक दैट

आठ एपिसोड की इस सीरीज में परिवार, दुःख और दूसरे मौके की जटिलताओं को बड़ी ही गहराई से दर्शाया जाएगा। मैल्कम एक विधवा महिला हैं, जिन्होंने तीन बच्चों को अकेले पाला-पोसा है। लॉरी, जिसका अभी-अभी तलाक हुआ है और वह दो किशोरी बच्चों की मां है। कैसे सिंगल पैरेंट होने की वजह से उन्हें जिंदगी में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, यही इसमें दिखाया जाएगा।

### द क्रैश

नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल क्राइम डॉक्यूमेंट्री सीरीज में मैकेंजी शिरिला केस से जुड़े कई शॉकिंग खुलासे होने वाले हैं। जहां ये पता चलेगा कि कार दुर्घटना एक सोची समझी साजिश है। इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज में यह पता चलेगा कि कैसे पूरी प्लानिंग करके शिरिला ने जानबूझकर अपनी कार को दीवार से टकरा दिया।

# खरीफ की 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के लिए आभार माना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को स्वीकृति दी है।



डॉ. मोहन यादव

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णय से अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने किसानों के हित संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाए हैं। मध्यप्रदेश के किसान इन सभी प्रावधानों का लाभ प्राप्त करेंगे।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार**

## प्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित होंगे मध्यप्रदेश व देश के किसानः सीएम



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 में किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत अनेक गतिविधियों आयोजित की जा रही हैं। प्रत्येक माह किसानों के कल्याण के लिए उन्नत यंत्रों की प्रदर्शनियां, किसान हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही किसानों को नई कृषि तकनीक के प्रशिक्षण का लाभ दिलवाया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा फसलों के न्यूनत समर्थन मूल्य में वृद्धि किए जाने से मध्यप्रदेश और देश के किसान प्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित होंगे। उधर केन्द्रीय मंत्रिमंडलीय समिति ने सूरजमुखी बीज के एमएसपी में सबसे अधिक 622 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि के साथ कपास में 557 रुपए प्रति क्विंटल, नाइजर सीड में 515 रुपए प्रति क्विंटल और तिल में 500 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। उत्पादन लागत पर किसानों को अनाजों में सर्वाधिक मूंग में सबसे अधिक 61 प्रतिशत लाभ रहने का अनुमान है। इसके बाद बाजरा और मक्का में 56 प्रतिशत और अरहर में 54 प्रतिशत लाभ का अनुमान है। जहां उड़द में यह प्रतिशत 51 है, वहीं रागी, हाइब्रिड ज्वार और धान में लागत पर 50 प्रतिशत लाभ किसानों को मिलेगा। तिलहन फसलों में मूंगफली, सूरज मुखी के बीज, तिली सोयाबीन, तिल,नायजर सीड और मध्यम रेशे के कपास में किसानों को लागत पर मार्जिन 50-50 प्रतिशत का अनुमान है।

## कोयला-लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को केंद्र की मंजूरी, डॉ. यादव ने पीएम मोदी का जताया आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्र सरकार द्वारा 37 हजार 500 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय से कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ रोजगार सृजन और औद्योगिक निवेश को नई गति देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पृथ्वी की सतह के निकट पाए जाने वाले कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं की प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति दी है। इस योजना के तहत देशभर में 25 परियोजनाएं विकसित की जाएंगी, जिनसे लगभग 50 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना से ऊर्जा क्षमता में वृद्धि होगी तथा कोयला गैसीकरण परियोजनाओं में दीर्घकालिक निवेश की संभावनाएं मजबूत होंगी। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी), यूरिया, अमोनिया और मेथनॉल जैसे उत्पादों के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन कोयले के गैसीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करना है। सरकार ने गैर-विनियमित क्षेत्र लिंकेज नीलामी ढांचे में बड़ा सुधार करते हुए कोयले को सिंथेटिक गैस में परिवर्तित करने वाली परियोजनाओं के लिए कोयला लिंकेज की अवधि 30 वर्ष तक बढ़ा दी है।

**खबर संक्षेप**



### उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर किया सम्मान

**भोपाल।** राजधानी स्थित रानी दुलैया स्मृति आयुर्वेद पीजी महाविद्यालय एवं चिकित्सालय एवं नीमा (छात्र संघ) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बीएएमएस अंतिम वर्ष बैच 2020_21 सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह रानी दुलैया आयुर्वेद सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवानदास सबनानी, विधायक, डॉ. उमेश शुक्ला, प्राचार्य, पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय तथा संस्था के संस्थापक एवं समाजसेवी हेमंत सिंह चौहान, प्राचार्य डॉ. रवि प्रकाश सिंह तथा डॉ. हरेन्द्र भदौरिया, (अध्यक्ष नीमा छात्र संघ) द्वारा किया गया। इस अवसर पर नेहा डे, लितु गिरासे, आशी दुबे, सेजल बोपेचे, अनुष्का कुमारी, तनु बोडखे, तनुश्री भोंडे, उन्नति पाटीदार, यशस्वी महाजन, साक्षी निमाड़े, जयश्री, हर्षदीप माली, नक्षत्रा तांवट, भाव्या गुप्ता, नन्दनी कटारे, अवन्तिका मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, प्रिया दुहारे, प्रगति शमाज़, सोनाली सचान, भारती पाटीदार, संजीवनी पोंडलकर, रिया कछावा, प्रीत जैन, दशज्ञा जैन, नीरज गौतम एवं दीपेन्द्र सिंह का सम्मान किया गया। संस्थापक हेमंत सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### मंत्री करण सिंह ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन के मंत्री करण सिंह वर्मा ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री करण सिंह वर्मा ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

### सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनें विविः परमार

**भोपाल।** विद्यार्थियों का सर्वांगीण हित, हमारी प्राथमिकता है। विद्यार्थियों को सरलता और सुलभता से सुविधाएं उपलब्ध हो, इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। सभी विश्वविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों की अंकसूची, उपाधि एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों की डिजिलॉकर में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही हर विद्यार्थी का स्वयं पोर्टल पर पंजीयन कराते हुए उन्हें उपलब्ध पाठ्यक्रमों में रुचि एवं आवश्यकता अनुसार चयन के लिए प्रेरित कर, शैक्षणिक उन्नयन से जोड़ा जाए। विश्वविद्यालयों के कार्यों का प्रभाव, सामाजिक परिवर्तन की अभिप्रेरणा बने। विवि, सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनें। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को भोपाल स्थित निजी विवि विनियामक आयोग के सभागार में (एनएडी-डिजिलॉकर) एवं स्वयं पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन विषयक कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कही।

**पीएम मोदी की अपील के बाद ईंधन बचत को लेकर वित्त विभाग करेगा सख्ती**

# किराए की महंगी गाड़ियों में आना-जाना कर रहे अधिकारी, हर माह 25 करोड़ खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों के समझदारी से उपयोग की अपील के बाद मध्यप्रदेश सरकार का वित्त विभाग अब ईंधन बचत को लेकर सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। प्रदेशभर में अधिकारियों द्वारा किराए पर लग्जरी वाहन लेने और एक से अधिक गाड़ियों के उपयोग को लेकर वित्त विभाग ने समीक्षा शुरू कर दी है।

जल्द ही पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने के लिए नए निर्देश जारी किए जा सकते हैं। जानकारी के अनुसार प्रदेश में 600 से अधिक लग्जरी वाहन विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किराए पर ले रखे हैं। इन वाहनों पर हर महीने करीब 25 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं, जिससे सरकारी खजाने पर बड़ा वित्तीय बोझ पड़ रहा है।वित्त विभाग ने पहले ही स्पष्ट कर रखा है कि 18 लाख रुपए से अधिक कीमत वाली गाड़ियां अपर मुख्य सचिव और मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी भी किराए पर नहीं ले सकेंगे। इसके बावजूद कई ऐसे अधिकारी, जो इस श्रेणी में नहीं आते, वे 35 लाख रुपए तक कीमत वाली लग्जरी गाड़ियों का उपयोग कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उप संचालक, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त आयुक्त, आरटीओ और तहसीलदार स्तर के अधिकारी भी महंगी एसयूवी और लग्जरी वाहन किराए पर लेकर चल रहे हैं। वित्त विभाग द्वारा बार-बार निर्देश जारी किए जाने के बावजूद नियमों का पालन नहीं हो रहा।

**प्रदेश में 600 से अधिक लग्जरी वाहन विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किराए पर ले रखे**



एआई जनरेटेड फोटो।

**कई जिलों में 35 लाख रुपए कीमत तक के वाहन किराए पर लिए**

बताया गया है कि कई जिलों में 35 लाख रुपए कीमत तक की इनोवा क्रिस्टा जैसी गाड़ियां किराए पर ली गई हैं, जिनका मासिक किराया 50 हजार रुपए से अधिक है। इसी तरह मंत्रालय में पदस्थ कई सचिव और प्रमुख सचिव, जिनके पास एक से अधिक विभागों और निगम-मंडलों का प्रभार है, वे भी दो से तीन वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। नियमों के अनुसार कलेक्टर को एक सरकारी वाहन की पात्रता होती है, लेकिन कई जिलों में कलेक्टर मनरेगा जिला प्रमुख होने के आधार पर अलग से लग्जरी वाहन उपयोग कर रहे हैं। प्रदेश में वर्तमान में 7,147 रिटेल पेट्रोल आउटलेट संचालित हैं। इनके माध्यम से प्रतिदिन करीब 8 हजार किलोलीटर पेट्रोल, 16 हजार किलोलीटर डीजल की आपूर्ति हो रही है।

**सरकार का ई-व्हीकल और कार पूलिंग पर जोर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पश्चिम एशिया संकट के बीच लोगों से पेट्रोल-डीजल का संयमित उपयोग करने की अपील की थी। उन्होंने वर्चुअल मीटिंग, कार पूलिंग और ई-वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही थी। इसी के बाद राज्य सरकार ने भी ई-वाहनों के उपयोग को बढ़ाने और अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

**जल्द निर्देश जारी किए जाएंगेः रस्तोगी**

मध्यप्रदेश के अपर मुख्य सचिव (वित्त) मनीष रस्तोगी ने कहा कि तकनीकी रूप से किसी अधिकारी को दो सरकारी वाहन आवंटित नहीं किए जा सकते। हालांकि किराए के वाहनों के लिए भी स्पष्ट मापदंड और नियम तय हैं। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की बचत और ई-वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

**मंदिरों की संपत्ति पर टिप्पणी करने वालों से श्रीवास्तव ने कहा-**

# देश के मंदिरों का सोना गिनने वाले अपनी हैसियत में रहें, बर्रे के छत्ते में हाथ नहीं डालें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक साल तक सोने की खरीदारी नहीं करने की अपील के बाद देशभर में मंदिरों के स्वर्ण भंडार को लेकर सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई है। कई लोग बड़े मंदिरों में मौजूद सोने का हवाला देते हुए सरकार से उसे अधिग्रहित करने की मांग कर रहे हैं। इसी मुद्दे पर मध्यप्रदेश के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी और वर्तमान राज्य निर्वाचन आयोग अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव ने फेसबुक पोस्ट के जरिए उन लोगों पर निशाना साधा, जो मंदिरों की संपत्ति को लेकर लगातार टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने लिखा कि सिर्फ एक वर्ष सोना न खरीदने को कहा गया तो लोग मंदिरों के सोने की सूची सोशल मीडिया पर घुमाने लगे और सरकार से उसे अधिग्रहित करने की बात करने लगे।



मनोज श्रीवास्तव

**मंदिरों के स्वर्ण भंडार की जानकारी आम लोगों तक उपलब्ध**

श्रीवास्तव ने कहा कि कुछ लोग केवल हिंदू मंदिरों का उल्लेख करते हैं, जबकि अन्य धर्मों के धार्मिक स्थलों की संपत्तियों को लेकर चर्चा नहीं करते। अपनी पोस्ट में उन्होंने अन्य धर्मों के धार्मिक स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी संपत्तियों पर सार्वजनिक चर्चा नहीं होती। मनोज श्रीवास्तव ने लिखा कि हिंदू धर्म की खुली व्यवस्था के कारण मंदिरों के स्वर्ण भंडार की जानकारी आम लोगों तक उपलब्ध रहती है, जबकि अन्य धर्मों की संपत्तियों को लेकर जानकारी नहीं बताई जाती है। उन्होंने चर्च और वक्फ संपत्तियों का भी जिक्र करते हुए कहा कि इनकी पारदर्शिता पर भी चर्चा होनी चाहिए। पोस्ट के अंत में उन्होंने कड़ी टिप्पणी करते हुए लिखा कि ऐसे सज्जनों से मेरा कहना है अपनी हैसियत में रहें। बर्र के छत्ते में हाथ न डालें।

**फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष से की भेंट**

## नयी श्रम संहिता से श्रमिकों, कामगारों, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का भविष्य असुरक्षितः डॉ संजीवा रेड्डी

**जबलपुर।** ऑल इंडिया इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य सभा सदस्य डॉ जी संजीवा रेड्डी से और राष्ट्रीय महासचिव डॉ संजय सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी. सत्यजीत रेड्डी, मध्यप्रदेश इंटक के उपाध्यक्ष रामराज्य तिवारी से दिल्ली स्थित इंटक के राष्ट्रीय मुख्यालय श्रम भवन में मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर के महामंत्री राकेश डीपी पाठक, एनके यादव, उमाशंकर मेहता, अफसार अहमद, गोपाल चौहान, रामेश्वर गांगे सहित अन्य फेडरेशन के साथी गणों ने भेंट की। भेंटवार्ता में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीवा रेड्डी को फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक,एनके यादव, उमाशंकर मेहता और अन्य प्रतिनिधियों ने उनके सकारात्मक प्रयासों के फलस्वरूप दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय इंटक के पक्ष में हुएं निर्णय के लिए बधाई दी और नयी श्रम संहिता लागू होने,निजीकरण, बिजली कंपनियों के भविष्य, संविदा कर्मियों, आउट सोर्स कार्मिकों, कंपनी कैडर कार्मिकों, नियमित कर्मचारियों और पेंशनर्स की समस्यायों के विषय में मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों, प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष से श्रमिको, कामगारों की बेहतरी के लिए श्रम संगठनों की भूमिका और कार्यों के लिए मागदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजीवा रेड्डी ने कहा कि श्रमिकों, कामगारों और विशेषकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की बेहतरी, सुरक्षा और सुरक्षित भविष्य के लिए श्रम संगठनों को और अधिक सुदृढ़ एवं सक्रियता के साथ काम करना होगा क्योंकि नयी श्रम संहिता लागू होने से श्रमिकों, कामगारों और विशेषकर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का भविष्य असुरक्षित है। श्रमिकों के हित व सुरक्षा के लिए नये श्रम संहिता का इंटक संयुक्त मोर्चा के साथ मिलकर पुरजोर,प्रभावी ढंग से विरोध कर रहा है। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक,एन के यादव, उमाशंकर मेहता ने मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर द्वारा संविदा कर्मियों, आउट सोर्स कर्मचारियों, कंपनी कैडर कार्मिकों, नियमित कर्मचारियों और पेंशनर्स के हित में लगातार किए जा रहे प्रयासों, कार्यों की विस्तृत जानकारी रखी। फेडरेशन की पूर्व स्थिति और वर्तमान स्थिति की जानकारी दी।




**हत्या के संदेही और उसके बेटे को पुलिस ने हिरासत में लिया**

# पारिवारिक विवाद के चलते चार लोगों की हत्या से इलाके में मची सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चापा

जिले के गांव भावतरा में बीती रात पारिवारिक विवाद और जमीन संबंधी मामले को लेकर चार लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के संदेही सोनसाय और उसके बेटे गोलू को हिरासत में लिया है। सभी मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल भेजे गए हैं। ग्राम भावतरा निवासी मेदनी प्रसाद कश्यप (70 वर्ष), उनकी पत्नी कांति बाई, नाती पीतांबर (17 वर्ष) और नतनी मोगरा (मुख बाधित) बुधवार रात करीब 9 बजे खाना खाकर सो गए थे। पीछे नया मकान बन रहा था। सुबह लगभग 7:30 बजे जब एक परिजन घर पहुंचा, तो सामने का दरवाजा बंद मिला। उसने पीछे से जाकर देखा तो चारों खाट पर मृत अवस्था में पड़े थे। इसके बाद घटना की सूचना सरपंच के माध्यम से तत्काल पुलिस को दी गई।



**हत्या में प्रयुक्त हथियार पुलिस ने किया बरामद**

फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला और श्वान दल की टीम भी मौके पर पहुंची। श्वान दल ने जांच के दौरान घर के पीछे बाड़ी के रास्ते संदेही सोनसाय के घर का पता लगाया। संदेही के घर पर ताला लगा था, जिसे तोड़ने पर हत्या में प्रयुक्त टांगी बरामद की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि यह मामला पारिवारिक विवाद और जमीन से जुड़ा हुआ है। चारों शव खाट पर थे, जिनमें दादी और मोगरा एक खाट पर सो रहे थे, जबकि दादा और नाती दूसरी खाट पर मृत पाए गए। पुलिस ने सभी आवश्यक सबूत एकत्रित कर आरोपियों से गहन पूछताछ शुरू की है।

**मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा युवक**

# ऑटो के पायदान पर रखकर लाए शव, व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रशासनिक संवेदनहीनता का एक शर्मनाक मामला सामने आया है। एक मानसिक रूप से अस्वस्थ 22 वर्षीय आदिवासी युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए ऑटो के पायदान में रखकर जिला अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद भी परिजनों को शव वाहन नहीं मिला, जिससे उन्हें उसी ऑटो से शव वापस ले जाना पड़ा। मृतक कमलेश गोंड विशेषरा गांव का निवासी था। वह लंबे समय से मानसिक बीमारी से पीड़ित था। इलाज के अभाव में परिजन उसे अस्पताल के बजाय झाड़फूंक के लिए माटी कछार गांव ले जा रहे थे। इसी दौरान युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



***20 किलोमीटर दूर तक लाए शव***

*घटना के बाद पिता ज्ञान सिंह गोंड बेटे के शव को ऑटो के पायदान में रखकर करीब 20 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद भी अस्पताल प्रबंधन या पुलिस ने शव वाहन की व्यवस्था नहीं की। मजबूर परिजन शव को उसी ऑटो में रखकर लगभग 15 किलोमीटर दूर अपने गांव विशेषरा ले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पूरे रास्ते शव का एक हिस्सा ऑटो से बाहर निकला रहा। परिजनों ने बताया कि शव को अस्पताल तक लाने और वापस गांव ले जाने के लिए ऑटो चालक को करीब 2000 रुपये देने पड़े।*

**नंबर प्लेट बदलकर चोरी की कार को बदलने की फिराक में था आरोपी**

# कार मेकेनिक ने डुप्लीकेट चाबी बनाकर कार चोरी की घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

दिल्ली के एक कार मैकेनिक ने रायगढ़ जिले में डुप्लीकेट चाबी बनाकर कार चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी नंबर प्लेट बदलकर चोरी की कार को बेचने की फिराक में था। रायगढ़ पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन की मदद से आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। संदीप कुमार ने छह मई को खरसिया चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी वेन्यू कार क्रमांक सीजी 04 एमटी 7666 घर के सामने से चोरी हो गई थी। थाना खरसिया में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में वाहन को एक होटल तक जाते देखा गया। होटल स्टाफ से पूछताछ में वाहन लाने वाले व्यक्ति की जानकारी मिली। होटल में जमा पहचान दस्तावेजों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस मोहम्मद आमिर तक पहुंची। उसका मोबाइल उपयोग दिल्ली क्षेत्र में पाया गया। आरोपी दूसरे राज्य में कार बेचने की तैयारी में था।



**आरोपी निकला दिल्ली का मैकेनिक**

जांच के दौरान प्रार्थी के जीजा ने बताया कि नवंबर 2025 में उनकी वेन्यू कार दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। इसकी मरम्मत दिल्ली के एक मैकेनिक से कराई गई थी। इसी सूचना के आधार पर प्रधान आरक्षक शिव कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम दिल्ली रवाना हुई। लगातार तीन दिन की पतासाजी के बाद पुलिस ने आरोपी मोहम्मद आमिर को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने डुप्लीकेट चाबी बनाने की बात स्वीकार की।

**मामले में भाजपा की कार्यशैली और सत्ता का दुरुपयोग जिम्मेदार**

शिक्षा व्यवस्था की विश्वनीयता कमजोर हुई

# नीट पेपर लीक मामले में पटवारी ने कहा देश के भविष्य से खिलवाड़ कर रही भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में नीट परीक्षा में कथित धांधली, पेपर लीक मामलों और केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने आरोप लगाया कि देश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों के पीछे भाजपा की कार्यशैली और सत्ता का दुरुपयोग जिम्मेदार है। वहीं, केन-बेतवा परियोजना में विस्थापित आदिवासियों के साथ अन्याय किए जाने का भी आरोप लगाया।




प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते पटवारी, साथ है नायक व पदाधिकारी।

**2017 से 2021 के बीच कई पेपर लीक मामले सामने आए**

पटवारी ने कहा कि नीट परीक्षा में गड़बड़ी कोई नई बात नहीं है। वर्ष 2017 से 2021 के बीच भी कई बार पेपर लीक और धांधली के मामले सामने आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर में जो भी धांधली होती है, वह भाजपा से जुड़े लोगों के संरक्षण में होती है। भाजपा अपने लोगों के स्वार्थ के लिए इस तरह की गड़बड़ियां करवाती है।"

**भाजपा की आदत बन चुकी**

जीतू ने कहा कि मैन्युपुलेशन करना भाजपा की आदत बन चुकी है। देश के युवाओं और विद्यार्थियों के भविष्य को बेचने का काम किया जा रहा है। पटवारी ने दावा किया कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहीं सबसे ज्यादा पेपर लीक की घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने गुजरात में 14 बार, हरियाणा में 5 से 7 बार और उत्तराखंड में 5 बार पेपर लीक होने का जिक्र किया। साथ ही मध्य प्रदेश के व्यापमं घोटाले को याद करते हुए कहा कि भाजपा शासन में शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता लगातार कमजोर हुई है।

**नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत ने की कार्रवाई**

# पेयजल योजनाओं व सीएम हेल्पलाइन शिकायतों में लापरवाही करने पर तीन सीएमओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग की साप्ताहिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पेयजल योजनाओं, स्वच्छ जल अभियान, अमृत 2.0 योजना और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही सामने आने पर तीन मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। कार्रवाई आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे द्वारा की गई।

विभागीय समीक्षा में नगर परिषद विजयपुर के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज शर्मा द्वारा स्वच्छ जल अभियान के क्रियान्वयन में अपेक्षित रुचि नहीं लेने तथा सीएम हेल्पलाइन 181 में दर्ज दूषित पेयजल संबंधी शिकायतों का समयसीमा में निराकरण नहीं करने की बात सामने आई। शिकायतें एल-4 स्तर तक पहुंचने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना माना गया। इसी प्रकार नगर परिषद भांडेर, जिला दतिया में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत संविदाकार को निर्धारित समयावधि में स्वीकृति पत्र (एलओए) जारी नहीं किया गया। इसके चलते योजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब हुआ। मामले में सीएमओ हनुमंत भदौरिया को जिम्मेदार मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की गई।

वहीं नगर परिषद बड़ौनी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत राठौर पर हितग्राही मूलक योजनाओं और स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं करने तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने के आरोप लगे। इसके अलावा 13 मई 2026 को आयोजित विभागीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बिना पूर्व सूचना और सक्षम अनुमति के अनुपस्थित रहने पर भी उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

## पतंजलि के वैज्ञानिकों के परिश्रम से वैश्विक स्तर पर मिली कामयाबी

# पतंजलि का बड़ा शोधः दालचीनी में छिपा है मधुमेह नियंत्रण का प्राकृतिक सूत्र

**अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल 'एल्सवियर' के फूड रिसर्च इंटरनेशनल को भेजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि के वैज्ञानिकों की कई दिनों और रातों की मेहनत रंग लाई जो एक बार फिर वैश्विक स्तर पर चमक बिखेर रही है। पतंजलि के वैज्ञानिकों की ओर से दालचीनी को लेकर किए जा रहे अनुसंधान को अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल एल्सवियर के फूड रिसर्च इंटरनेशनल ने न केवल स्वीकार किया है अपितु इस बात पर भी मुहर लगा दी है कि दालचीनी में मिलने वाले जैव सक्रिय तत्व से मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी को भी नियंत्रित किया जा सकता है।

यह शोध वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद को जहां बड़ा बल देती है, वहीं, मधुमेह के इलाज में दालचीनी की भूमिका को लेकर इलाज के नए आयाम खोल देती है। यानि दालचीनी वायु व पित्त का हरण करके शुक्र और बल के रूप को बढ़ाने वाला होता है वैसे भी हम दालचीनी के गुणों को वर्षों से जानते और समझते आ रहे हैं लेकिन जो पतंजलि के वैज्ञानिकों के पुरुषार्थ से वैश्विक स्तर पर निकलकर सामने आया है और जिसे विज्ञान ने अब मान्यता दे दी है, वह आयुर्वेद में मील का पत्थर साबित होगा।

*पतंजलि के वैज्ञानिकों के पुरुषार्थ से वैश्विक स्तर पर निकलकर सामने आया है*

*मधुमेह के इलाज में दालचीनी की भूमिका को लेकर इलाज के नए आयाम खोल देती है*



### गंभीर बीमारियों में प्राकृतिक समाधान प्रस्तुत

आचार्य ने कहा कि 'हमारा उद्देश्य केवल शोध करना नहीं, बल्कि ऐसे परिणाम देना है जो मानव जीवन की गंभीर बीमारियों में प्राकृतिक समाधान प्रस्तुत कर सकें। दालचीनी पर यह अध्ययन उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रकृति में ही स्वास्थ्य का संपूर्ण समाधान निहित है, और आयुर्वेद उसी प्रकृति के नियमों को विज्ञान की भाषा में प्रस्तुत करता है। दालचीनी पर हुआ यह शोध उसी सत्य को पुनः स्थापित करता है।

दरअसल, दालचीनी को लेकर पतंजलि के वैज्ञानिक लंबे समय से अनुसंधान कर रहे थे। अनुसंधान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी प्रमाणिक तथ्यों को अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल 'एल्सवियर' के फूड रिसर्च इंटरनेशनल को भेजा गया। जहां उन्होंने न केवल पतंजलि के रिसर्च को स्वीकार किया बल्कि उस तथ्य को भी माना, जिसमें पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अपने रिसर्च में दालचीनी से मधुमेह नियंत्रण की बात कही। अंतर्राष्ट्रीय जर्नल ने दालचीनी के जैव सक्रिय तत्वों (बायो एवैलेबिलिटी) व मधुमेह के नियंत्रण में उसकी भूमिका (हाइपोग्लाइसेमिक) व विभिन्न खाद्य पदार्थों के साथ प्रयोग करने पर उसकी प्रभावशीलता के संदर्भ में पतंजलि की ओर से किए गए अनुसंधान को स्वीकार किया है। पतंजलि के वैज्ञानिकों ने दालचीनी के विविध खाद्यान्न के साथ व स्वतंत्र व सुरक्षित उपयोग से संबंधित वैज्ञानिक पहलुओं का विस्तृत विश्लेषण किया गया। जिसका प्रथम बार विश्व के प्रसिद्ध जर्नल ने स्वीकार किया। विदित हो कि फूड रिसर्च इंटरनेशनल जर्नल खाद्य विज्ञान और पोषण के क्षेत्र की विश्व स्तर की प्रतिष्ठित शोध पत्रिका है। इसमें खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, पोषण, जैव सक्रिय तत्व, स्वास्थ्य प्रभाव और खाद्य तकनीक से जुड़े शोध प्रकाशित होते हैं। इस जर्नल में शोध प्रकाशित होना वैज्ञानिक समुदाय में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जाता है क्योंकि यहां प्रकाशित शोध कठोर रिव्यू प्रक्रिया से गुजरते हैं।

# यूडब्ल्यूए ने किया सालाना स्कॉलरशिप का ऐलान

**नई दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने यूडब्ल्यूए इंडिया के जरिए एक अहम स्कॉलरशिप प्रोग्राम का ऐलान किया है। यह भारतीय बाजार में अपने आप में सबसे बड़ी और अहम पहलों में से एक है। इस पहल से यूडब्ल्यूए की उस लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को और मजबूती मिलती है, जिसके तहत वह अलग एकेडमिक, सामाजिक-आर्थिक और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि वाले होनहार स्टूडेंट्स के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त एजुकेशन को ज्यादा आसानी से उपलब्ध बनाना चाहता है। प्रोफेसर अमित चकमा, वाइस-चांसलर, यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि स्कॉलरशिप देने की यह अहम प्रतिबद्धता भारत के प्रति यूडब्ल्यूए की गहरी और अटूट निष्ठा को दिखाती है। हम विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त यूडब्ल्यूए शिक्षा तक पहुंच का विस्तार कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आर्थिक तंगी किसी की भी महत्वाकांक्षाओं की राह में रोड़ा न बने। हमारा लक्ष्य पूरे भारत के प्रतिभाशाली छात्रों को सशक्त बनाना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकें और वैश्विक स्तर पर करियर बनाने के लिए खुद को तैयार कर सकें।


**पश्चिम मध्य रेल**

ई–निविदा सूचना
संख्या DY-CE-C-KURJ-01R-2026
दिनांक 11/05/2026

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/खजुराहो भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदायें आमंत्रित करते हैं।, **निविदा सं.**–DY-CE-C-KURJ-01R-2026, **कार्य का नाम लोकशन सहित**– फ्लेश बट बेल्डिग ऑफ रेल्स बिटबीन खजुराहो टू अजगयढ फाम किमी 146.000 टू किमी –105.000 ऑफ पन्ना–खजुराहो न्यू बी जी रेल लाइन इन कनेक्शन बिद ललितपुर–सिंगरौली न्यू बी जी रेल लाइन प्रोजेक्ट।, **निविदा का अनुमानित मूल्य कीमत (करोड़ में)**– 2.51 करोड़, **बयाना राशि रूपये**– 503200.00, **निविदा खुलने तिथि**– 02/06/2026 (15:00 Hrs), **कार्य की समापन अवधि (माह)**।– 24 माह, ई–निविदा का संपूर्ण विवरण वेबसाइट IREPS (www.ireps.gov.in) पर देखा जा सकता है एवं उप मुख्य अभियंता/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/खजुराहो के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध है। ई–निविदा के अलावा और कोई निविदा मान्य नहीं है। निविदाकार वेबसाइट को निविदा खुलने की तिथि तक लगातार देखते रहे ताकि यदि कोइ शुध्दिपत्र है तो उसकी जानकारी हो सके।

(हस्ता.)
उपमुख्य अभियंता/ निर्माण
पश्चिम मध्य रेल, खजुराहो

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**क्र. सं. 1. निविदा सूचना संख्या: C/01/NAG/2026-2027**
**काम का नाम:** एडीईएन/टीएमआर के अधिकार क्षेत्र में आने वाले मेन और ब्रांच रूट पर लेवल क्रॉसिंग के लिए रोड सरफेस, विकेट गेट, स्पीड ब्रेकर लगाकर लेवल क्रॉसिंग को बेहतर बनाना।
**अनुमानित निविदा मूल्य (रु.)**: 1,69,10,136/- **सुरक्षा राशि (रु.)**: 3,38,200/-

**क्र. सं. 2. निविदा सूचना संख्या: C/02/NAG/2026-2027**
**काम का नाम:** (1) बीआरडी में नए सबस्टेशन पैनल रूम, स्टाफ रूम और स्टोर रूम का कंस्ट्रक्शन, (2) एडीईएन/टीएमआर के तहत टीएमआर में सबस्टेशन के इलेक्ट्रिकल पैनल रूम का एक्सटेंशन और (3) एडीईएन /टी आर./नागपुर के तहत कामठी सबस्टेशन में पैनल रूम, मीटर क्यूबिकल रूम का कंस्ट्रक्शन।
**अनुमानित निविदा मूल्य (रु.)**: 96,95,338/- **सुरक्षा राशि (रु.)**: 1,93,900/-

**क्र. सं. 3. निविदा सूचना संख्या: C/03/NAG/2026-2027**
**काम का नाम:** नागपुर डिवीजन: टीआरओ स्टेशन पर लिफ्ट का प्रोविजन।
**अनुमानित निविदा मूल्य (रु.)**: 1,31,52,174/- **सुरक्षा राशि (रु.)**: 2,63,000/-

ऊपर दिए गए निविदा के लिए, बोलीदाता अपने मूल/संशोधित बोलिया सिर्फ़ **02.06.2026 को 15.00 बजे तक** जमा कर सकते हैं। मैन्युअल ऑफ़र की इजाज़त नहीं है। जानकारी हमारी वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य)
द.पू.म. रेलवे नागपुर
AAA/15/57

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


## दूध महंगा, घी-पनीर-दही ने भी बढ़ाया महंगाई का बोझ

# सांची ने बढ़ाए दूध के दाम, आम आदमी की जेब पर असर, उपभोक्ता नाराज

उपभोक्ताओं को प्रति लीटर दूध पर 2 से 3 रु.अधिक चुकाने होंगे

खर्च में वृद्धि और गर्मी के कारण दूध उत्पादन प्रभावित

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

**आम लोगों पर बढ़ेगा आर्थिक दबाव**



लगातार बढ़ती महंगाई के बीच आम लोगों को एक और बड़ा झटका लगा है। और मदर डेयरी के बाद मध्य प्रदेश के प्रमुख सहकारी दुग्ध ब्रांड सांची ने भी दूध की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें 15 मई 2026 से लागू होंगी। वहीं अमूल दूध की कीमतें 14 मई से बढ़ गई है। कीमतों में बढ़ोतरी के बाद अब उपभोक्ताओं को प्रति लीटर दूध पर 2 से 3 रुपए अधिक चुकाने होंगे। राजधानी भोपाल में भोपाल सहकारी दुग्ध संघ ने विभिन्न श्रेणी के दूध के दामों में बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें लागू होने के बाद आम उपभोक्ताओं की रसोई का बजट और बिगड़ने की आशंका बढ़ गई है। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ द्वारा जारी नई दरों के अनुसार फुल क्रीम दूध (गोल्ड) 500 एमएल 34 रुपए से बढ़कर 35 रुपए हो गया है। फुल क्रीम दूध (गोल्ड) 1 लीटर 67 रुपए से बढ़कर 70 रुपए, स्टैंडर्ड दूध (शक्ति) 500 एमएल 31 रुपए से बढ़कर 32 रुपए, डबल टोंड दूध (स्मार्ट) 500 एमएल 26 रुपए से बढ़कर 27 रुपए और चाह दूध 1 लीटर जो 60 रुपए था वह बढ़कर 62 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

### मिठाई और डेयरी आधारित खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने की संभावना

कारोबारियों का कहना है कि घी, मावा और पनीर महंगे होने से मिठाई कारोबार पर भी असर दिखाई देने लगा है। कई दुकानदारों ने संकेत दिए हैं कि आने वाले समय में मिठाइयों के दाम भी बढ़ सकते हैं। लोगों का कहना है कि सरकार को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमत नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने चाहिए। ताकि आम जनता को राहत मिल सके।विशेषज्ञों का मानना है कि यदि उत्पादन लागत और सप्लाई संबंधी दबाव कम नहीं हुए तो आने वाले महीनों में दुग्ध उत्पादों की कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

दूध रोजमर्रा की जरूरत का सबसे अहम खाद्य पदार्थ माना जाता है। ऐसे में लगातार बढ़ती कीमतों ने मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले से बढ़ती महंगाई के बीच अब दूध पर अतिरिक्त खर्च घर के मासिक बजट को प्रभावित करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि दूध की कीमतों में बढ़ोतरी का असर आने वाले समय में दही, पनीर, घी और मिठाइयों जैसे अन्य दुग्ध उत्पादों पर भी दिखाई दे सकता है। डेयरी क्षेत्र से जुड़े जानकारों के अनुसार पशु आहार महंगा होना , परिवहन लागत बढ़ना, उत्पादन खर्च में वृद्धि और गर्मी के कारण दूध उत्पादन प्रभावित हुआ है जिस कारण से दूध कंपनियों को कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं।

# टाटा पावर का कुल रेवेन्यू 15,962 करोड़ रहा

**मुंबई।** टाटा पावर ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई चौथी तिमाही के नतीजे घोषित किए हैं। कंपनी का मुनाफा (पीएटी) 8 फीसदी बढ़कर 1,416 करोड़ रहा। इस दौरान कंपनी का कुल रेवेन्यू 15,962 करोड़ रहा, जबकि बेहतर कामकाज और सही रणनीति की बदौलत कामकाजी मुनाफा 10 फीसदी बढ़कर 4,216 करोड़ पर पहुंच गया। कंपनी ने इस साल 7 फीसदी ज्यादा 5,118 करोड़ का मुनाफा कमाया है, जो अब तक का सबसे ज्यादा मुनाफा है। साल भर में कंपनी की कुल कमाई 63,681 करोड़ रही, और उसका कामकाजी मुनाफा भी 11 फीसदी बढ़कर 16,090 करोड़ तक पहुंच गया।


**आवश्यकता**

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और रू 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955 (रायपुर/17/मई 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - सिवनी (म.प्र.)**

E-mail ID- modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक /।/997242/खनिज /उ.प./ सिवनी, दिनांक 07/05/2026

**प्रथम सूचना**

**म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री पवन कुमार बिसेन आ0 श्री कमलसिंह बिसेन, नि० अशोक नगर बारापत्थर, सिवनी, तह0 व जि0 सिवनी म0प्र0 द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 23.04.2026 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 08.06.2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन आनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजि | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवनी | सिवनी | अलौनिया | 82/2 | 2.62 हे. | निजी भूमि | बोल्डर, गिट्टी | |
| | | | कुल रकवा | 2.62 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4.यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5.निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

G-12848/26
दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
सहायक खनि अधिकारी
वास्ते कलेक्टर - सिवनी



**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता**
**अपर नर्मदा जोन, बरगी हिल्स, जबलपुर**

Tel.No.0761-2673450 E-mail: ceunz.2010@rediffmail.com
FAX No.0761-2672373

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

निविदा क्रमांक 309/सा/मु.अ./2026, जबलपुर, दिनांक 11/05/2026

निम्नकार्यों की ऑन लाईन निविदा ई-प्रीक्योंरमेंट सिस्टम पार्टल से वेबसाईट **http://mptenders.gov.in** पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार हैः-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा आई.डी. क्रमांक | : | ............................ |
| कार्य का विवरण | : | टर्न-की आधार पर बरगी व्यपवर्तन परियोजना की दांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 63.00 कि.मी. से आर.डी. 104.00 कि.मी. तक विद्यमान डब्ल्यू.बी.एम. सर्विस रोड डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य जिसमें सम्मिलित ओ.एम.सी. पर ग्रेडड स्टोन एग्रीगेट की उपलब्धता, बिछाने, फैलाने एवं काम्पैटिंग कर वेट मिक्स मैकेडम का निर्माण, बिटूमिन इमल्सन (एस.एस.-1) द्वारा प्राईम कोट, बिटूमिन इमल्सन (आर.एस.-1) द्वारा टैंक कोट करना, उपयुक्त प्लान्ट मे मिश्रण कर 20 एम.एम. मोटाई की ओपन ग्रेडेड प्री-मिक्स कार्पेट उपलब्ध कराना, बिछाना एवं रोलिंग करना, बिटूमिनस सतह के रिक्त स्थानों को सील करने हेतु सौल कोट टाईप-बी (ii) बिटूमिन (व्ही.जी.-30) प्रदान करना एवं बिछाना तथा चयनित मिट्टी से सोल्डर का निर्माण करना जिसकी सी.वी.आर. वेल्यू 12 से कम न हो, कार्य में 12 माह की दोष दायित्व अवधि भी शामिल है, साथ ही कार्य पूर्ण होने के बाद संचालन एवं रखरखाव का कार्य सामान्तर रूप से किया जाना शामिल है। (टर्न की बेसिस) |
| अनुबंध की अनुमानित राशि (रु. लाख में) | : | रु. 778.35 लाख (जी.एस.टी. के बिना) |
| धरोहर राशि (रुपएमें) | : | रु. 779000.00 |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपएमें) | : | रु. 20000.00 (नान रिफन्डेबल) |
| निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक | : | 11-05-2026, 17:31 बजे से 30-05-2026, 17:30 बजे तक |
| धरोहर राशि प्रपत्र खोलने का दिनांक | | 02-06-2026, 10:30 बजे |
| कार्य पूर्णता अवधि | : | 12 माह (वषार्काल छोड़कर) |

- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केवल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाईन भुगतान क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट एकाउण्ट के माध्यम से किया जा सकता है।
- निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये उपरोक्त वेबसाईट का अवलोकन करें।

(डी.एल.वर्मा)
मुख्य अभियंता अपर नर्मदा ओन,
बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)

जी-12826/26


## राशिफल

**मेष** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास

**तुला** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** – घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** – पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** – परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** – परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** – वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## गिफ्टिंग ट्रेंड्स में दिलचस्प बदलाव

**नई दिल्ली।** इंस्टामार्ट की मदर्स डे गिफ्टिंग ट्रेंड्स 2026 रिपोर्ट में इस बार भारत के बदलते गिफ्टिंग ट्रेंड्स की दिलचस्प तस्वीर सामने आई है। अब लोग सिर्फ फूलों और चॉकलेट्स तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मां की सेहत और आराम का भी खास ध्यान रख रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस मदर्स डे पर लोगों ने प्रोटीन पाउडर, स्लीप गमीज, मसाजर्स और वेलनेस प्रोडक्ट्स जैसे केयर-आधारित गिफ्ट्स को भी बड़ी संख्या में चुना। रिपोर्ट बताती है कि फूल और चॉकलेट्स अब भी सबसे लोकप्रिय गिफ्ट्स बने रहे। लेकिन इस बार स्वयं की देखभाल के लिए उपहार का ट्रेंड तेजी से बढ़ा। मसाजर्स की मांग में 136 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि ब्यूटी गिफ्ट पैक्स की बिक्री 77 फीसदी बढ़ी। प्रीमियम परफ्यूम्स की मांग में भी 134फीसदी का उछाल देखा गया, जो यह दिखाता है कि लोग अब ज्यादा सोच-समझकर और प्रीमियम गिफ्ट्स चुन रहे हैं।


**रोजगार महानिदेशालय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार**
श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली - 110001


**केंद्रीय रोजगार विनिमय**
**विज्ञापन संख्या - 02/2026**

योग्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) रोजगार अभ्यर्थियों से निम्नलिखित पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं: (1) विशेष कोचिंग (2) 'O' लेवल/ स्तरीय एक वर्षीय आईटी प्रशिक्षण (3) 'O' लेवल / स्तरीय कंप्यूटर हार्डवेयर अनुरक्षण प्रशिक्षण (4) कार्यालय स्वचालन, लेखांकन एवं प्रकाशन सहायक (5) कंप्यूटर अनुप्रयोग एवं व्यवसाय लेखांकन सहयोगी (6) साइवर सुरक्षित वेब विकास सहयोगी कार्यक्रम (7) कंप्यूटर अवधारणाओं पर पाठ्यक्रम (8) कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी की आधारशिला (9) 3D प्रिंटिंग: डिजाइन एवं विकास की मूलभूत अवधारणाएँ, जिसके 01.07.2026 से प्रारम्भ होने की संभावना है।

इच्छुक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) रोजगार अभ्यर्थी www.ncs.gov.in अथवा www.dge.gov.in की "What's New" टैब पर जाकर राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्र (NCSC) for SC/STs में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं (सूची DGE वेबसाइट अथवा NCS पोर्टल पर देखी जा सकती है), जहाँ अभ्यर्थी उपर्युक्त कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक हों। SC/ST हेतु NCSC में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31.05.2026 है। अभ्यर्थियों के केवल एक पाठ्यक्रम हेतु पर ही विचार किया जाएगा। अभ्यर्थी अपनी वरीयता के क्रम में पाठ्यक्रमों का चयन इंगित कर सकते हैं।

cbc 23105/11/0002/2627


## शब्द पहेली - 6226



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत–5
4.जिसे सुनाई न दे–3
6.मां का भाई–2
7.एकमात्र,सिर्फ एक–3
8.अधिकार–2
10.सिर झुकाना–3
11.दुर्घटना–4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ–3
16.राजदार–4
17.राजा की पत्नी–2
18.वीज, वीर्य–2
19.मीठा पेय पदार्थ–4
21.पानी की बूंद–3
22.अवरोध,बाधा–4
24.मैला,अस्वच्छ–3
25.पानी,जल–2
27.पुत्र,लड़का–3
28.लाश,पार्थिव देह–2
29.थकावट–3
30.मन मोहने वाला–5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी–5
2.अस्थमा–2
3.राज्य,सल्तनत–4
4.तन,काया,देह–3
5.रास्ता,मार्ग–2
7.नखरा,भुगतान–2
9.डोली उठाने वाले–3
12.बिजली,विद्युत रश्मि–3
13.भद्रता,नेकनियत –4
15.कमल,पंकज–3
16.बुखरा,ज्वर ताप–4
17.आराम,मदद–3
18.घना वन–3
20.मन को भाने वाला –2,3
21.कथा,गाथा–3
22.कहासुनी–4
23.मनन करना–3
24.शराब–2
26.घोड़ागाड़ी–2
28.बढ़ावा देना–2

**शब्द पहेली-6225 का हल**



## सूडोकू नवताल- 6236

✱✱✱✱✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल- 6235 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |



# समर वैकेशन को ऐसे बनाओ ज्वॉयफुल-मेमोरेबल

बच्चो, तुम्हारे स्कूल में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई होंगी या शुरू होने वाली होंगी। इन लंबी छुट्टियों में कई बार तुम बोर फील करते होगे। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। हम तुम्हें समर वैकेशन के दौरान बोरियत दूर करने के कई मजेदार आइडियाज दे रहे हैं। इससे तुम्हारी समर वैकेशन ज्वॉयफुल ही नहीं मेमोरेबल भी हो जाएगी।

एंज्वॉयमेंट
शिखर चंद जैन

बच्चो, गर्मी की छुट्टियां यानी समर वैकेशन का नाम सुनते ही तुम्हारा मन खुश हो जाता है न! लेकिन इन दिनों तेज धूप की वजह से घर में कैद होने पर बोरियत भी होने लगती है। हम तुम्हें कुछ ऐसे तरीके बता रहे हैं, जिनसे तुम्हारी इस बार की समर वैकेशन न केवल मजेदार, बल्कि यादगार भी बन जाएगी।

## बनाओ मिनी वाटर पार्क

**टेरेस या** छत पर एक रबर टब को पानी से भरकर उसमें छपाक-छपाक खेलो। ठंडे पानी को एक-दूसरे पर फेंकने में मजा आएगा। यह गर्मी भगाने का मजेदार तरीका है। इस खेल में तुम्हारे भाई-बहन या आस-पड़ोस के दोस्त भी शामिल हो सकते हैं। पैरेंट्स की मदद से किसी प्लंबर को बुलाकर, रबर टब और वाटर पाइप लगाने की व्यवस्था करनी होगी। लेकिन ध्यान रखना कि खुली धूप में यह वाटर गेम नहीं खेलना, इससे तबियत बिगड़ सकती है। *

## डेवलप करो गार्डनिंग हॉबी



**इन छुट्टियों** में घर के छोटे से बगीचे या बालकनी के गमलों में नए पौधे लगाओ। पौधों को पानी देना और उनकी देखभाल करना बहुत सुकून देता है। छोटे गमलों में पुदीना, धनिया या फूलों के बीज लगाओ। उन्हें रोज पानी दो और बढ़ता हुआ देखो। यह नेचर के लिए तो अच्छा है ही। ये हॉबी तुम्हें जिम्मेदारी सिखाएगी और नेचर के करीब लाएगी। *

## एंज्वॉय करो बुक्स रीडिंग



**दिन के** समय जब तेज धूप हो तो घर से बाहर खेलने नहीं जा सकते। तब अपने गार्डन में या स्टडी रूम में अच्छी कहानियां, जासूसी बाल उपन्यास या ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ो सकते हो। ग्रुप रीडिंग करोगे तो और मजा आएगा। यह बोरियत मिटाने और ज्ञान बढ़ाने का बेहतरीन तरीका है। इससे तुम्हारी इमेजिनेशन पॉवर भी बढ़ेगी। *

## दोपहर में इनडोर कैंपिंग का मजा

**बाहर धूप** में खेलने नहीं जा सकते तो क्या हुआ? अपने कमरे में चादर और कुशन का इस्तेमाल करके एक टेंट या कैंप जैसा शेप बनाओ। पंखे या एसी के नीचे इस टेंट के अंदर अपने भाई-बहन या घर आए दोस्तों के साथ बैठकर किताबें पढ़ो, कहानियां सुनो-सुनाओ या बोर्ड गेम्स खेलो। यह तुम्हें घर के अंदर ही कैंपिंग का अनुभव देगा। *

## पक्षियों का रखो ध्यान



**गर्मी तो** सभी को लगती है। गर्मी के इस मौसम में बेजुबान पक्षियों को तुम थोड़ी राहत दे सकते हो। अपनी बालकनी, खिड़की या छत पर मिट्टी के बर्तनों में पानी और अनाज के दाने रखो। जब तुम उन्हें पानी पीते, दाना चुगते और चहचहाते देखोगे तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी। *

## बनो स्मार्ट लिटिल शेफ



**इन छुट्टियों** में तुम कुछ मजेदार, आसानी से बनने वाली अपनी कोई फेवरेट डिश बनाना सीख सकते हो। कोशिश करो कि डिश को पकाना न पड़े यानी 'नो-फ्लेम कुकिंग' वाली डिश ट्राई करो। इससे तुमको कुकिंग में गर्मी नहीं लगेगी। फ्रूट चाट, सैंडविच या ठंडी लस्सी बनाना आसानी से सीख सकते हो। इसके अलावा तुम कुल्फी, नीबू-पानी, स्मूदी या चॉकलेट-बिस्किट शेक भी बना सकते हो। अपने बनाए स्वादिष्ट डिशेज खुद भी टेस्ट करो, साथ ही अपने पैरेंट्स, भाई-बहन और फ्रेंड्स को खिलाकर तारीफ पाओ। *



---

डॉली चिड़िया ने एक दिन सोसाइटी की सभी चिड़ियों की मीटिंग बुलाई। इस मीटिंग में सोना चिड़िया ने जो बात रखी, वह सभी चिड़ियों के मान-सम्मान से जुड़ी थी। यह बात कितनी सही थी, इसमें सभी चिड़ियों ने कितनी सहमति प्रकट की? बच्चों को जरूर जानना-समझना चाहिए।

# मान-सम्मान



एआई इमेज

कहानी
विमला रस्तोगी

एक दिन डॉली चिड़िया ने सोसाइटी की सभी चिड़ियों की एक मीटिंग बुलाई। वह सोसाइटी की चिड़ियों की मंत्री है। सोसाइटी के पार्क के एक पेड़ पर मीटिंग रखी गई। समय रखा गया एकदम सुबह का, सूर्य उगते ही, क्योंकि इस समय पूरी सोसाइटी में शांति रहती है। नियत समय सब चिड़ियां आ गईं- सोना, मोना, बिंदु चिड़ियों ने सबको एक डाल पर बिठाया, जो रह गईं, वे पेड़ की आस-पास की डालों पर बैठ गईं। मोना चिड़िया बोली, 'देखो कितनी सुंदर लग रही हैं सभी चिड़ियां एक साथ बैठी हुईं।' बिंदु चिड़िया बोली, 'इस तरह एकसाथ बैठे हुए हमारी एकता दिखाई देती है। एकता में बहुत ताकत होती है।'

मंत्री डॉली चिड़िया ने बताया, 'मीटिंग सभी को यह बताने के लिए बुलाई गई है कि तुम सब अपने घोंसलों को साफ-सुथरा रखो। घोंसलों में साफ-सफाई करते रहना बहुत जरूरी है। यह बात हमें अपने बच्चों को भी समझानी चाहिए।'

'जी, हमने अपने घोंसले साफ कर रखे हैं, साथ ही मजबूत बनाए हैं ताकि जरा सी तेज हवा में उड़ ना जाएं।' सबने एक स्वर में कहा।

'बहुत अच्छी बात है।' डॉली चिड़िया बोली।

'मुझे एक बात कहनी है।' सोना चिड़िया आहिस्ता से बोली।

'कहो-कहो..।' डॉली चिड़िया ने कहा।

सोना चिड़िया बोली, 'हमें उसी घर की छत पर दाना खाने जाना चाहिए, जो हमें मन से, प्यार से दाना डाले, साफ पानी पिलाए...।'

'मतलब..?' छोटी चुन्नी चिड़िया ने पूछा।

सोना ने अपनी पूरी बात समझाई, 'मतलब यह कि कुछ समय पहले एक मकान की छत पर उसका मालिक आता, दाना हाथ में लेकर, मन ही मन कुछ बोलता। मैं सामने पेड़ पर बैठी होती, लगता जैसे हमें बुला रहा है। वह साफ बर्तन में हमारे पीने के लिए पानी रखता। बहुत प्यार से दाना जमीन पर फैलाता, फिर चला जाता। फिर मैं उसकी छत पर अपनी सहेलियों और बच्चों के साथ जाती। दाना चुगती, पानी पीती और अपने घोंसले में आ जाती थी।' 'अच्छा!' मंत्री डॉली चिड़िया गौर से सोना की बात सुन रही थी।

सोना चिड़िया ने आगे बताया, 'कुछ समय बाद मालिक की जगह उसका बेटा आने लगा। वह बुरा-सा मुंह बनाकर जल्दी से दाना फेंकता, पानी का बर्तन गंदा रखता, धोता नहीं। सो हमने वहां जाना छोड़ दिया। मेरे कहने का मतलब यह है, जिस घर में हमारे लिए प्यार, आदर और साफ-सफाई से दाना रखा जाए, बुलाया जाए, हमें वहीं जाना चाहिए। आखिर हम चिड़ियों का भी तो मान-सम्मान है।' 'बड़ी पते की बात कही सोना चिड़िया तुमने।' मंत्री डॉली ने सोना की बात पर सहमति जताई। मीटिंग समाप्त होने की घोषणा करते हुए मंत्री चिड़िया बोली, 'आज की मीटिंग यहीं समाप्त होती है। नोट कर लो डायरी में, मान-सम्मान केवल इंसान का नहीं, हम पक्षियों का भी है।'

सभी चिड़ियों ने सिर हिलाकर सहमति प्रकट की और अपने घोंसलों की ओर उड़ गईं। *

---

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

# मधुमक्खी

चूस-चूस रस फूल-फूल से,
शहद बनाती है मधुमक्खी।
अपनी मस्ती में उड़ जाती,
भुन-भुन गाती है मधुमक्खी।
मीठा-मीठा शहद संजोकर,
छत्ता भरती है मधुमक्खी।
मेहनत का फल मीठा होता,
मेहनत करती है मधुमक्खी।

छेड़छाड़ जो कभी न करता,
उसे न कुछ कहती मधुमक्खी।
लेकिन कहीं चोट पहुंची तब,
कभी न चुप रहती मधुमक्खी।
साथ सभी के काम करें हम,
हमको सिखलाती मधुमक्खी।
शक्ति एकता में होती है,
सबको दिखलाती मधुमक्खी।



## बूझो तो जानें

1
ऊपर से दिखता यह हरा है,
अंदर से होता लाल-लाल।
काले-काले बीज भी इसके,
खाते हैं सब बाल-गोपाल।



2
विटामिन इसमें भरपूर,
फाइबर भी है प्रचुर।
शिमला और कश्मीर का,
चेहरे पर बरसे नूर।

3
तोता कुतरता चाव से,
दिखता पीला और हरा,
बड़नगर का प्रसिद्ध फल,
बूझो इसका नाम जरा।

-नलिन खोईवाल

उत्तर: 1. तरबूज, 2. सेब, 3. अमरूद

## जीके क्विज-205

1. पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
2. हाल ही में किस ऐतिहासिक मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाया गया?
3. हाल में हिमंता बिस्व सरमा किस राज्य के मुख्यमंत्री निर्वाचित हुए?
4. हाल में तैयार हुआ गंगा एक्सप्रेस वे किस राज्य में स्थित है?
5. दिल्ली के लाल किले का निर्माण किसने करवाया था?
6. तमिलनाडु के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
7. साधारण नमक में क्लोराइड के अलावा दूसरा कौन-सा तत्व होता है?
8. कनाडा की राजधानी कहां है?
9. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
10. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-205 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-204 का उत्तर :** 1 विराट कोहली, 2. राजनाथ सिंह, 3. चांदी, 4. रुडयार्ड किपलिंग, 5. 24 अक्टूबर 1945, 6. महात्मा गांधी, 7. कंबोडिया, 8. सी. राजगोपालाचारी, 9. कोलकाता, 10. कैल्शियम

**जीके क्विज-204 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, जिया शिया-रायगढ़, हिमांक-दुर्ग, कबीर-हिसार, रोहित-महेंद्रगढ़, आर्यन- दिल्ली, कनिष्क-रायपुर, हर्षिता-कांकेर, सुमन-बलौदा बाजार, दिव्यम-महासमुंद, संचित-भोपाल

---

कहानी
शिव दयाल

मैना किशमिश खाए, वह भी दादी की कटोरी से चुपके से निकालकर, है ना मजेदार और चौंकने वाली बात! लेकिन मैना यह कारस्तानी करती, मजे से दादी की किशकिश गप्प कर जाती। दादी को जब यह बात पता चली तो उन्होंने जो किया, मैना के मजे हो गए!

# मैना खाती किशमिश



एआई इमेज

चमचम मैना थी थोड़ी चटोरी। हमेशा कुछ नया खाने का उसका जी करता था। बागानों-मैदानों से लेकर कूड़ेदानों तक को छान मारती। अपनी चोंच और पंजों से कुरेद-कुरेदकर कुछ नया जायका ढूंढ़ती फिरती चमचम। कुछ मनपसंद मिलते ही 'चेंओं-चेंओं' करती अपनी सहेलियों को दिखा-दिखाकर, चिढ़ा-चिढ़ाकर, ललचा-ललचाकर निवाले निगलने लगती। और फिर लेती दम से ज्यादा लंबी डकार। सहेलियां कहतीं, 'यह देखो, आज फिर इसकी दावत हो गई!'

चमचम इठलाकर फुर्र-से उड़ जाती।

एक दिन बिजली के तार पर बैठी सुस्ता रही थी चमचम। सामने के मकान की खिड़की थी खुली। चमचम ने सोचा, 'ये जूठन फेंकने वाले लोग आखिर खाते क्या होंगे? चलो देखते हैं आज।'

चमचम मैना चुपके से जा बैठी खिड़की पर। कुर्सी पर बैठी थीं दादी। बिना दांत वाले पोपले मुंह में न जाने क्या चबा रही थीं दादी। आड़ी-तिरछी रेखाओं वाला उनका पूरा चेहरा हिल रहा था जैसे। चबाने में मगन दादी रह-रहकर आंखें बंद कर लेतीं। सामने मेज पर रखी थी कटोरी। कटोरी में थी किशमिश। दादी ने दो-चार दाने उठाए और अपने पोपले मुंह में रख लिया। उसकी लंबी ठुड्डी जोर-जोर से लगी हिलने। यह देखकर चमचम को हंसी आ गई। तभी चमचम को कटोरी नजर आई। किशमिश से भरी कटोरी। चटोरी चमचम के मुंह में पानी भर आया, 'ओह, दादी की यह खुराक होगी मजेदार! चलो चखते हैं।' एक बार उसने देखा दादी को। वह थीं किशमिश चबाने में मगन, रह-रहकर पलकें झपका लेतीं। चमचम से और न रहा गया। पंजों के बल चलकर आखिर कटोरी में चोंच मार ही दी चटोरी ने। दो-चार दाने गटक लिए और दो-चार चोंच में दबाए और झटपट उड़ गई।

चमचम ने पहली बार इतनी मीठी चीज खाई थी, 'वाह! ऐसा अनोखा स्वाद! इसे चबाओ तो, ओह, सचमुच आंखें बंद हो जाती हैं।'

चमचम ने एक और उड़ान भरी और दादी की कटोरी से चोंच भर किशमिश फिर ले आई। आवाज देकर सखियों को भी बुला लिया। कहा, 'तुम्हें एक ऐसी चीज खिलाती हूं कि तुम जीवन भर याद रखोगी।' सखियों ने किशमिश के दाने चखे तो चमचम का लोहा मान लिया। उन्होंने उससे पूछा, 'री चटोरी, तूने यह खजाना पाया कहां से?'

चमचम ने सखियों को दादी की कटोरी वाली बात बताई। सखियों को डर हुआ, 'तो क्या तू अच्छी चीजें खाने के लिए लोगों के घरों में घुसेगी?'

चमचम चटोरी आसमान की ओर चोंच उठाकर बोली, 'ऐसी चीजों के लिए तो थोड़ा-बहुत खतरा मोल लेना ही पड़ता है बहनों।'

इधर दादी की कटोरी से किशमिश घटती चली जा रही थी। उन्हें बड़ा अचरज हुआ, सोचा, 'क्या इस उम्र में मैं इतनी पेटू हो गई हूं?' फिर उन्होंने कटोरी पर नजर रखनी शुरू कर दी। चटोरी चमचम को तो किशमिश की लत पड़ चुकी थी। बिना किशमिश चखे दिन खाली-खाली लगता। एक दिन चोंच भर-भर कर किशमिश गटकते दादी ने उसे देखा तो हैरान रह गईं, 'तो यह है जो रोज मेरी कटोरी की किशमिश चट कर जाती है! ठहर, अभी चखाती हूं मजा!'

दादी चमचम को हुलका कर उड़ाने को हुईं कि सहसा उन्हें हंसी आ गई। चमचम आराम से बैठी ऐसे खा रही थी, जैसे अपने ही घर में हो। दादी अपनी लंबी ठुड्डी पर पतली तर्जनी रखे मुस्कुराती उसे किशमिश चुगते देखती रहीं। मन ही मन दादी बोलीं, 'यह तो सचमुच बड़ी चटोरी मालूम पड़ती है, लेकिन कैसी प्यारी दिखती है! चलो, मैं जो अकेली बैठी किशमिश चबाती रहती हूं, उससे तो अच्छा है, यह भी मेरा साथ देती रहे। एक से दो भले।'


चटोरी चमचम जब अगली बार दादी की खिड़की में घुसी तो ऐन खिड़की पर एक कटोरी देखी और देखे किशमिश के चार दाने! *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

# शांतिदूत गुटर-गूं की कहानी

बच्चो, तुम्हारे लिए एक नई किताब आई है 'शांतिदूत गुटर गूं।' वैसे तो यह एक पिक्चर बुक है, लेकिन तुम इसे एक नन्हा बाल उपन्यास भी कह सकते हो। डॉ. विमला भंडारी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास में तुम एक सफेद कबूतर की जुबानी उसकी कहानी जानोगे। यह किताब कबूतरों की कई जानी-अनजानी बातें सामने लाती है, इस पक्षी के बारे में जानकारी देती है। इसकी कहानी दो बच्चों अनु और बसु की बातचीत से शुरू होती है। वे एक कबूतर को याद करते हैं। कैसे वह 'गुम्म गूं गुटर गूं' करता था, कैसे गर्दन और आंखों की पुतलियां मटकाता था और कैसे आकर उनके कंधों पर बैठ जाता था! कहानी आगे बढ़ती है, एक श्वेत कबूतर उनका दोस्त बन जाता है। वह कबूतरों की विशेषताएं अनु और बसु को खुद बताता है। वह जानकारी देता है- एक देश की राजधानी का सुल्तान अपनी डाक सेवाएं कबूतरों से ही संपन्न कराता था, तो एक देश में डाकिए का समस्त कार्य कबूतर ही करते थे। कबूतरों के बारे में ऐसी कितनी ही जानकारी इस किताब में तुम्हें मिल जाएगी। 'शांतिदूत' के रूप में कबूतर की गाथा द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात आरंभ होती है। लाखों लोगों ने शांति के लिए सार्वजनिक संगठन गठित किए। प्रसिद्ध चित्रकार पाब्लो पिकासो द्वारा बनाए गए जैतून की शाखा लिए श्वेत कबूतर के चित्र को शांति का प्रतीक माना गया। कबूतर एक ऐसा पक्षी है, जिसके माध्यम से शांति संदेश भेजकर कई युद्धों को रोका गया। किताब की लेखिका अपने बाल पाठकों से आग्रहपूर्वक कहती हैं, 'अब तुम्हारा दायित्व है कि युद्ध नहीं, प्रेम चाहिए! यदि संभव हो तो जैतून की शाखा ले आना और युद्ध के स्थान पर शांति का प्रसार करना!' रंगीन चित्रों से सजी, सरल-आत्मीय भाषा एवं रोचक-प्रवाहमय शैली में लिखी गई यह पुस्तक बच्चो तुम्हें खूब पसंद आएगी। *



**किताब:** शांतिदूत गुटर गूं (पिक्चर बुक),
**लेखिका:** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्य:** 175 रुपए,
**प्रकाशक:** इंडिया नेटबुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा

---

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां टेडी बियर से खेलती हुई एक लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1. टेडी बियर की नाक का रंग अलग है। [illegible]

## रास्ता खोजो

बच्चो, चित्र में दिख रहे चीकू खरगोश के सामने तीन रास्ते हैं, जो उसे किताब, फुटबॉल और गाजर तक ले जाएंगे। लेकिन चीकू को भूख लगी है। इसलिए गाजर तक पहुंचने का रास्ता बताकर उसकी भूख मिटाने में मदद करो।



# विराट कोहली बने 14,000 टी-20 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली टी-20 क्रिकेट में 14,000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इस दिग्गज खिलाड़ी ने आईपीएल 2026 के रायपुर में हुए 57वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना 78वां रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। कुल मिलाकर, कोहली यह कारनामा करने वाले सिर्फ छठे बल्लेबाज़ बने हैं। बता दें कि वह आईपीएल में 9,000 से ज्यादा रन बना चुके हैं।

### इस सूची में शामिल हुए कोहली

कोहली टी-20 क्रिकेट में 14,000 रन बनाने वाले विश्व के सिर्फ छठे बल्लेबाज बने हैं। वह अब क्रिस गेल, डेविड वार्नर, एलेक्स हेल्स, जोस बटलर और कीरोन पोलार्ड ही ये आंकड़ा छूने में सफल हुए हैं। बता दें कि गेल ने 463 टी-20 मैचों में 14,562 रन, हेल्स ने 528 मैचों में 14,449 रन, वार्नर ने 439 मैचों में 14,284 रन, पोलार्ड ने 735 मैचों में 14,482 रन और बटलर ने 14,200 रन बनाए हुए हैं।

### *डेविड वार्नर (431 पारी)*

*इस सूची में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 431 पारियों में यह मुकाम हासिल किया था। उन्होंने अपने टी-20 करियर में कुल 439 मैच खेले थे, जिसकी 438 पारियों में 37.29 की औसत और 140.61 की स्ट्राइक रेट से 14,284 रन बनाने में सफल रहे। उन्होंने 10 शतक और 118 अर्धशतक भी जड़े थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 135 का रहा।*



### आईपीएल में 9,000 से अधिक रन बना चुके हैं कोहली

कोहली ने आईपीएल 2026 के दौरान ही लीग में अपने 9,000 रन पूरे किए थे। उन्होंने अपने बेमिसाल करियर में लगभग 40 की औसत के साथ 9,100 से अधिक रन बनाए हैं। वह लीग में 9 शतक और 66 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। आईपीएल में उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 113 रन रहा है। आईपीएल के इतिहास में कोहली के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 8,000 रन भी नहीं बना सका है।

### *विराट कोहली (409 पारी)*

*कोहली ने 409 पारियों में यह मुकाम हासिल किया है। अपने टी-20 करियर में 426 मैचों में उन्होंने 42.25 की औसत और 135.55 की स्ट्राइक रेट से 14,027 रन बनाए हैं। केकेआर के खिलाफ मैच के दौरान, कोहली ने अपना 10वां टी-20 शतक जड़ा। उन्होंने शतकों के मामले में डेविड वार्नर की बराबरी की। टी-20 क्रिकेट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ क्रिस गेल (22) और बाबर आजम (13) ने लगाए हैं।*

### *क्रिस गेल के 423 पारी का रिकॉर्ड तोड़ा*

*कोहली ने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 423 पारियों में 14,000 टी-20 रन पूरे किए थे। गेल टी-20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। 463 टी-20 मैचों में उन्होंने 36.22 की औसत और 144.75 के स्ट्राइक रेट से कुल 14,562 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 22 शतकों के अलावा और 88 अर्धशतक लगाए हैं। वह टी-20 में 1,000 से अधिक छक्के लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं।*

## खबर संक्षेप



### सिंधू और लक्ष्य थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ पांच लाख डॉलर इनामी राशि के थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर में 28 मिनट के भीतर डेनमार्क की अमेली शूल्ज को 21-13, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21-13 से मात दी। सिंधू का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा। वहीं सेन दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे।

### सुपर शतरंज क्लासिक : पहले मुकाबले में फिरोजा से खेलेंगे प्रज्ञानानंदा



**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपर शतरंज क्लासिक के पहले दौर में फ्रांस के अलीरजा फिरोजा से खेलेंगे जो ग्रैंड शतरंज टूर पर इस साल का पहला क्लासिकल टूर्नामेंट होगा। विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने क्लासिकल प्रारूप से नाम वापिस ले लिया था जिसके बाद प्रज्ञानानंदा अकेले भारतीय बचे हैं। उन्हें दस खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में नौ दौर में से पांच में सफेद मोहरों से खेलने का मौका मिलेगा। टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि 350000 डॉलर है जबकि 125000 डॉलर बोनस होगा। पहला पुरस्कार एक लाख डॉलर है।

### एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदकों से चमके अजीत



**गांधीनगर।** अजीत नारायण ने बृहस्पतिवार को यहां पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग में क्लीन एवं जर्क और समग्र दोनों में कांस्य पदक जीते जिससे भारत ने एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चेंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एशिया के बेहतरीन भारोत्तोलकों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए अजीत ने संयम दिखाते हुए क्लीन एवं जर्क में 174 किग्रा और कुल 314 किग्रा का वजन उठाया जिससे भारत को पोडियम में स्थान मिला। इस वर्ग का स्वर्ण पदक कोरिया के वोन जू रि (351 किग्रा) को मिला जबकि चीन के जियान चेन ने 335 किग्रा के वजन से रजत पदक हासिल किया। इस तरह अजीत चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय हैं।

### मुकाबला आज 15 मई को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में रात 7:30 बजे से

## प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी एलएसजी की सीएसके से भिड़ंत आज

एजेंसी ⏭ लखनऊ

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 59वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना चेन्नई सुपरकिंग्स से आज 15 मई को होगा। इस सीजन में एलएसजी ने 11 में से अपने 3 मैच जीते हैं और 8 में शिकस्त झेली है।

वहीं, सीएसके ने 11 में से अपने 6 मुकाबले जीते हैं और 5 में हार का सामना किया है। बता दें कि सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब तक फिटनेस कारणों से कोई मैच नहीं खेल सके हैं। उनके अगले मैच में भी खेलने की उम्मीद नहीं है। वहीं, जेमी ओवरटन भी चोटिल हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में डियान फॉरेस्टर को मौका मिला है।वहीं दूसरी ओर एलएसजी की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। ऐसे में पंत की कप्तानी वाली टीम अपने बचे हुए मैचों को जीतना चाहेगी। एलएसजी के प्रमुख बल्लेबाज एडेन मार्करम इस सीजन में नाम के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। एलएसजी की टीम उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

### बराबरी का रहा है मुकाबला

आईपीएल में दोनों टीमों के बीच अब तक 7 मुकाबले हुए हैं। सीएसके को 3 मैच में जीत मिली है। एलएसजी ने भी 3 मुकाबले अपने नाम किए हैं। एक मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। आईपीएल 2026 की पहली भिड़ंत में सीएसके ने एलएसजी को 5 विकेट से हराया था। इससे पहले आईपीएल 2025 में दोनों टीमें आखिरी बार भिड़ी थी। उस मैच में सीएसके को 5 विकेट से जीत मिली थी।



### कैसा है इकाना स्टेडियम की पिच का मिजाज?

इकाना स्टेडियम की पिच का निर्माण काली मिट्टी से किया गया है। इस पर स्पिन गेंदबाजों को काफी मदद मिलती है। यहां शुरुआत में तेज गेंदबाजों को भी मदद मिलती है, लेकिन समय निकलने के साथ-साथ स्पिनर्स हावी होने लगते हैं। पिछले संस्करण में यहां बल्लेबाजी भी काफी अच्छी हुई थी। पहले 200+ के स्कोर बनने मुश्किल होते थे, लेकिन अब यहां रन बनते हैं। हाउस्टेट के मुताबिक, मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 173 रन है।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजरें

सैमसन ने इस सीजन में 11 पारियों में 53.75 की औसत और 169.29 की स्ट्राइक रेट के साथ 430 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 2 शतक और एक अर्धशतक लगाया। सीएसके के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने 11 पारियों में 19.21 की औसत और 9.20 की इकॉनमी रेट के साथ 19 विकेट लिए हैं। प्रिंस ने 8.17 की इकॉनमी रेट से 16 विकेट चटकाए हैं।

### सीएसके प्लेइंग इलेवन

सीएसके की संभावित एकादशः संजू सैमसन (विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, अकील होसेन, अंशुल कंबोज, मैट हेनरी, नूर अहमद, और मुकेश चौधरी।

### एलएसजी प्लेइंग इलेवन

एलएसजी की संभावित एकादशः मिचेल मार्श, जोश इंग्लिस, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (कप्तान/विकेटकीपर), एडेन मार्करम, अक्षत रघुवंशी, हिम्मत सिंह, शाहबाज अहमद, मोहम्मद शमी, दिग्वेश सिंह राठी, और प्रिंस यादव।

### ये हो सकते हैं इम्पैक्ट सब्स प्लेयर

एलएसजी : मयंक यादव, मुकुल चौधरी, अब्दुल समद, मणिमारन सिद्धार्थ और आवेश खान। सीएसके : प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, आकाश मधवाल और सरफराज खान।

## रनों की बारिश

### जिम्बाब्वे में बना रिकॉर्ड, 50 ओवर में कूट दिए 822 रन




एजेंसी ⏭ जिम्बाब्वे

### जिम्बाब्वे के एक घरेलू टूर्नामेंट में देखने मिला ऐतिहासिक मुकाबला

जहां एक ओर दुनिया के सभी क्रिकेट फैंस की नजरें आईपीएल 2026 के प्लेऑफ रेस पर टिकी हुई हैं। वहीं, दूसरी ओर जिम्बाब्वे क्रिकेट में कुछ ऐसा हो गया, जो इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। दरअसल, जिम्बाब्वे में एक घरेलू टूर्नामेंट के मैच में रनों की बारिश देखने को मिली। एक टीम ने 50 ओवर के मैच में 822 रन ठोक दिए। आमतौर पर 50 ओवर के मैच में 300-350 रन अच्छा स्कोर होता है, जिसे डिफेंड किया जा सकता है। हालांकि यह टूर्नामेंट ऑफिशियल लिस्ट-ए प्रतियोगिता नहीं है। इसकी वजह से ये हैरान कर देने वाले आंकड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज नहीं होंगे। यह ऐतिहासिक कारनामा जिम्बाब्वे के मास्विंगो 50 ओवर फर्स्ट लीग में देखने को मिला। हाल ही में खेले गए मैच में स्कॉर्पियंस क्रिकेट क्लब ने यह रिकॉर्ड बनाया। स्कॉर्पियंस क्रिकेट क्लब के बल्लेबाजों ने 50 ओवर तक ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की।

### एक पारी में ऐसे बने 822 रन....

मास्विंगो 50 ओवर फर्स्ट लीग 2025-26 में स्कॉर्पियंस क्रिकेट क्लब और मीथेन लायंस के बीच मैच खेला गया था। इस मुकाबले में स्कॉर्पियंस क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 822 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसमें तकुंडा मडम्बो ने 143 गेंद पर 302 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसके बाद वे रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन लौट गए। उनके अलावा विनफेड मटेंडे ने सिर्फ 75 गेंद 203 रनों की आतिशी पारी खेली।

## फीफा विश्व कप में पड़ेगी भीषण गर्मी खिलाड़ियों को बचाने सुरक्षा नाकाफी

एजेंसी ⏭ मेक्सिको

दुनिया के प्रमुख वैज्ञानिकों ने फीफा को चेतावनी दी है कि फीफा विश्व कप 2026 के लिए लागू गर्मी सुरक्षा उपाय नाकाफी हैं और इससे खिलाड़ियों की जान पर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। स्वास्थ्य, जलवायु और खेल प्रदर्शन से जुड़े अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने कहा कि फीफा के दिशा-निर्देश मौजूदा वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने लंबे कूलिंग ब्रेक, मैच टालने और अत्यधिक गर्मी में मुकाबले स्थगित करने के लिए स्पष्ट नियम लागू करने की मांग की है।

- विशेषज्ञों ने 28 डिग्री से ऊपर मैच टालने या स्थगित करने का दिया सुझाव

### भीषण गर्मी बन सकता है बड़ा मुद्दा

अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होने वाले टूर्नामेंट में भीषण गर्मी बड़ा मुद्दा बन सकती है। इस्तेमाल होने वाले 16 में से 14 स्टेडियमों में तापमान



खतरनाक स्तर तक पहुंच सकता है। दक्षिणी अमेरिका और उत्तरी मेक्सिको के कई हिस्सों में दिन का तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है, जबकि गर्म लहर के दौरान यह 40 डिग्री तक पहुंच सकता है। तापमान, नमी, हवा और तेज धूप खिलाड़ियों पर गर्मी तनाव का खतरा बढ़ा सकते हैं।

### फीफा ने कही ये बात

फीफा का कहना है कि वह खिलाड़ियों, रेफरी, दर्शकों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा टूर्नामेंट की योजना बनाते समय जलवायु संबंधी जोखिमों का आकलन किया जाता है। फीफा ने इसी कारण हर मैच के दोनों हाफ में अनिवार्य 3 मिनट का कूलिंग ब्रेक लागू किया है, चाहे मौसम कैसा भी हो।

## असम में नए स्टेडियम में होगी इंडियन एथलेटिक्स सीरीज

**नई दिल्ली।** असम के नलबाड़ी जिले के सरियाहतली में बना नया स्टेडियम छह जून को इंडियन एथलेटिक्स सीरीज के सातवें चरण की मेजबानी करेगा। इससे राज्य और आस-पास के इलाकों के एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। इस एकदिवसीय प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में 18 स्पर्धाएं होंगी जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए नौ-नौ स्पर्धाएं शामिल हैं। इसके अलावा जूनियर वर्ग में 10 स्पर्धाएं (पुरुषों और महिलाओं के अंडर-20 वर्ग में पांच-पांच) होंगी। प्रतियोगिता का आयोजन एएफआई के तत्वावधान में असम एथलेटिक्स संघ करेगा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने एक सर्कुलर में कहा, ''यह प्रतियोगिता पहली बार हो रही है इसलिए इससे असम राज्य के अंदरूनी इलाकों के एथलीटों को एथलेटिक्स को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस नए स्टेडियम में एक नया नौ लेन का ट्रैक बनाया गया है जो नलबाड़ी जिला खेल स्टेडियम परिसर का हिस्सा है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के इंग्लैंड के कप्तान होंगे स्टोक्स

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने 4 जून से लॉड्र्स में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। जैक क्रॉली की जगह जेम्स रियू और एमिलियो गे को मौका मिला है। वहीं, ओली रॉबिन्सन की 2 साल से अधिक समय बाद वापसी हुई है। इंग्लैंड की टीम के बेन स्टोक्स टीम के कप्तान होंगे। इंग्लैंड के खिलाड़ी मार्क वुड चोटिल होने के कारण उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, ब्रायडन कार्स भी चोट के कारण टीम से बाहर हैं।

### ऐसी है इंग्लैंड की टीम

इंग्लैंड की टीमः बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, गस एटकिंसन, सॉनी बेकर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, मैथ्यू फिशर, एमिलियो गे, जेम्स रियू, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) और जोश टंग।



### सीरीज का शेड्यूल

इंग्लैंड टीम प्रबंधन ने साफ किया है कि जोफ्रा आर्चर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। ऑर्चर अभी आईपीएल खेल रहे हैं और लंबे समय बाद उन्हें लाल गेंद क्रिकेट के लिए धीरे-धीरे तैयार किया जा रहा है। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट 4 जून से लॉड्र्स में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा टेस्ट 17 जून से द ओवल और तीसरा मुकाबला 25 जून से ट्रेंट ब्रिज में शुरू होगा।

### नाडा की सुनवाई समिति के समक्ष अपना बचाव नहीं रखने पर होगी कार्रवाई

## यशस्वी-शेफाली डोप टेस्ट में रहे अनुपस्थित, मिला नोटिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज शेफाली वर्मा को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा पहली बार डोप टेस्ट में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी किया गया है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, यह नोटिस डोप टेस्ट के लिए निर्धारित स्थानों पर न पहुंचने और अपने ठिकाने की जानकारी न देने के नियम के तहत जारी किए गए हैं।

### दोनों को दिया गया स्पष्टीकरण का मौका

रिपोर्ट के अनुसार, नाडा ने दोनों खिलाड़ियों को स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया गया है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को भी इसकी जानकारी दी है। यह नोटिस नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल इन दोनों क्रिकेटरों के लिए पहली बार दर्ज किए गए ठिकाने संबंधी विफलताओं को दर्शाते हैं। ऐसे में अब इन दोनों खिलाड़ियों को इस असफलता का स्पष्टीकरण देना होगा और उसके बाद उन्हें दोबारा जांच के लिए बुलाया जाएगा।

### *दोनों ही खिलाड़ियों ने नहीं दिया कोई जवाब*

*रिपोर्ट के अनुसार, नाडा ने 18 और 20 फरवरी को दोनों खिलाड़ियों से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन जवाब नहीं दिया। एक बार टेस्ट न देने से डोपिंग नियमों का उल्लंघन नहीं माना जाता। हालांकि, 12 महीने की अवधि में 3 बार टेस्ट न देने पर डोपिंग नियमों का उल्लंघन हो सकता है। यदि कोई खिलाड़ी नाडा की सुनवाई समिति के समक्ष अपना बचाव नहीं कर पाता है तो उसे 2 साल तक के लिए निलंबित किया जा सकता है।*



### *क्या है डोप टेस्ट से संबंधित नियम?*

*नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल एथलीटों को डोपिंग टेस्ट के लिए निर्धारित समय और स्थान बताना अनिवार्य है। डोपिंग नियंत्रण अधिकारी घोषित अवधि में नमूने एकत्र करने के लिए आ सकता है और निर्धारित स्थान पर उपस्थित न होने पर डोपिंग विरोधी नियमों के तहत टेस्ट छूट सकता है। नोटिस के अनुसार, डीसीओ ने 17 दिसंबर को यशस्वी और 7 नवंबर को शेफाली का टेस्ट निर्धारित किया था, लेकिन दोनों ही बताए गए स्थान पर नहीं मिले।*

## ओवरटन की जगह सीएसके में शामिल हुए डियान फॉरेस्टर

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के ऑलराउंडर जेमी ओवरटन इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के बचे हुए सीजन से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह पर सीएसके ने दक्षिण अफ्रीका के डियान फॉरेस्टर को अपने साथ शामिल किया है। फॉरेस्टर पहली बार इस लीग के लिए चुने गए हैं। सीएसके ने गुरुवार 14 मई को आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है। ज्ञात हो कि ओवरटन दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण इंग्लैंड लौट चुके हैं।

*ओवरटन का बाहर होना सीएसके के लिए बड़ा झटका : आईपीएल 2026 में ओवरटन ने 13 मुकाबले खेले हैं और इसकी 13 पारियों में 23.71 की औसत से 14 विकेट अपने नाम किए। उनकी इकॉनमी रेट 9.76 की रही। इस खिलाड़ी ने एक बार 4 विकेट हॉल भी लिया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/18 का रहा है। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 8 पारियों में 37.75 की औसत और 162.36 की उम्दा स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 43* रन रहा है।*




# विधायक संजय पाठक हुए हाईकोर्ट में हाजिर, दो घंटे तक रहे

## हाईकोर्ट जज को फोन करने पर आपराधिक अवमानना के मामले में अगली सुनवाई अब 15 जुलाई को

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में लंबित अपराधिक अवमानना के मामले में गुरुवार को भाजपा विधायक संजय पाठक कोर्ट के समक्ष हाजिर हुए। वे दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कोर्ट में मौजूद रहे। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने उनकी उपस्थिति को रिकॉर्ड पर लेकर मामले की सुनवाई 15 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। 15 जुलाई को दोपहर ढाई बजे मामले की सुनवाई होगी।

कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि विधायक संजय पाठक से संबंधित कंपनी के विरुद्ध अवैध उत्खनन के मामले में हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा ने एक सितम्बर, 2025 को सुनवाई से इनकार कर दिया था। उन्होंने अपने आदेश में कहा था कि विधायक ने उससे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। जिसके कारण वह सुनवाई से खुद को अलग कर रहे है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को प्रशासनिक स्तर पर चीफ जस्टिस के समक्ष भेजने का निर्देश भी दिया था।याचिका में कहा गया था कि विधायक के यह कृत्य न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने तथा गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। न्यायिक कार्य में हस्तक्षेप करना आपराधिक



अवमानना की श्रेणी में आता है। हाईकोर्ट ने विगत दो अप्रैल को भाजपा विधायक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश जारी किए थे। 6 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक की ओर से कोर्ट में पैरवी कर रहे भारत के पूर्व अटॉर्नी जनरल और वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने तर्क दिया कि पाठक ने माफीनामा पेश किया है। उनसे गलती से फोन लग गया था। तर्क दिया गया कि आपराधिक अवमानना में तब दंड का प्रावधान है,जब गलती अक्षम हो या संबंधित व्यक्ति अपनी गलती स्वीकार नहीं करें। भाजपा विधायक ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए बिना शर्त माफी के संबंध में हलफनामा पेश किया है।

### राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि प्रकरण

## हाई कोर्ट ने आदेश-पत्र व दस्तावेज पेश करने दी मोहलत

### याचिका पर अगली सुनवाई 17 जुलाई को नियत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के समक्ष गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई हुई। मामला एमपी-एमएलए कोर्ट, भोपाल के विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा मानहानि के प्रकरण में जारी समन को चुनौती से संबंधित है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच में सुनवाई के दौरान भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह के अधिवक्ता ने बताया कि प्रकरण में जरूरी अधीनस्थ कोर्ट का आदेश-पत्र व दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से आदेश-पत्र व दस्तावेज प्रस्तुत सहमति व्यक्त की गई। लिहाजा, हाई कोर्ट ने मोहलत प्रदान करते हुए अगली सुनवाई 17 जुलाई को निर्धारित कर दी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरु0 एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल में मानहानि का परिवाद दायर किया था। परिवाद में कहा गया था कि 2018 में राहुल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उस समय झाबुआ में हुई चुनावी सभा में राहुल गांधी ने एक भाषण के दौरान कथित तौर पर पनामा पेपर्स लीक का जिक्र करते हुए शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय का नाम लिया था। राहुल गांधी ने तुलना करते हुए कहा था कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ पर कार्रवाई हुई, लेकिन मध्य प्रदेश में ऐसा नहीं हुआ। इस बयान को लेकर कार्तिकेय सिंह चौहान ने इसे अपनी छवि को नुकसान पहुंचाने बताया था। विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा परिवाद की सुनवाई करते हुए राहुल गांधी को समन जारी किया गया था। समन व परिवाद को निरस्त कराने राहत चाहते हुए राहुल गांधी ने हाई कोर्ट की शरण ली थी। उन्होंने आरोपों को नकारते हुए परिवाद को बेबुनियाद बताया। हाई कोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए शिकायतकर्ता का पक्ष सुनने के लिए उन्हें नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने निर्देश जारी किए थे।

# स्टेशन में नैरो गेज भाप इंजन बना आकर्षण का केंद्र

## नई पीढ़ी के लिए गौरवशाली इतिहास बना सैल्फी प्वाइंट

**जबलपुर।** भारतीय रेलवे की समृद्ध विरासत को संरक्षित रखने हेतु पुराने भाप इंजनों, नैरो गेज कोचों एवं वैगनों को हेरिटेज स्वरूप में सुरक्षित रखने की पहल की गई है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को रेलवे के गौरवशाली इतिहास, पुरानी इंजीनियरिंग तकनीकों एवं कार्य प्रणालियों से परिचित कराना है। इसी क्रम में प्रतिवर्ष 18 अप्रैल को "विश्व धरोहर दिवस" मनाकर विरासत संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाती है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल द्वारा नैरो गेज भाप लोकोमोटिव "718 एफ पंकज" को जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक-1 के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में स्थापित किया गया है। वर्ष 1928 में निर्मित यह ऐतिहासिक इंजन भारतीय रेलवे की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है।रेलवे द्वारा किए गए आकर्षक सौंदर्यीकरण एवं रंग-रोगन के बाद यह हेरिटेज इंजन यात्रियों एवं शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गया है। प्लेटफार्म क्रमांक-1 के बाहर स्थित यह स्थल अब एक लोकप्रिय सेल्फी प्वाइंट के रूप में विकसित हो चुका है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री एवं युवा वर्ग फोटो खिंचवाते देखे जा सकते हैं। विशेष रूप से शाम के समय आकर्षक प्रकाश व्यवस्था



के बीच इसकी भव्यता और अधिक निखरकर सामने आती है।

पूर्व में नैरो गेज एवं मीटर गेज रेलमार्गों पर ट्रेनों की गति अपेक्षाकृत कम होती थी, किन्तु गेज परिवर्तन के माध्यम से इन्हें ब्रॉड गेज में परिवर्तित किए जाने से ट्रेनों की गति एवं संचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज भारतीय रेलवे की कई ट्रेनें 160 कि.मी./घंटा तक की गति से संचालित हो रही हैं। कोचों एवं वैगनों में आधुनिक तकनीकी सुधारों के कारण यात्री सुरक्षा एवं यात्रा सुविधाओं में भी निरंतर वृद्धि हुई है। आधुनिक वंदे भारत (टी-18) जैसी ट्रेनें भारतीय रेलवे की तकनीकी प्रगति का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

# दूसरे दिन भी हुई ओबीसी आरक्षण मामले की सुनवाई

**अब 16 जून को होगी बहस**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में गुरूवार को लगातार दूसरे दिन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण से जुड़े प्रकरणों में सुनवाई हुई। सामान्य वर्ग की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी ने दलील दी कि ओबीसी आरक्षण के निर्धारण के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा साहनी और एम नागराज के प्रकरणों के मार्गदर्शी सिद्धांत तय किए हैं। इसके तहत शीर्ष अदालत ने आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी तय की है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अपवादिक स्थिति में कुल आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक हो सकती है, लेकिन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 27 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाते समय विधेयक में ओबीसी वर्ग की प्रदेश में कुल आबादी 27 फीसदी का उल्लेख किया है। वहीं दूसरी ओर सरकार ने अपने जवाब में ओबीसी की कुल आबादी 51 प्रतिशत का शपथ पत्र दिया है। सरकार ने विशेष परिस्थिति का उल्लेख नहीं किया है, इसलिए ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण स्थिर रखे जाने योग्य नहीं है। दलीलें सुनने के बाद चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने अगली सुनवाई 16 जून को निर्धारित की है। सामान्य वर्ग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी, आदित्य संगी, अंशुल तिवारी तथा ओबीसी वर्ग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह एवं वरुण ठाकुर उपस्थित रहे।

# वेयर हाउस की जांच कर कार्रवाई करने निर्देश

**कलेक्टर ने बैठक में खरीदी केन्द्रवार की उपार्जन की समीक्षा**

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने गेहूं उपार्जन में अनियमतताओं की मिलने वाली प्रत्येक शिकायत पर कठोर कार्यवाही के निर्देश उपार्जन से जुड़े अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर श्री सिंह बुधवार को जिला उपार्जन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने खरीदी केंद्र वार गेहूं के उपार्जन, परिवहन और भंडारण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को उपार्जित गेहूं की शत-प्रतिशत मात्रा का गोदामों में सुरक्षित भंडारण करने तथा स्वीकृति पत्रक जारी कर किसानों को भुगतान में तेजी लाने के निर्देश भी दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुये अधिकारियों को खरीदी केंद्रों का नियमित भ्रमण करने तथा खरीदी केंद्र के नोडल अधिकारी से निरंतर संपर्क में रहने की हिदायत दी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे रात में भी खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण करें तथा गड़बड़ी या फर्जीवाड़ा पाये जाने पर दोषियों पर कठोर कार्यवाही करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कुंडम के तहसील के बघराजी खरीदी केंद्र के गेहूं की बोरियों में टैग नहीं लगाए जाने पर खरीदी केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश बैठक में दिये। ज्ञात हो कि बघराजी खरीदी केंद्र का गत दिवस स्वयं कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण किया था तथा किसानों से उपार्जित गेहूँ की बोरियों पर टैग लगा नहीं पाए जाने पर उपार्जन केंद्र प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिये थे। कलेक्टर श्री सिंह ने सिहोरा तहसील के द्वारकाधीश वेयरहाउस में पूर्व वर्षों का भंडारित गेहूँ खराब होने की मिली शिकायत पर शीघ्र जांच करने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश भी उपार्जन समिति की बैठक में अधिकारियों को दिये।

# तेंदूखेड़ा एसडीएम कार्यालय में रिश्वत लेते स्टेनो गिरफ्तार

**जबलपुर।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की जबलपुर टीम ने गुरुवार को तेंदूखेड़ा एसडीएम कार्यालय में कार्रवाई करते हुए एक स्टेनो को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी पर कॉलोनी निर्माण से जुड़ी टीएनसीपी रिपोर्ट भेजने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है।ईओडब्ल्यू के अनुसार तेंदूखेड़ा निवासी संजय राय ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह कॉलोनाइजर हैं और कॉलोनी निर्माण के नक्शे की प्रक्रिया के लिए एसडीएम कार्यालय में स्थल निरीक्षण रिपोर्ट लगाने हेतु आवेदन किया था। आवेदन देने के बाद फाइल में जानबूझकर देरी की जा रही थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस संबंध में एसडीएम कार्यालय के स्टेनो सौरभ यादव से बातचीत की गई, जिस पर उसने काम आगे बढ़ाने के लिए 30 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। ईओडब्ल्यू ने शिकायत का सत्यापन किया। कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्यों की जांच में शिकायत सही पाई गई।




# बांद्रा टर्मिनस-शकूरबस्ती के मध्य स्पेशल ट्रेन 1-1 ट्रिप चलेगी

**जबलपुर।** यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यातायात को क्लियर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा शुक्रवार 22 मई 2026 को बांद्रा टर्मिनस-शकूरबस्ती-बांद्रा टर्मिनस के मध्य स्पेशल ट्रेन का एक-एक ट्रिप संचालन किया जा रहा है।गाड़ी संख्या 09117 बांद्रा टर्मिनस-शकूरबस्ती स्पेशल ट्रेन शुक्रवार 22 मई 2026 को बांद्रा टर्मिनस से 16:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शनिवार को कोटा जंक्शन 05:35 बजे होते हुए उसी दिन दोपहर 15:05 बजे शकूरबस्ती पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09118 शकूरबस्ती-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन सोमवार 25 मई 2026 को शकूरबस्ती से मध्यरात्रि 00:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन कोटा जंक्शन 07:55 बजे होते हुए अगले दिन मंगलवार को सुबह 06:00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में बोईसर, दहानू रोड, सूरत, बडोदरा जंक्शन, दाहोद, रतलाम जंक्शन, कोटा जंक्शन स्टेशनों पर ठहराव लेकर गंतव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन में दो सामान्य श्रेणी, 18 शयनयान श्रेणी सहित कुल 22 कोच होंगे।

# उधना-निजामुद्दीन मध्य स्पेशल ट्रेन 1-1 ट्रिप चलेगी

**पश्चिम मध्य रेल के इटारसी एवं भोपाल स्टेशनों पर ठहराव**

**जबलपुर।** रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्द्येश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 09121/09122 उधना-निजामुद्दीन-उधना के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के इटारसी एवं भोपाल स्टेशनों के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। इस स्पेशल ट्रेन का विवरण इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 09121 उधना-निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन शुक्रवार 22 मई 2026 को उधना से 18:00 बजे प्रस्थान कर निर्धारित मार्ग से होते हुए अगले दिन इटारसी 07:20 बजे एवं भोपाल 09:15 बजे आगमन कर और तीसरे दिन मध्यरात्रि 00:15 बजे निजामुद्दीन पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09122 निजामुद्दीन-उधना स्पेशल ट्रेन रविवार 24 मई 2026 को निजामुद्दीन से रात 21:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन भोपाल 11:30 बजे एवं इटारसी 13:35 बजे आगमन कर और मंगलवार को गंतव्य स्टेशन उधना मध्यरात्रि 00:45 बजे पहुँचेगी।

ठहराव स्टेशन- यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नवापुर, चिंचपाडा, नंदुरबार, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, भोपाल जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी और आगरा कैंट स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल ट्रेन में दो सामान्य श्रेणी, 18 शयनयान श्रेणी सहित कुल 22 कोच होंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240